रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,332.72 / +1,292.92 |
| डॉलर | 83.724 / -0.031 |

**रांची सर्राफा**

| 10 ग्राम | 01 किलो |
|---|---|
| 68,200 | 89,000 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 29 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 177, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस आज...

## देश के लिए पहला पदक जीतने पर मनु को राष्ट्रपति व पीएम ने दी बधाई



मनु भाकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने तिरंगा की शान बढ़ाते हुए पदक प्राप्त करने की शुरूआत कर दी है। महिला शूटर मनु भाकर ने भारत के लिए पहले पदक जीता है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में रविवार को कांस्य पदक पर कब्जा जमा देश का नाम रोशन किया। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व देश के अन्य नेताओं ने उन्हें इसके लिए उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर को हार्दिक बधाई। वह शूटिंग प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

भारत को मनु भाकर पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि कई खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं को प्रेरित करने वाली है। वे कामना करती हैं कि वह भविष्य में उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों को छुएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, यह एक ऐतिहासिक पदक है। एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

### हेमंत सोरेन ने मनु को दी बधाई

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने शानदार खेल से देश के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत को पहला पदक दिलाने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई और जोहार।

### रमिता, बलराज व अर्जून से पदक की उम्मीद

भारत के लिए सोमवार को तीन खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है। रमिता जिंदल महिला 10 मीटर एयर रायफल के फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं अर्जून बबूता भी पुरुष 10 मीटर एयर रायफल के फाइनल में पहुंच गए हैं। दोनों का फाइनल मुकाबला सोमवार को होना है। पुरूष नौकायन एकल फाइनल में बलराज पंवार का भी मुकाबला सोमवार को है। वह नौकायन की किसी भी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंका महिला एशिया कप चैंपियन



**दांबुला।** श्रीलंका क्रिकेट टीम ने महिला एशिया कप 2024 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हरा दिया है। रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए थे। इसके जवाब में श्रीलंका ने यह लक्ष्य 18.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया।

### नई शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ आज

**नई दिल्ली।** चार वर्ष पूर्व देशभर के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जारी की गई थी। सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ है। शिक्षा नीति के चार वर्ष पूरे होने पर शिक्षा मंत्री द्वारा कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। इनमें विभिन्न भारतीय भाषाओं को सीखने में सुविधा प्रदान करने के लिए समर्पित टीवी चैनल, एक तमिल चैनल, प्राइमरी स्कूलों में अध्ययन को मजेदार बनाने के लिए 10 दिन बिना बैग संबंधी दिशा-निर्देश, स्कूलों में तनाव रहित अनुभव, करियर मार्गदर्शन, 500 से अधिक जॉब कार्डों की एक विशाल लाइब्रेरी, ब्रेल और ऑडियो पुस्तकों में एनएमएम और एनपीएसटी और स्नातक विशेषताएं एवं व्यावसायिक दक्षता शामिल हैं।

## 'मन की बात' में बोले, 'मानस' हेल्पलाइन में दें जानकारी

# देश को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करें : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में नशा मुक्त भारत की दिशा में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए 'मानस' हेल्पलाइन पर इससे जुड़ी कोई भी जानकारी साझा करने की अपील की। 'मन की बात' के 112वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को नशा मुक्त बनाने के लिए उनकी सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है, जिसका नाम 'मानस' है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है, जिसमें नशा मुक्ति से जुड़े हुए परामर्श हासिल किए जा सकते हैं। इसके अलावा इस नंबर पर नशे से जुड़ी हुई कोई भी जानकारी साझा की जा सकती है। यह जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को देश-समाज में हो रहे सकारात्मक पहलुओं से अवगत कराते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने बाघ संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में कई ऐसे गांव हैं जहां पर इंसान और बाघ के बीच में कभी टकराव की स्थिति नहीं आती। लेकिन जहां ऐसी स्थिति आती है वहां भी बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक की बात की और लोगों से भारतीय खिलाड़ियों का सोशल मीडिया के माध्यम से उत्साह बढ़ाने की अपील की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड का भी उल्लेख किया, जिसमें भारतीय छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पुणे के रहने वाले आदित्य वेंकट गणेश, सिद्धार्थ चोपरा, दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशील माथुर और गुवाहाटी के आनंदो भादुरी ने देश को यह उपलब्धि दिलाई है। प्रधानमंत्री ने यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में असम के चराईदेउ मैदाम को शामिल किए जाने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव को उनकी कीमती चीजों के साथ अहोम मैदान में रखते थे। पूर्वजों को सम्मान प्रकट करने का यह यूनिक तरीका है। उन्होंने लसित बोरफुकन की सबसे ऊंची प्रतिमा के अनावरण का भी उल्लेख किया।




### जानिए क्या है प्रोजेक्ट परी

प्रधानमंत्री ने मन की बात में प्रोजेक्ट परी से जुड़ी जानकारी भी साझा की। पीएम मोदी ने कहा आप परी सुनकर कन्फ्यूज मत होईएगा, ये परी स्वर्गीय कल्पना से नहीं जुड़ी बल्कि धरती को स्वर्ग बना रही है। परी यानि पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया (प्रोजेक्ट परी) पब्लिक आर्ट को लोकप्रिय बनाने के लिए उभरते कलाकारों को एक मंच पर लाने का बड़ा माध्यम बन रहा है। आप देखते होंगे सड़कों के किनारे, दीवारों पर अंडरपास में बहुत ही सुंदर पेटिंग्स बनी हुई दिखती हैं। ये पेटिंग्स और ये कलाकृतियां यही कलाकार बनाते हैं जो परी से जुड़े हैं। पीएम बोले, इससे जहां हमारे सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता बढ़ती है, वहीं हमारे कल्चर को और ज्यादा पॉपुलर बनाने में भी मदद मिलती है।

## 12वें राज्यपाल बने संतोष कुमार गंगवार को सीएम ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बरेली के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात झारखंड सहित नौ राज्यों के लिए नये राज्यपालों की नियक्ति पर मुहर लगायी। संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का गवर्नर नियुक्त किया गया है। राज्य का बारहवां राज्यपाल बनाए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संतोष कुमार गंगावार को बधाई दी है।



## झारखंड की मुस्कनिया पोटाश खदान सहित 3 की नीलामी रद्द

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार ने तीन महत्वपूर्ण खदानों की नीलामी रद्द कर दी है। इसमें झारखंड की मुस्कनिया पोटाश खदान, जम्मू कश्मीर की लिथियम खदान व तमिलनाडु की ग्रेफाइट खदान शामिल हैं। खान मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि खनिज नीलामी नियमों के अनुसार आवश्यक संख्या में बोलियां नहीं मिलीं। सरकार ने बोलि लगाने वालों की संख्या निर्धारित से कम होने की वजह से नीलामी रद्द की है। मालूम हो कि मंत्रालय की ओर से 14 मार्च को नीलामी के तीसरे चरण में खनिज खदानों की बिक्री शुरू की गई थी। पहले चरण में तीन से कम बोलियां मिलने वाली खदान के लिए भी निश्चित संख्या से काम बोलियां मिलने के कारण उसे रद्द कर दिया गया। मालूम हो कि केंद्र सरकार झारखंड के मुस्कनिया पोटाश माइनंस में रुचि ले रही है। पोटाश खनन के लिए मुस्कनिया-घरेरीयाटोला-बरवारी पोटाश ब्लॉक का उपयोग करने की योजना है। इसके साथ-साथ देश के अन्य राज्यों के 20 सामरिक खनिज ब्लॉकों की भी ई-नीलामी प्रक्रिया केंद्र सरकार ने प्रारंभ की है। इसमें निकेल, कॉपर, ग्रेफाइट, मैगनीज, लिथियम, टाइटेनियम और बॉक्साइट सहित अन्य अयस्क शामिल हैं।



### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### आज | कल




## एक आरोपी गिरफ्तार, 5,200 करोड़ के लेनदेन का खुलासा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार सटोरियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस कड़ी में गुजरात पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कच्छ पुलिस ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में 5,200 करोड़ के लेनदेन का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार महादेव ऐप के डेवलपर भरत चौधरी को कच्छ बॉर्डर रेंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह महादेव बेटिंग ऐप का पार्टनर है। उसे पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वो दुबई से गुजरात के पाटन पहुंचा था।

**महादेव सट्टेबाजी ऐप प्रकरण**

पुलिस को आरोपी के मोबाइल में सट्टेबाजी के लिए 23 आईडी मिली हैं। व्हाट्सएप ग्रुप में सट्टा बाजार के महादेव ऐप के वार्षिक टर्नओवर के खाते से कुल 5,200 करोड़ की राशि का खुलासा हुआ है। साइबर टीम आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## छात्रों की पिटाई पर सीएस और डीजीपी से मांगा जवाब

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पाकुड़ में दो दिन पहले आदिवासी हॉस्टल में पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से आदिवासी छात्रों की पिटाई की थी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी और एसपी को रविवार को नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन दिनों में विस्तृत जानकारी ईमेल या डाक के जरिये मांगी गई है। इस संबंध में आयोग के उपनिदेशक आरके दुबे ने नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि शराब के नशे में धुत एक पुलिसकर्मी घटना से पूर्व आदिवासी हॉस्टल पहुंचा और उसने एक गायब लड़की के हॉस्टल में होने की बात कही थी। इसके बाद संबंधित पुलिस कर्मी ने 150 पुलिस कर्मियों को बुलाकर आदिवासी छात्रों की बेरहमी से पिटाई की। इस घटना में 11 आदिवासी छात्रों के घायल होने की बात कही गई है।

## संताल परगना में 25 से 30 प्रतिशत डेमोग्राफी बदली : आशा लकड़ा

**रांची।** रांची की पूर्व मेयर सह राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि संताल परगना प्रमंडल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। बांग्लादेशी मुसलमान वहां की आदिवासी युवतियों से शादी कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण वहां के आदिवासी समुदाय उनके खिलाफ कुछ भी नहीं बोल पा रहे हैं और ना ही उनके खिलाफ थाना में एसटी केस दर्ज करा पा रहे हैं। आशा लकड़ा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कई उदाहरणों को भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण संताल परगना में 25 से 30 प्रतिशत डेमोग्राफी बदल चुकी है। गोड्डा में पिछले सात माह से एससी/एसटी एक्ट में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ है।



### संताल में डेमोग्राफी चेंज के उदाहरण

- साहेबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित कदमा पंचायत के संथाली उत्तर की मुखिया सोनाली हांसदा है और उनके पति का नाम मोहम्मद आजाद है।
- कदमा पंचायत की मुखिया एंजेलना हांसदा हैं और उनके पति का नाम जैनुल शेख है।
- गोपालडीह पंचायत की मुखिया सुनीता टुडू हैं और उनके पति का नाम समनु शेख है।
- उदवा प्रखंड स्थित दक्षिण बेगमगंज पंचायत की मुखिया ललिता टुडू हैं और उनके पति का नाम उस्मान शेख है।
- राजमहल प्रखंड स्थित लखीपुर पंचायत की मुखिया सुहागिनी सोरेन हैं और उनके पति का नाम सनाउल शेख है।
- सालगाड़ी पंचायत की मुखिया मार्था मालतो हैं और उनके पति का नाम मोहम्मद रहमान विश्वास है।

## इंडिया क्यूआर कोड से ओलंपिक की सुरक्षा भारत और झारखंड



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

खेलों के महाकुंभ ओलंपिक का फ्रांस की राजधानी पेरिस में चल रहा है । हालांकि, इस आयोजन से कुछ घंटे पहले फ्रांस के रेलवे नेटवर्क पर हमला हो गया जिसके चलते दर्शकों को खेल आयोजन वाली जगहों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। सुरक्षा जांच के दौरान 3,900 से ज्यादा लोगों को ओलंपिक आयोजनों में भाग लेने से रोका गया था। फ्रांस ने पिछले कुछ आयोजनों से हटकर इस ओलंपिक का आयोजन किया है। 2016 में रियो डी जेनेरियो या 2012 में लंदन ओलंपिक के दौरान शहर के केंद्र के बाहर एक साथ ओलंपिक पार्क बनाकर कई आयोजनों किए गए थे। इसके बजाय, पेरिस ने 20 लाख आबादी वाले शहर में ही अधिकांश आयोजन हो रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी खेल के मैदान बनाए गए हैं और सीन नदी के करीब उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन ओलंपिक की सुरक्षा को और अधिक कठिन बनाते हैं। 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में कई सुरक्षा चुनौतियां हैं। शहर में बार-बार घातक हमले हुए हैं। यूक्रेन और गाजा में युद्ध के कारण होने वाले प्रदर्शन भी चिंता के विषय हैं। इसके अलावा, ओलंपिक आयोजकों को साइबर हमले की चिंता है।अकेले व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले हमले (लोन वुल्फ अटैक) भी बड़ी चिंता का विषय हैं। हाल ही में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले से फ्रांसीसी अधिकारियों को इस खतरे का एहसास है। ओलंपिक सुरक्षा अभियान में शामिल कुछ लोग इस बात से हैरान थे कि एआर स्टाइल की राइफल से लैस बंदूकधारी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की पहुंच में आ गया था। पेरिस के लिए 10,500 खिलाड़ियों और लाखों पर्यटकों को सुरक्षित रखना बहुत बड़ी चुनौती है। जमीन से लेकर समुद्र और हवा में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सुरक्षा बलों को तैयार किया गया है। 2022 से फ्रांसीसी सशस्त्र बल 2024 ओलंपिक खेलों की सुरक्षा के लिए तैयारी कर रहे थे। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा को देखते हुए फ्रांस की राजधानी में उच्च स्तर के इंतजाम किए गए हैं। 40 देशों से करीब 1900 पुलिस बल बुलाए गए हैं। 18 जुलाई को सुबह पांच बजे से ही पेरिस में आंतरिक सुरक्षा और आतंक रोधी घेरा की व्यवस्था लागू कर दी गई थी। पेरिस की सड़कों पर 40,000 से अधिक अवरोधक (बैरियर) लगाए गए हैं। बगैर क्यूआर कोड के सीन नदी तक प्रवेश वर्जित है। इसके लिए विशेष तौर पर सैकड़ों पुलिस और जेंडरमेरी नाम के गश्ती दल तैनात किए गए हैं।खेलों के लिए 45,000 पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की एक टुकड़ी तैनात की गई है। वहीं इस टुकड़ी की सहायता के लिए 10,000 अतिरिक्त सैनिकों की भी तैनाती की गई है। इन सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पेरिस में सबसे बड़ा सैन्य शिविर स्थापित किया है, जहां से सैनिक शहर के किसी भी ओलंपिक स्थल पर 30 मिनट के भीतर पहुंच सकते हैं। राफेल लड़ाकू विमान, हवाई क्षेत्र की निगरानी करने वाली अवाक्स निगरानी उड़ानें, रीपर निगरानी ड्रोन और शार्पशूटर ले जाने वाले हेलीकॉप्टर पेरिस के आसमान पर नजर रख रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर से लैस कैमरे तैनात किए गए हैं जो किसी भी सुरक्षा जोखिम का पता लगा सकते हैं। छोटे ड्रोन के खतरे का मुकाबला करने के लिए हवा में ही विशेष निगरानी की जा रही है। मुंबई मे पीएम मोदी ने कहा था कि भारत साल 2036 के ओलंपपिक खेलों की मेजबानी के लिए के लिए बोली लगा लगाएगा। इसके लिए गुजरात में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। संसद और मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त किया है और यहां ट्रंप की तरह किसी पूर्व राष्ट्राध्यक्ष पर हमले की संभावना न्यूनतम है पर उपरोक्त सुरक्षा उपायों पर भारत को भी काम करना चाहिए । यहां उल्लेखनीय है कि झारखंड के मंत्रालय और सचिवालय में अभी भी आदिकालीन पास व्यवस्था लागू है जिसका लाभ उठाकर आतंकी संसद परिसर में घुस गए थे,यहां भी क्यूआर कोड वाली सुरक्षा समय की मांग है जिसमें पूरा विवरण पल भर में स्कैन हो जाती है और नकल नहीं की जा सकती ।




## पकरी-बरवाडीह खदान को खान सुरक्षा में शीर्ष सम्मान




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को रविवार को कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रथम पैन इंडिया लेवल माइन सेफ्टी अवार्ड (एमएसए -2024) में बड़ी ओपनकास्ट कोयला खदान श्रेणी में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था जिसका उद्देश्य कोयला, धातु, तेल और गैस क्षेत्रों में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं का प्रदर्शन करने वाली खानों को पहचानना और पुरस्कृत करना था। डीजीएमएस द्वारा गठित एक समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की खदानों को उनकी सुरक्षा प्रथाओं, संभाली गई वार्षिक मात्रा और डीजीएमएस द्वारा आयोजित खान सुरक्षा सप्ताहों में पिछले प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया था। खान के मुख्य निरीक्षक और डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार ने एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) और

शेष पेज 11 पर





### कुरमी/ कुड़मी (महतो) जनजाति समाज के प्रतिनिधियों ने बिहार के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# कुरमी/ कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने की मांग



*नीतीश कुमार समेत सभी मंत्रियों एवं जनता दल यूनाइटेड के नेताओं से सौहार्द पूर्ण वातावरण में बात हुई*

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
बिहार के मुख्यमंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास पुरुष नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री सह झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड प्रभारी, डाक्टर अशोक चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खिरु महतो आदि जनता दल यूनाइटेड के मंत्रियों से पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में झारखंड के कुरमी/ कुड़मी ( महतो) जनजाति समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों संयुक्त रुप से कुरमी/ कुड़मी ( महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने के लिए के ज्ञापन सौंपा , ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रुप से कुरमी/ कुड़मी ( महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा, पुर्वांचल आदिवासी कुड़मी समाज, आदिवासी कुड़मी समाज, कुरमी महासभा झारखंड, कुरमी विकास मोर्चा, कुरमी सेना, झारखंड आदिवासी कुड़मी समाज, टोटेमिक आदिवासी कुड़मी समाज, कुरमी विकास परिषद आदि संगठनों के प्रमुख नेताओं में लालचन महतो, उपेन्द्र नारायण सिंह, हिरालाल शांखवार खिरोधर महतो, निताई चंद्र महतो,मथुर प्रसाद महतो, परमेश्वर महतो, कुमेश्वर महतो बलराम महतो, कैलाश महतो, राकेश महतो सोना लाल महतो आदि झारखंड के सैकड़ों समाज के नेताओं। बंगाल के सुभेन्दु महतो पुरुलिया, कल्याण प्रसाद महतो पुरूलिया फटिक चन्द महतो बांकुड़ा, निवारण चन्द्र महतो बागमुन्डी, चक्रधर माहातो बाकूड़ा फटिक महतो मेदनीपुर आदि शामिल थे। विगत शनिवार को 10 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य उक्त सभी मंत्रियों एवं जनता दल यूनाइटेड के नेतृत्व एवं नेताओं से सौहार्द पूर्ण वातावरण में साकारात्मक बातचित हुई तथा आश्वासन मिला कि झारखण्ड के कुरमी/कुड़मी (महतो) जनजाति को अभिलम्ब अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने केलिए आवाज बुलन्द किया जायेगा।

### खलारी महिला कैथोलिक संघ की सभा नेत्री बनी विनिता तिग्गा व सचिव नीलम टोप्पो

**खलारी।** खलारी शांति नगर स्थित खीस्त राजा चर्च में महिला कैथोलिक संघ का गठन किया गया। अध्यक्षता फादर हिलयारूस तिग्गा ने की। नई महिला कैथोलिक संघ का गठन करने से पूर्व पुरानी कमेटी को भंग किया गया। नई कमेटी में सभा नेत्री विनिता तिग्गा, उपसभा नेत्री मंजुला तिग्गा, तेरेसा तिग्गा, सचिव नीलम टोप्पो, उपसचिव पतरसिया किस्पोट्टा, कोषाध्यक्ष नेहारजनी खलखो, उपकोषाध्यक्ष हारतिया तिर्की, सलाहाकार सदस्यों में एडलिन एक्का, प्रफुल्लित लकड़ा को बनाया गया है। इस मौके पर धर्मप्रांतियों में रांची से अध्यात्मिक सलाहकार सिस्टर दोरितिया, सुशीला तिग्गा, कारोलिना मिंज, मेरी वोनेदिक्ता, भिखारिश्ट महिला संघ से महिला सभा नेत्री ऐलिस कुल्लु, अध्यात्मिक सलाहकार नीलम तिडु, सहित फादर आस्कर टोप्पो, सरोज डुंगडुंग, सुनिता तिग्गा, तेरेसा तिग्गा, पूनम किस्को, माटिलडा तिग्गा, अनुप मुंडा, प्रभा खलखो, उजाला लकड़ा, प्रीतम कुजूर, रश्मि कुजूर, अनमोल डुंगडुंग सहित अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री व कृषि मंत्री से की मुलाकात

# बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम नियमावली संशोधन की मांगी की

*2019 में निजी विद्यालयों के मान्यता को लेकर जटिल नियम बना दिया गया है*

*उपरोक्त मांगों का निराकार करने के लिए मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए विधानसभा पटल पर संशोधन किया जाय*



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/रांची**
झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम और कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम नियमावली के प्रथम संशोधन 2019 में निजी विद्यालयों के मान्यता को लेकर इतना जटिल नियम बना दिया गया है जिसको पूर्ण रूप से लागू करना अंसभव है। कुछ नियम तो मान्यता प्राप्त विद्यालय भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जिसमें जमीन की बाध्यता, सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट से सम्बंधित जमीन को 30 वर्षों का लीज करना, जबकि सरकार के द्वारा मात्र 5 वर्षों का लीज का प्रावधान है। इस तरह के पांच मांग के साथ शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम और कृषि, पशुपालन , आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री दीपिका पांडेय से उपरोक्त मांगों का निराकार करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराते हुए विधानसभा पटल पर संशोधन किया जाय। मंत्री द्वय ने निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार, आलोक बिपिन टोप्पो, रणधीर कुमार कौशिक, सचिदानंद कुमार, मुकेश कुमार सिंह, सुभोजित अधिकारी, अब्दुल बारीक, विनीता पाठक नायक सोनी नायक शामिल थे।

### खलारी डीएवी स्कूल ने नशे के खिलाफ चलाया अभियान

## जागरूकता के लिए बच्चों ने किया नुक्कड़ नाटक



*नशे के खिलाफ एसीसी कालोनी में प्रभात फेरी भी निकली गई बच्चों ने नारे लगाकर एवं गाने गाकर लोगों को जागरूक किया*

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
डीएवी स्कूल खलारी में सीबीएसई द्वारा निर्देशित 'शिक्षा सप्ताह' के अंतिम दिन रविवार को नशे के खिलाफ अभियान चलाया गया। विद्यालय के बच्चों ने खलारी बैंक चौक व श्रीजानकी रमण मंदिर के सामने नुक्कड़ नाटिक प्रस्तुत किया। इसमें बच्चों ने लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। साथ ही बच्चों द्वारा नशे के खिलाफ एसीसी कालोनी में प्रभात फेरी भी निकली गई जिसमें बच्चों ने नारे लगाकर एवं गाने गाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने कहा कि इन छोटे छोटे बच्चों ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है।

### मेलानी नदी के निकट शव बरामद

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के मेलानी नदी के निकट रविवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। देर शाम शव की पहचान लुंडरी निवासी 35 वर्षीय उपेंद्र उरांव के रूप में की गई । मिली जानकारी के अनुसार मेलानी के ग्रामीण जब सुबह नदी की ओर शौच के लिए गए तो उन्होंने नदी किनारे शव को देखा। इसकी सूचना चान्हो पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और देर शाम व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शव की पहचान उपेंद्र उरांव के रूप में हो पाया। उपेंद्र उरांव दो दिन पूर्व ही अपने घर से निकल गया था। परिजन काफी तलाश कर रहे थे पर उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इधर पुलिस का कहना है कि मामले का अभी पूरी तरह से पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जा रही है उसके बाद कुछ कहा जा सकता है। पुलिस पूरी तरह से इसमें जुट चुकी है।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के लोन में फंसती जा रही हैं ग्रामीण महिलाएं

*पहले लुभाकर लोन देते हैं और लोन का किस्त जमा नहीं होता है तो कंपनी के कर्मी प्रताड़ित करने लगते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी कोयलांचल की काफी संख्या में महिलाएं इन दिनों माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के चक्कर में पड़कर कर्जदार बनती जा रही हैं। इन फाइनेंस कंपनियों का पूरा रैकेट क्षेत्र में काम कर रहा है। भोली भाली ग्रामीण महिलाएं इनका शिकार बन रही हैं। लोन देने के बाद कर्ज वसूली का तरीका ऐसा होता है कि लोन लेनेवाले लोग दहशत में जी रहे हैं। पहले तो घर घर जाकर माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के कर्मी भोले-भाले ग्रामीणों (ज्यादातर महिलाएं) को तरह-तरह के प्रलोभन देकर लोन देते हैं। जब समय पर लोन का किस्त जमा नहीं होता है तो कंपनी के कर्मी प्रताड़ित करने लगते है। कंपनियों के कर्मी किस्त जमा नहीं करने वाली महिलाओं को गाली-गलौज, मारपीट से लेकर अभद्र व्यवहार तक करते है। कर्जदार होने के कारण महिलाएं विरोध तक नहीं कर रही हैं। लोन वितरण के लिए कंपनी के कर्मी गांव की ही किसी महिला का सहारा लेते हैं। उसके माध्यम से गांव की महिलाओं का एक समूह बनाकर उन्हें लोन दिया जाता है। एक-एक महिला को 10 हजार से लेकर 3-4 लाख तक का लोन दिया गया है। खलारी चदराधौड़ा निवासी भुक्तभोगी अनिता देवी ने स्थानीय पत्रकारों को कर्ज के चक्कर में प्रताड़ित हो रही अन्य दूसरी महिलाओं की कहानी भी बताई। अनिता देवी ने बताया कि चदराधौड़ा की ही एक महिला गांव की करीब 25 महिलाओं को लोन दिलाई। उक्त महिला ने घर बनाने की बात कह सभी के लोन के रूपए मांग लिए। कही कि थोड़े दिनों में वापस कर देंगी।

### मूलभूत समस्याओं से वंचित है तेतरिया भंडारों के विरहोर, अब तक नहीं आई है बिजली



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भंडारों पंचायत के तेतरिया भंडारों ने आदिम जनजाति (विरहोर) समुदाय के चार परिवार रहते है. जो मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है. उक्त जानकारी भंडारों पंचायत के कांग्रेस अध्यक्ष शमशेर आलम ने कुछ समाजसेवियों संग स्थल निरीक्षण कर दी. उन्होने बताया कि इस क्षेत्र में गुलाब विरहोर, सुरेश विरहोर, मनोज विरहोर व एक अन्य कुल चार विरहोर परिवार अपने परिवार सहित रह रहे हैं. जिनकी संख्या करीब एक से डेढ़ दर्जन के बीच है. सरकार के द्वारा इन्हे दो आवास दिया गया है. परंतु यह सभी झोपड़ी बनाकर रहते है. यह जिस क्षेत्र में रहते है वहां पानी, बिजली की विकराल समस्या है. उन्होंने बताया की बिजली तो आज तक आया है नही है वही पानी के लिए जलमिनार बनाए गए थे, जो फिलहाल कई दिनो से बंद पड़े है. बरसात के दिन है सभी विरहोर अपने परिवार के साथ जंगल झाड़ियों के बीच सोते है. ऐसे में सांप बिच्छू के डंसने का भय बना रहता है. विडंबना यह है कि सरकार विरहोर परिवार को संरक्षित करने के लिए कई योजनाएं चला रही है. पर इन्हे सुरक्षित और सुविधा पहुंचाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि या प्रशासन ने अब तक सार्थक पहल नही किया गया है.
सभी योजनाएं कागजों पर ही देखने को मिल रहे है.

## झारखंड का विभाजन करना चाहती है भाजपा : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झामुमो ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसद में दिये गये बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा को जमकर खोरी खोटी सुनाते हुए कई संगीन आरोप लगाये हैं। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश और समाज में विभाजनकारी राजनीति की नयी बुनियाद भाजपा ने रखी। उसका प्रतिफल बहुत विकट होने वाला है। भाजपा ने जब विधानसभा के लिए



अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की, तो प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दूसरे सह प्रभारी असम के सीएम हिमंत बिश्व सरमा बनाए गए। सुप्रियो रविवार को प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस दिन से हिमंत का यहां प्रवेश हुआ, उस दिन से समाज में धर्म और जाति के नाम पर एक जहर घोला जा रहा है। उस जहर का असर यह है कि पिछले दिनों गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में एक बयान दिया। निशिकांत ने कहा कि झारखंड का संथाल परगना प्रमंडल, बिहार का कोशी प्रमंडल और बंगाल के मालदा और मुशीर्दाबाद जिले को अलग कर यूनियन टेरेटेरी बनाया जाए।

## हिंडालको एलुमिना क्लब में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार को सुबह 9 बजे हिंडालको मुरी के स्वास्थ्य केंद्र एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रांची के संयुक्त तत्वाधान में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का विधिवत उद्घाटन यूनिट के हेड रोहित चौरसिया और मिता चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया तत्पश्चात दोनों ने खुशी पूर्वक रक्तदान भी किया और अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया। यूनिट के एच आर हेड अरुण राय ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान



महादान है। हम लोग रक्तदान कर किसी की जीवन को बचा सकते हैं। बहुत लोगों को जीवन दान भी मिलता है। वही यूनिट हेड रोहित चौरसिया ने रक्तदान करने वालों से कहा कि आपके इस महादान से कई लोगों को नई जिंदगी मिल सकती है। आज के शिविर में 117 लोगों ने रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। रक्तदान से पूर्व सभी का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। सामान्य पाए गए लोगों से ही रक्तदान लिया गया। शिविर का नेतृत्व हिंडाल्को के ओएचसी टीम, सीएमओ डॉक्टर सौरभ घोष, अस्पताल प्रशासक सुनील सिंह, लैब टेक्नीशियन कौशल एवं परिमल, सीएसआर टीम के भरत सिंह ने किया।

### मस्जिद-ए-उमर बहेरा टोली की बुनियाद में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** डॉ. परमेश्वर भगत ने आज मांडर प्रखंड के बहेराटोली में एक नई मस्जिद की बुनियाद में शामिल होकर धार्मिक सद्भावना का प्रतीक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने समुदाय की एकता और सामाजिक समरसता पर बल दिया। समारोह में स्थानीय नागरिकों और धर्मगुरुओं ने उनकी इस पहल की सराहना की। उन्होंने मस्जिद के निर्माण को सामाजिक और धार्मिक सौहार्द का अहम कदम बताया। इस प्रकार, डॉ. भगत ने अपने योगदान से समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। मौके पर मुख्य रूप से मौलाना रफीक साहब, जिला परिषद् प्रतिनिधि रबुल अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**आस्था**

### 160 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ वितरण

# 'राधिकादास जी महाराज का पदचिन्हों पर चलने की जरूरत'

*महाराज के जन्मदिवस पर संस्था के सदस्यों ने भजन संकीर्तन का आयोजन किया*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को ब्रह्मलीन स्वामी श्री राधिकादास जी महाराज के 102 वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्यों ने भजन संकीर्तन कर के गुरू जी महाराज का जन्मदिवस बहुत ही धूमधाम पूर्वक मनाया गया। राधिकादास जी महाराज का पूरा जीवन लोगों की सेवा में ही लगा दी। निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम) सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) को गुरु जी महाराज के जन्मदिवस पर सजाया गया था। आज गुरूजी राधिकादास जी महाराज के जन्मदिवस पर संस्था के सदस्यों के द्वारा भजन संकीर्तन कार्यक्रम में मनीष सोनी, सज्जन पाडिया, निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया एवं सिता देवी शर्मा के द्वारा प्रस्तुत किए गये। आज निमार्णाधीन मंदिर परिसर में आये हुए लगभग 1500 से जयादा महिला-पुरुष बच्चों एवं संस्था के सदस्यों के बीच 160 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण संस्था कि वरिष्ठ सदस्या बिमला जालान चंदा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल की देखरेख में संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। ब्रह्मलीन स्वामी श्री राधिकादास जी महाराज का जन्म 29 जुलाई 1922 को भिवानी (हरियाणा) के जुई गांव में हुआ था। स्वामी राधिकादास जी 10 वर्ष की आयु में ही घर परिवार को त्याग दिये और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी क्षेत्र कालिम्पोंग पहुंचकर ध्यान साधना शुरू की स्वामी जी समाज सेवा में भक्ति खोजते थे।

### पिटो प्रतियोगिता का आयोजन

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी में शनिवार को मुंडारी भाषा विभाग की ओर से एक दिवसीय इंटर सेमेस्टर वाइज पारंपरिक खेल पिटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2, यूजी सेमेस्टर 3 और पीजी सेमेस्टर 2 की कुल तीन टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2 की टीम विजय रही। यूजी सेमेस्टर 3 को द्वितीय स्थान मिला और पीजी सेमेस्टर 2 की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी बड़े ही उत्साह के साथ शामिल हुए। पुरस्कार वितरण बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जे. किड़ो ने किया। इस अवसर पर मुंडारी भाषा विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सावित्री कुमारी, प्रोफेसर वासुदेव हस्सा, प्रोफेसर कालीचरण मुंडू, डॉक्टर सिजरेन सुरीन, जावरा तिडू, नागपुरी विभाग के डॉक्टर कोरनेलियस मिंज सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे ।

### दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स संपन्न, विजेता हुए सम्मानित

# स्पोर्ट्स डे : एमके सिन्हा ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में चल रहे दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर स्तर का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के 929 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डीएवी कपिल देव, गांधीनगर, सेक्टर -4 बोकारो, आनंद स्वामी, भंडारीदह, तेनुघाट, चतरा, टंडवा , बचरा तथा नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स जोन बीके एआरओ एमके सिन्हा ने अपने भाषण में बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने विजयी खिलाड़ियों को जोनल स्तर पर खेलने की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे : वॉलीबॉल अंडर 14 (लड़कों) प्रथम नीरजा सहाय द्वितीय भंडारीदा, अंडर 14 (लड़कियों) प्रथम नीरजा सहाय, अंडर 17 (लड़कों ) प्रथम नीरजा सहाय, द्वितीय बोकारो सेक्टर -4, अंडर 17 (लड़कियों) प्रथम नीरजा सहाय। इसके अलावा खो-खो, योगा, जूडो, कराटे, उसू आदि खेलों में नीरजा सहाय का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। सात खेलों में श्रेणी के अनुसार 42 इवेंट हुए। दो दिनों तक 1200 शिक्षक -शिक्षिका सहित खिलाड़ी एस्कॉर्ट सभी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सात खेलों में नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने कुल 101 स्वर्ण, 22 रजत और 14 कांस्य पदक हासिल किए ।

## श्री राणी सती मंदिर में सावन सिंधारा महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

# 13 नवविवाहित जोड़ों ने किया श्री दादी जी का मंगल सिंधारा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। श्री राणी सती मंदिर कमेटी, रांची के तत्वावधान में स्थानीय श्री राणी सती मंदिर परिसर में दादी जी का सावन सिंधारा उत्सव रविवार को बहुत धूमधाम से मनाया गया।

मंदिर प्रांगण में प्रातः सात बजे महोत्सव संयोजक दिनेश टेकरीवाल ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गणेश पूजन कर उत्सव का शुभारंभ किया एवं अखंड ज्योत प्रज्वलित किया। इसके बाद दादी जी का मंगल पाठ एवं सिंधारा प्रारम्भ किया गया।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान ने बताया कि प्रातः आठ बजे 501 सुहागिन महिलाओं द्वारा परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में मंगल पाठ किया गया। विमल झुनझुनवाला ने बताया कि इस अवसर पर दादी जी की नयनाभिराम झांकी बनाई गई, जिसमें श्री छिन्नमस्तिका मंदिर (रजरप्पा) का प्रारूप दिखाया गया है एवं दादी जी को झूलन में दर्शाया गया है। महोत्सव सह संयोजक अक्षय हरलालका एवं दीपक गोयनका ने बताया कि रात्रि साढ़े आठ बजे आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रतन जालान, भानु प्रकाश जालान, अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल के अलावे दिनेश टेकरीवाल, अक्षय हरलालका, दीपक गोयनका, विमल




झुनझुनवाला, विकाश बंसल, अमर चौधरी, सौरभ सरावगी, विभोर डागा, श्याम अग्रवाल, आयुष नारसरिया, गुड्डू सिंघानिया, गौतम अग्रवाल, अंकुर डागा, किशन मोदी, पवन शर्मा, पवन जालान, प्रदीप नारसरिया, मनोज जालान, प्रदीप लोहिया, चंद्रकांत झुनझुनवाला, आशुतोष खेतान, लोकेश जालान, तरुण सराफ, पुलकित अग्रवाल, अमर पोद्दार, रमेश अग्रवाल, संतोष मोदी, बिनू ठक्कर, सुमित महलका, संजय केडिया, राजेश शर्मा, गौरव कटारुका, विकाश अग्रवाल आदि भक्तों नें अपना अमूल्य योगदान दिया।

### हरि सत्संग समिति के भाई-बहनों ने किया सुंदरकांड का पाठ

सुंदरकांड संयोजक अक्षय हरलालका ने बताया कि दिन में एक बजे से हरि सत्संग समिति के भाई-बहनों ने सुंदरकांड का पाठ किया। तत्पश्चात भजन सकीर्तन श्री राणी सती मंदिर के नवमी कीर्तन मंडली द्वारा संध्या चार बजे से भजनों की मधुर गंगा प्रवाहित की गई, जिससे सभी दादी भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। संध्या साढ़े चार बजे से दादी जी का गजरा उत्सव तेरह विवाहित जोड़ों द्वारा मनाया गया। तत्पश्चात संध्या छह बजे से 13 नवविवाहित जोड़ों द्वारा श्री दादी जी का मंगल सिंधारा किया गया तथा दादी भक्तों द्वारा श्री दादी जी को नैवेद्य भोग अर्पित किया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### मेकॉन को मिला जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड

**रांची।** मेकॉन को वर्ष 2024 के लिए जल संरक्षण कंपनी श्रेणी में प्रतिष्ठित जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड से नवाजा गया है। दिल्ली में आयोजित समारोह में मेकॉन के निदेशक परियोजना पीके दीक्षित ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। मेकॉन ने वर्ष की जल संरक्षण कंपनी श्रेणी के लिए अपना नामांकन किया था। जिसमें एनएमडीसी-नगरनार में सीजेडएलडी प्लांट, आरएसपी-राउरकेला में जेडएलडी का कार्यान्वयन, जेएसडब्ल्यू तारापुर में जेडएलडी के साथ ईटीपी और बीएसएल-बोकारो के सीआरएम-थ्री कॉम्प्लेक्स में जेडएलडी के साथ अन्य ट्रीटमेंट संयंत्र जैसी परियोजनाओं के माध्यम से अपनी विशेषता पेश की थी। नामांकन के लिए जूरी के समक्ष प्रस्तुत सभी परियोजनाएं मेकॉन के एफएस एंड पीडी अनुभाग द्वारा निष्पादित की गई थीं। यह जल संसाधन के क्षेत्र में मेकॉन का दूसरा पुरस्कार है, जो इस उद्योग में इसकी क्षमता और दक्षता को रेखांकित करता है। इससे पहले एनएमडीसी के सीजेडएलडी संयंत्र ने लंदन में ग्लोबल वाटर अवार्ड्स में वर्ष की औद्योगिक परियोजना का विशिष्ट पुरस्कार जीत चुका है।

### सावन की दूसरी सोमवारी की तैयारी को लेकर प्रशासन सजग

**रांची।** सावन की दूसरी सोमवारी की तैयारी और विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक बैठक पहाड़ी मंदिर कार्यालय में सदर अनुमंडलाधिकारी उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक सावन की दूसरी सोमवारी में शिव भक्तों की भीड़ के अनुमान को देखते हुए उसकी सुरक्षा व्यवस्था के तहत निर्णय लिया गया कि मंदिर के सभी गेट पर महिला और पुरूष पुलिस बल तैनात रहेंगे। जिनकी निगरानी दंडाधिकारी करेंगे। मंदिर की



सीढ़ियों में स्वयं सेवकाओं की व्यवस्था रहेगी, जो सभी भक्तो को सुलभ सेवा प्रदान करेंगे। मंदिर के मुख्य गेट पर भक्तो के लिए निःशुल्क जल, दूध फूल और बेलपत्र की व्यवस्था लोकल समितियों द्वारा की गई हैं। पहाड़ी मंदिर की मुख्य पूजा 3 बजे से होगी और भक्तो के लिए मंदिर द्वार 4 बजे खोला जाएगा।

### आरक्षण में हकमारी बर्दाश्त नहीं : नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि दलित समाज के आरक्षण में हकमारी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जेपीएससी वन क्षेत्र पदाधिकारी के 170 पदों पर बहाली निकाली है। इस नियुक्ति में मात्र एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि उन्हे 10% आरक्षण के हिसाब से 17 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होनी थी। वहीं दूसरी ओर खूंटी में 150 पदों के लिए चौकीदारों की सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण को शून्य कर दिया गया है। जबकि उन्हें 15 पद आरक्षित किए जाने थे और तो और पलामू में भी चौकीदार के 155 पदों पर सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति के आरक्षण को शून्य कर दिया गया।

### लंबे समय से बीमार रेल कर्मचारियों को मिलेगा 10 हजार रुपये महीना

**रांची।** हाजीपुर के रेल निकेतन में महाप्रबंधक के साथ ईसीआरकेयू की स्थाई वार्ता तंत्र बैठक हुई। वार्ता में प्रशासन की तरफ से बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की। ईसीआरकेयू की अगुआई महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने की। अध्यक्षता ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पाण्डेय ने की। यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि बैठक में 67 एजेंडे पर चर्चा की गई। फिर 9 एजेंडे को क्लोज किया गया। बैठक मे ईसीआरकेयू के धनबाद मंडल की तरफ केंद्रीय सहायक महामंत्री ओम प्रकाश और केंद्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष ने कई मुद्दों को रखा। धनबाद मंडल के स्थाई वार्ता तंत्र प्रभारी मोहम्मद जियाउद्दीन ने बताया कि वैसे कर्मचारी जो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं और जिनका वेतन नहीं बन रहा है, उन लोगों को जल्द से जल्द स्टॉप बेनिफिट फंड से प्रत्येक महीना 10,000 की राशि सहायता की जाएगी।

■ महाप्रबंधक के साथ स्थायी वार्ता तंत्र बैठक में 67 मुद्दों पर हुई चर्चा

### सुरक्षा मानकों के सफल अनुपालन के लिए किया पुरस्कृत

**रांची।** सीसीएल ने रविवार को कोलकाता में आयोजित खान सुरक्षा पुरस्कार 2024 समारोह में दो पुरस्कार जीते। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सयाल डी ओपनकास्ट खदान को लघु ओपनकास्ट खदान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार और अशोक ओपनकास्ट खदान को मध्यम ओपनकास्ट खदान में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के इतिहास में पहली बार कोयला, धातु और तेल खनन कंपनियों के प्रतिभागियों ने एक साथ भाग लिया। खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने समारोह की अध्यक्षता की। डीजीएमएस, कोल इंडिया लिमिटेड और अन्य कंपनियों के सामूहिक प्रयासों ने खदानों में उच्च सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के महत्व को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया।




### बीओआई ने लांच किया चैंपियन फिक्स्ड डिपॉजिट

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में एक बैंक ऑफ इंडिया ने 666 दिन चैम्पियन फिक्स्ड डिपॉजिट लांच की है, जो 2 करोड़ रुपए से कम की जमा राशियों पर 666 दिनों के लिए अति वरिष्ठ नागरिकों को 7.95% प्रति वर्ष तक आकर्षक व्याज दर प्रदान कर रहा है। इस 666 दिन की सावधि जमा पर वरिष्ठ नागरिकों को 7.80% प्रति वर्ष मिलेगी और सामान्य को 7.30% प्रति वर्ष तक का उच्चतम व्याज मिलेगा। नागरिक बैंक ऑफ इंडिया की 666 दिन चैंम्पियन फिक्स्ड डिपॉजिट खाता खोलकर इस आकर्षक निवेश के अवसर का लाभ उठा सकते हैं। 2 करोड़ रुपए से कम की जमा राशि के लिए इच्छुक खुदरा ग्राहकों के लिए यह सावधि जमा, आकर्षक ब्याज के साथ बैंक की सर्वश्रेष्ठ वित्तीय उत्पाद प्रदान करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। संशोधित व्याज दरें रुपए में घरेलू, एनआरओ और एनआरई सावधि जमा के लिए लागू हैं जो एक जून से प्रभावी हो चुकी हैं।

# आईजी अभियान ने कहा, नक्सलियों के शहीद सप्ताह को लेकर पुलिस अलर्ट

## पोस्टर व पंपलेट से दहशत फैला रहे हैं नक्सली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माओवादियों के शहीद सप्ताह को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने रविवार को बताया कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन की ओर से चारु मजूमदार और कन्हाई चटर्जी के शहादत दिवस पर रविवार से तीन अगस्त तक एक सप्ताह का शहीद सप्ताह मनाये जाने की खबर प्राप्त हुई है। नक्सलियों के जरिये पोस्टर एवं पम्पलेट के माध्यम से दहशत फैलाने का प्रयास किया गया है।

आईजी ने बताया कि इस अवधि में नक्सलियों के जरिये सरकारी सम्पति, सड़क और रेल की सम्पतियों को नुकसान पहुंचाने का का प्रयास किया जा सकता है। नक्सली अब सिमट कर कुछेक इलाकों में रह गये हैं, जिसमें चाईबासा के सारंडा, कोल्हान, सरायकेला, लातेहार, चतरा- गया बोर्डर और पारसनाथ में संयुक्त सुरक्षा बलों के जरिये लगातार अभियान चलाये जा रहे हैं। नक्सलियों के जरिये विशेष कर रेल मार्ग एवं सड़कों पर जहां छोटी-मोटी घटनाएं कारित कर अपना अस्तित्व बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जनमानस की सुरक्षा, सरकारी सम्पति की सुरक्षा पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं ग्रामीणों के बीच सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए पुलिस मुख्यालय के जरिये पर्याप्त संख्या में संयुक्त सुरक्षाबलो की तैनाती की गयी है।

विगत 25 जुलाई को हार्डकोर नक्सली विवेक की पत्नी जया उर्फ चिंता, सैट सदस्य की गिरफ्तारी के बाद नक्सलियों द्वारा बन्द बुलाया गया था, जिसे सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। हाल के दिनों में पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण कई दुर्दान्त नक्सलियों के जरिये आत्मसमर्पण किया गया है। कई नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गये हैं। उन्होंने बचे हुए सभी नक्सलियों से अनुरोध करते हुए कहा कि पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में वापस लौट जाएं।

### सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के नापाक मंसूबे विफल



होमकर ने बताया कि पुलिस नक्सलियों के एक सप्ताह के शहीद सप्ताह को विफल करने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में चाईबासा के कोल्हान सारंडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी, नक्सली पोस्टर बरामद किये गये हैं। इस दौरान भी चाईबासा के टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाटा क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के नापाक मंसूबे को विफल करते हुए पांच किलो आईईडी बरामद किया गया। नक्सलियों के जरिये खुद को बचाने के उद्देश्य से लगाये जाने वाले विस्फोटकों से काफी संख्या में ग्रामीणों को क्षति पहुंचती है। उन्होंने बताया कि दिनों-दिन नक्सलियों का जनाधार घट रहा है और उनकी बौखलाहट सामने आ रही है। उनके जरिये अपना वजूद बचाने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सलियों का उद्देश्य अब सिर्फ लेवी वसूली रह गया है।

# श्री श्याम मंदिर में कराया गया महारुद्राभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रविवार को श्रावण अधिकमास पर मन्दिर में विराजमान शिव लिंग का महारुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया तथा पूरे शिव परिवार का भव्य श्रृंगार किया गया। प्रारंभ में मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने सपत्निक संकल्प पूजन कराया। इस रूद्राभिषेक का कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाराज के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस पर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शिव भक्ति में लीन होकर मन्दिर परिसर में उत्साहित थे। क्रमवार मण्डल के सभी सदस्य एवम उपस्थित भक्तजन ने रूद्राभिषेक में भाग लिया तथा उपस्थित भक्तजनों



द्वारा ॐ नमः शिवाय के जाप से पूरा मन्दिर परिसर शिव मय हो उठा। रूद्राभिषेक के सम्पन्न होने पर भोले बाबा का महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, राजेश सारस्वत, विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू, महेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, नितेश लाखोटिया, अभिषेक डालमिया का सहयोग रहा।

### 8 लाख से अधिक बेटियां ले रहीं सावित्रीबाई समृद्धि योजना से लाभ

**रांची।** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समाज कल्याण विभाग की एक आदर्श योजना के रूप में देखी जा रही है। इस योजना से 9 लाख किशोरियों को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। फिलहाल लगभग 8 लाख छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 5 बार में 40000 तक आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है। हेमंत सरकार के महिला प्रोत्साहन और उनके शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। हेमंत सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक लगभग 8 लाख किशोरियों को जोड़ा जा चुका है।

# आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसकी सुरभि संपूर्ण समाज में बिखेरते रहें : शैलेश मिश्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में रविवार को श्रावण महोत्सव सह सौप्रस्थानिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातक षष्ठ सेमेस्टर के छात्रों को विदाई दी गई।

समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल थे। संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ एवं भक्ति गीतों ने कार्यक्रम को आध्यात्मिकता से ओतप्रोत कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी प्रशंसा की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को जीवंत बना दिया। शास्त्रीय नृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी नृत्यकला का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। संगीत प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने संस्कृत के श्लोकों और भजनों को सुरम्य धुनों में गाकर समां बांध दिया। नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को हर्षोल्लास से भर दिया और कार्यक्रम की समग्रता में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्कृत



महाविद्यालय, रांची के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसकी सुरभि सम्पूर्ण समाज में बिखेरते रहें। उन्होंने कहा कि जिसकी वाणी में नियंत्रण, माधुर्य और सौंदर्य रहता हो, वह संसार में महत्तम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने छात्रों को परामर्श दिया कि स्वाध्याय जीवन के अंतिम श्वास तक होना चाहिए। उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता एवं उसके संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि यह भारतीय ज्ञान-विज्ञान की मूलाधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत के अध्ययन में निरंतर लगे रहने की प्रेरणा दी और विभागीय गतिविधियों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि महान लोगों ने जिस मार्ग का आचरण करते हुए श्रेष्ठता को प्राप्त किया, हमें भी अपने जीवन में उसी मार्ग का अनुवर्तन करना चाहिए। डॉ. कुमार ने संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि और समर्पण की भावना जागृत होती है। अतिथि अमिताभ कुमार ने कहा कि जीवन का नाम तालाब के समान स्थिरता नहीं है, बल्कि नदी के समान गतिशीलता ही जीवन है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप जीवन के प्रत्येक सोपान पर सदैव आगे बढ़ते रहें। विभागीय शिक्षिका डॉ. श्रीमित्रा कुमारी ने छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि बाधाओं से लड़ते हुए सदैव अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृत विभाग सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहता है।

# मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा 15 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री जीण माता प्रचार समिति की अहम बैठक रविवार को हुई। बैठक में आदि शक्ति मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा 15 अगस्त को स्थानीय स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पुरुलिया की मशहूर भजन गायिका शीतल कटारुका अपने भजनों से माता के भक्तों को झुमाने आ रही हैं। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अध्यक्ष ओम अग्रवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सहसचिव प्रदीप शर्मा बिनोद अग्रवाल संदीप विजयवर्गीय, संदीप अग्रवाल, शिव शर्मा, संगीता अग्रवाल, सुनीता मित्तल, शीतल अग्रवाल, कविता सोमानी थे।



# सेना भर्ती रैली में 645 युवाओं ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं और दसवीं श्रेणी के लिए खेलगांव के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। सेना भर्ती के दूसरे दिन रविवार को लगभग 645 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। इसी बीच उम्मीदवारों का जोश और जुनून उच्च स्तर का देखने को मिला। मौसम बहुत ही सुहावना रहा। मौसम को ध्यान में रखते हुए दौड़ सुबह में शुरू हुई। जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ भारतीय सेना में शामिल होने के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया।

रैली स्थल पर बार कोड रीडर की मदद से अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड को स्कैन करने के बाद उन्हें बैचिंग एरिया में बैच संख्या आवंटित की जा रही है। रन वेटिंग एरिया में जाने के बाद, बैच की क्रम संख्या के अनुसार वे 1.6 किलो मीटर दौड़ में हिस्सा ले रहे हैं। इस पड़ाव को सफलता पूर्वक पार करने के बाद सफल अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से वेरिफिकेशन तथा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत सम्पूर्ण डाटा कम्पयूटर में दर्ज किया जा रहा है। रैली स्थल पर अभ्यर्थियों एवं उनके तमाम दस्तावेजों की सैन्य टीम की ओर से गहनता से जांच की जा रही है।

सफल और योग्य उम्मीवारों को शाम को मेडिकल जांच के लिए मेडिकल स्लिप जारी की गई। अगले दिन सुबह और निर्धारित दिन सफल अभ्यर्थियों की सैन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा मेडिकल जांच प्रकिया शुरू होगी। सभी उम्मीदवारों को अपने आपको मेडिकल जांच के लिए अनुरूप मानदंडों के अनुसार तैयार होकर आने को कहा गया है। जिला प्रशासन के सहयोग और सेना भर्ती कार्यालय रांची की ओर से रैली स्थल पर अभ्यर्थियों की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। अभ्यर्थियों के लिए पानी की सुविधा का खास ध्यान रखा गया। इसके साथ-साथ उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा भी उम्मीदवारों के लिए तैयार रही।

भर्ती रैली का दूसरा दिन



### वेस्टर्न ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**रांची।** 25 वां कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रजत जयंती के उत्सव में रांची के डीबडीह स्थित कार्निवल बैंक्विट हॉल में वेस्टर्न आर्गनाइजेशन ऑफ झारखंड के तत्वाधान में आयोजित विजय उत्सव मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को याद करना है जिन्होंने भारत मां की रक्षा और देश की आन बान और शान के लिए 1999 के कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आंध्र प्रदेश सरकार के सलाहकार समिति के सदस्य और लेवल कमांडर रह चुके डॉ सी चंद्रशेखर एवं कर्नल डॉ जेके सिंह कमांडेंट सैप-1 एनसीसी के 200 जवान, बिहार रेजीमेंट के जवान, 11 राजपूताना राइफल्स के जवान, एवं पूरे वेटेरन परिवार के साथ बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह शामिल हुए।

## बीएयू की खरीफ अनुसंधान परिषद की हुई बैठक

# मवेशी पालन से समुचित लाभ के लिए बेहतर प्रजनन प्रबंधन की जरूरत : डॉ अमरीश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली के सहायक महानिदेशक (पशु पोषण एवं दैहिकी) डॉ अमरीश कुमार त्यागी ने मवेशी पालन से समुचित लाभ के लिए गाय-भैंस के प्रजनन प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मवेशियों में हीट की एक भी अवधि मिस करने पर लाखों का नुकसान हो सकता है। सही प्रजनन प्रबंधन से इन पशुओं से वर्ष में 300 दिन तक दुग्ध प्राप्त किया जा सकता है जबकि ध्यान नहीं देने से इसकी आधी अवधि में ही दुग्ध मिल पायेगा। डॉ त्यागी रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के खरीफ अनुसंधान परिषद की दो दिवसीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशुपालन में 70-80 प्रतिशत लागत उनके चारा-दाना पर आती है। इसलिए स्थानीय रूप से उपलब्ध पोषकता से भरपूर चारा एवं औषधीय पौधों का इस्तेमाल उनके आहार में करना चाहिए। वैज्ञानिकों को इन पहलुओं पर शोध अनुशंसा पशुपालकों को उपलब्ध कराना चाहिए। कृषि उपज, मांस एवं दुग्ध के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रसंस्कृत उत्पाद की पोषकता एवं विशिष्टता की बढ़िया से ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जानी चाहिए ताकि बेहतर मूल्य मिल सके। वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने वैसे अनुसंधान को प्राथमिकता देने की वकालत की जिससे समाज में परिवर्तन आ सके तथा किसान उसे आसानी से अपना सके।



**झारखंड का 12वां राज्यपाल बनाये जाने पर लोगों ने दी बधाई**

# गंगवार ने कहा, पार्टी ने मुझे बिना मांगे सब कुछ दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/बरेली।** झारखंड का 12वां राज्यपाल बनाए जाने पर संतोष कुमार गंगवार के आवास पर बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे। गंगवार ने कहा कि यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है और राज्यपाल पद की जिम्मेदारियों से हम वाकिफ हैं। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रशासन को सही तरीके से चलाना हमारी जिम्मेदारी है। झारखंड पहुंचने के बाद मैं जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे समझूंगा और उस पर टिप्पणी करूंगा। संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि मुझे जो नई जिम्मेदारी दी गई है, मैं उस पर खरा उतरूंगा। पार्टी ने हमेशा मुझे बिना मांगे सब कुछ दिया है। अब उन्होंने राज्यपाल बनाकर मुझ पर अपना भरोसा जताया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभारी हूं।

## बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

**रांची।** संतोष कुमार गंगवार का जन्म एक नवंबर 1948 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ।



उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय और रोहिलखंड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। वह वर्तमान में सार्वजनिक उपक्रमों की समिति के अध्यक्ष हैं। इससे पूर्व वह केंद्र सरकार में श्रम और रोजगार मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री थे। वह आठ बार के सांसद रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में उन्हें टिकट नहीं मिला था। संतोष कुमार गंगवार भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। संतोष कुमार गंगवार बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं। 1989 से 2009 तक वो लगातार छह बार जीते थे। 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2014 में वे फिर जीते। 2019 में भी उन्होंने शानदार जीत हासिल की। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें मंत्री बनाया गया था। उन्हें पहली बार राज्यमंत्री बनाया गया था। उन्हें कपड़ा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी। वो इस पर जुलाई 2016 तक रहे। उसके बाद उन्हें वित्त राज्य मंत्री बनाया गया। 2017 तक वो वित्त राज्य मंत्री बने रहे। इसके बाद उन्हें श्रम और रोजगार मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली, जिस पर वो 2021 तक बने रहे। इसके अलावा संतोष गंगवार ने भाजपा में संगठन स्तर पर भी कई जिम्मेदारी निभाई।

### मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त राज्यपाल को दी शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को



एक्स पर लिखा कि झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। साथ ही महाराष्ट्र के राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर सीपी राधाकृष्णन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि बरेली के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात झारखंड सहित नौ राज्यों के लिए नये राज्यपालों की नियक्ति पर मुहर लगायी।

# हेमंत सरकार ने जनता को धोखा दिया : सुदेश

**आजसू प्रमुख ने चंदनकियारी में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में लिया भाग**

*राज्य सरकार पांच वर्षों में एक भी वादे को धरातल पर नहीं उतार पाई*

*अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने को किसानी-खेती मजबूत करने की आवश्यकता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/बोकारो।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता ने हेमंत सरकार को अपना बहुमूल्य मत देकर जनसेवा का मौका दिया था, लेकिन सरकार ने जनता से वादा खिलाफी कर उन्हें धोखा दिया है। पिछले चुनाव में बड़े-बड़े वादों की पोटली लेकर जनता के समक्ष जाने वाली सरकार पांच सालों में एक भी वादे को धरातल पर नहीं उतार पाई। झामुमो के लिए विकास का अर्थ परिवार का विकास है, राज्य के विकास से इनका कोई वास्ता नहीं।

सुदेश कुमार महतो रविवार को चंडीपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हर साल दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने की बात कहने वाली सरकार अब अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में जनता को चूल्हा खर्च की जगह चुनाव खर्च देने की बात कह रही है। यह जनता को भ्रमित करने की एक और साजिश है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किसानों और खेती को मजबूत करने की आवश्यकता है। खेत खाली न रहे और खेतों में 7 महीने तक खेती हो, इसकी तैयारी है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों का विकास हमारी प्राथमिकता है। तुष्टिकरण नहीं, विकास की राजनीति हमारी पहचान है। चंदनकियारी अपने विचार और विवेक पर चलेगा।



### मिलन समारोह में निर्मल उरांव समेत कई युवाओं ने थामा आजसू का दामन

**रांची।** रांची के बोड़ेया स्थित गोल्डन मोमेंट बैंक्वेट हॉल में रविवार को आयोजित मिलन समारोह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवा समाजसेवी निर्मल उरांव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की वर्तमान परिस्थिति ने सभी लोगों को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। राजनीति चिंतन का माध्यम है। यदि आपका चिंतन राज्य के हित के लिए है, तो आपके साथ लोग जुड़ेंगे और आपका साथ भी देंगे। नवीन सोच और नवीन ऊर्जा के साथ हमें मिलकर आगे बढ़ना है। पार्टी में शामिल हुए निर्मल उरांव का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को जनता की सेवा करने का सशक्त मंच देगी आजसू पार्टी। गरीबों शोषितों और वंचित की आवाज बनकर काम करने की आवश्यकता। अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत को संजोने और आगे बढ़ने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। सार्वजनिक जीवन में कदम रखने पर आपको और आपकी टीम को बधाई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले निर्मल उरांव ने कहा कि समाज की समस्याओं को करीब से जनता हूं और इन समस्याओं को दूर करने के लिए आजसू से बेहतर कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है। सुदेश महतो द्वारा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के साथ ही खेल को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्य सराहनीय है। राज्य के विकास और युवाओं के कल्याण के प्रति उनके सोच से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

**भाजमो के धर्मेंद्र तिवारी संजय सेठ से मिले**

# सैनिक बाजार के दुकानदारों की पीड़ा से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी रविवार को एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात कर सैनिक बाजार के दुकानदारों के पीड़ा के बारे में बताया। 30 वर्षों की लीज पूरा होने के बाद दुकानदारों का पुनः 30 वर्ष के लिए लीज रिन्यूअल नहीं की गई है। वहीं भाड़ा 700 से 800 परसेंट बढ़ा दिया गया है। जबकि प्रत्येक 5 वर्षों में 10% रेंट बढ़ता आया है। मेंटेनेंस के नाम पर कोई सुविधा नहीं,कचरे के अंबार है। सुरक्षा का अभाव है। बहुत सारी विसंगतियां सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा देखने को मिलती है। बिजली की व्यवस्था भी बिजली विभाग को करनी चाहिए। दूसरी तरफ भूतपूर्व सैनिकों को जो दुकान आवंटित की गई उस पर भी कब्जा करने की तैयारी में निदेशालय था। दुकानों को खाली करने हेतु एसडीओ रांची से आदेश भी ले लिया गया, जबकि



केस दुकानदारों का हाई कोर्ट में पेंडिंग था। हाई कोर्ट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगा दी। इनके मसूबे पर पानी फिर गया। झारखंड में हम आदिवासियों की बात करते हैं आदिवासियों के नाम पर जो दुकान आवंटित थी अब उसको निदेशालय ने जनरल बनाकर जनरल लोगों को दे रहा है। ऐसी दुकानों को उन्होंने अपने कब्जे में कर लिया सारी जानकारी पत्र के माध्यम से 15 दिन पूर्व मंत्री को दी गई थी। जिस पर कार्रवाई मंत्री ने किया है उन्होंने अपने रक्षा मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी से बात कराई। इस पर संज्ञान मंत्रालय ने लिया है। दूसरी ओर गाड़ीगांव जाने का कच्चा रोड भी बनवाने का आग्रह मंत्री महोदय से किया गया था यह भी डिफेंस के अधीन आता है। इस रास्ते से 15000 लोगों का आना-जाना है पर सेना के अधिकारी इस पर मिट्टी भी नहीं डालने देते। उन्होंने भरोसा दिया कि सारे कार्य जल्द निपटा दिए जाएंगे। जनहित में जनता के लिए पक्की कारण कर रोड चालू हो जाएगा थोड़ा समय लगेगा। मंत्री महोदय से मिलने वालों में प्रवीण कुमार पांडे, लालू तिवारी, सचिन भारती, मनोज सिंह श्रीमती शिवानी लता, खोखन दादा आदि।

## झामुमो की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर करें कार्यक्रम

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रांची और गढ़वा जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में रविवार को हुई। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बैठक में आए कार्यकताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उठ रहे जिज्ञासा को शांत किया और पार्टी की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने और सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में रांची और गढ़वा जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, सचिव शामिल हुए।

### वायरल वीडियो पर जेईपीसी के निदेशक ने की बैठक

**रांची।** पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा था, जो आधा-अधूरा था। उस वीडियो से भ्रम फैल रहा था। वायरल वीडियो की सच्चाई को स्पष्ट करने के लिए राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के आग्रह पर जेईपीसी के सभागार में विभिन्न संघों की एक बैठक राजेंद्र शुक्ल के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा वायरल वीडियो के संदर्भ में बताया गया कि मेरा यह वक्तव्य शिक्षकों को लेकर नहीं था, बल्कि मैं बचपन में अपने साथ घटित घटना का जिक्र कर रहा था। इसके पहले के वीडियो को काटकर साजिश के तहत वायरल किया गया। फिर भी इस वीडियो से किसी शिक्षक के सम्मान को अगर ठेस पहुंचा है, सभी शिक्षक संघ के सर्वसम्मति से इस विषय को यहीं विराम देते हुए विभाग एवं शिक्षक ने सकारात्मक माहौल की शुभकामनाएं दी।

# आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी परीक्षा के अभ्यर्थियों ने निकाला कैंडल मार्च

*राज्य सरकार का पुतला भी जलाया*

*रिजल्ट जारी करने की कर रहे मांग*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी परीक्षा की रिजल्ट की मांग को लेकर विगत 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने रविवार की संध्या कैंडल मार्च निकाला और पुतला दहन किया। संध्या 6:00 बजे राजभवन धरना स्थल से अलबर्ट एक्का चौक होते हुए रांची यूनिवर्सिटी गेट तक कैंडल मार्च निकाला गया। अभ्यर्थियों ने झारखंड सरकार, जेएसएससी के पदाधिकारियों एवं सरकार की लचर व्यवस्था का पुतला जलाया। साथ ही, अभ्यर्थियों ने औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी परीक्षा का रिजल्ट जल्द जारी करने एवं जल्द नियुक्ति पत्र देने की मांग की। बताते चलें कि आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी परीक्षा के अभ्यर्थी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) और



झारखंड सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि जल्द से जल्द रिजल्ट प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करें। अभ्यर्थियों ने बताया कि जेएसएससी द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी की विज्ञापन संख्या 08/2023 एवं 09/2023 के तहत परीक्षा वर्ष 2023 के नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में 27, 28 एवं 29 तारीख को संपन्न हो चुकी है। लेकिन, आज 9 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आयोग द्वारा अभ्यर्थी उत्तर कुंजी एवं रिजल्ट जारी नही किया गया है। इस वजह से हजारों अभ्यर्थी हताश, निराश एवं मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार अभ्यर्थियों द्वारा आयोग एवं सरकार के प्रतिनिधियों से रिजल्ट की मांग को लेकर बात की गई, लेकिन कुछ भी परिणाम नहीं निकला। अंततः ऑल झारखंड सीआईटीएस प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी संघ के सभी सदस्य कुछ महत्वपूर्ण मांगों को लेकर राजभवन धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

### विविधीकरण प्रयासों का लाभ उठाना शुरू : नागराजू

**रांची।** कोल इंडिया ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए भविष्य के संगठनों का निर्माण विषय पर फायर साइट का रविवार को आयोजन किया। कोल इंडिया के कॉर्पोरेट मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एम नागराजू ने कहा कि कंपनी ने अब अपने विविधीकरण प्रयासों का लाभ उठाना शुरू कर दिया है अपना पहला महत्वपूर्ण खनिज खनन अनुबंध हासिल किया है और शोर समेत क्षेत्र में पहल कर रही है। उन्होंने कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक बड़े कार्यबल के प्रबंधन की चुनौती पर हमारे विकास और विविधीकरण कदमों का समर्थन करने के लिए आने वाले समय में हमारी प्रतिभा पूल का पारिश्रमिक प्रबंधन महत्वपूर्ण होगा।

## न्यूज | बॉक्स

### संत जेवियर्स कॉलेज के यूजी सेमेस्टर-2 की परीक्षाएं 22 अगस्त से

**रांची।** रांची के संत जेवियर्स कॉलेज के यूजी और पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षाएं 22 अगस्त से शुरू होंगी। मिली जानकारी के अनुसार यूजी एनईपी, सीबीसीएस और पीजी सीबीसीएस एंड सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। इसमें आखिरी क्लास 7 अगस्त तक होगी। छात्र 16 अगस्त से 20 अगस्त तक एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। वहीं, एंड सेमेस्टर परीक्षा की शुरुआत भी 22 अगस्त से होगी।

### आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव ने किया पौधारोपण और रक्तदान

**रांची।** आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने अपने जन्मदिन के अवसर पर रविवार को पौधरोपण और रक्तदान किया। इस दौरान विशाल महतो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन के अवसर पर वे पौधरोपण और



रक्तदान करते है। उन्होंने कहा, छात्रों से भी आग्रह करते है कि अपने अपने जन्मदिन पर रक्तदान जरूर करें। आज विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस होने से आज का दिन और विशेष हो जाता है। पौधरोपण का कार्यक्रम बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में किया गया था। वहीं, शहीद निर्मल महतो मेडिकल अस्पताल में उन्होंने रक्तदान कर किया। मौके पर छात्र आजसू के जिला अध्यक्ष विकास कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुदामा महतो, ह्यूमिनि हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक गौतम मंडल, आकाश शर्मा, नितेश शर्मा, नवाजिश अफजल, आकाश महतो, जॉन स्मिथ, अमित रवानी, शिबू मंडल उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर नए राज्यपाल का स्वागत: अभिषेक

**रांची।** युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड के नए राज्यपाल संतोष गंगवार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा के राज्य में नए राज्यपाल के आने से राज्य के युवा वर्ग मे नई आशा जगी है। युवा वर्ग नए राज्यपाल के आने से काफी उत्साहित है उन्हें आशा है की राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान है उनमें तमाम रिक्त पदों पर जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होगी। वहीं राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर, प्रो वाइस चांसलर, रजिस्टर, प्रॉक्टर, फाइनेंस ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक के जितने भी पद खाली है उन सभी रिक्त पदों को भरने का काम किया जाएगा। राज्य सरकारों के द्वारा सृजित पदों पर बहाली के लंबित मामलों का निष्पादन कर युवा वर्ग को नौकरियों से जोड़ कर राज्य का विकास सुनिश्ति होगा।

### मुकदमेबाजी से निपटने पर सीसीएल मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग में मुकदमेबाजी से निपटने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार की शाम में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों को अदालती मामलों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ज्ञान और कौशल से परिचित कराया गया। मुख्य वक्ता झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमित सिन्हा ने मुकदमेबाजी प्रबंधन पर अधिकारियों को जानकारी दी। विभागाध्यक्ष विधि जोबी वीपी और उप. प्रबंधक विधि ऋचा मित्तल ने सेवा मामलों से संबंधित न्यायालयों के कुछ ऐतिहासिक निर्णयों पर चर्चा की। एमटी विधि आशीष त्रिपाठी द्वारा मुकदमा प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली के बारे में एक संक्षिप्त विवरण दिया गया। कार्यशाला में सीसीएल मुख्यालय और क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

### सभी श्रेणियों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना प्राथमिक लक्ष्य : आदित्य रंजन

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने स्कूलों में एक नई पहल 'वॉल्स एज लर्निंग एड्स' (डब्ल्यूएएलए) शुरू की है। इस अभिनव कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल की दीवारों को मूल्यवान शैक्षिक संसाधनों में बदलना है, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल प्रणालियों और मौलिक अधिकारों के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट किया जा सके। इस पहल में दीवार पेंटिंग शामिल होंगी, जो एक प्रभावी शिक्षक के गुण, बाल संसद की संरचना, एक आदर्श छात्र के लक्षण और आवश्यक अधिकारों जैसी प्रमुख अवधारणाओं को चित्रित करेंगी। यह कार्यक्रम प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी का हिस्सा है, जिसे पूरे झारखंड में सरकारी स्कूलों में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए मिशन मोड में क्रियान्वित किया जा रहा है। जेईपीसी के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि प्राथमिक लक्ष्य इन स्कूलों की सभी श्रेणियों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। इस पहल के तहत, लगातार सभी सरकारी स्कूलों में दीवार लेखन एक अनिवार्य तत्व बन जाएगा। शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और समिति के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों की याद दिलाएं और अधिक सकारात्मक और आकर्षक स्कूल वातावरण को बढ़ावा दें। डब्ल्यूएएलए पहल के लिए आवश्यक है कि विभिन्न प्रकार की सूचनाओं को स्कूल की दीवारों पर चित्रित किया जाए। इसमें स्कूल के फीडर क्षेत्र का एक दृश्य मानचित्र, टैग किए गए शिक्षकों और स्कूलों का संपर्क विवरण और इंपैक्ट-एनईपी परियोजना के तहत निर्मित विभिन्न घरों के बारे में जानकारी शामिल है। कक्षाओं में तिथि, दिन, कक्षा की जानकारी, उपस्थिति रिकॉर्ड और कक्षा शिक्षक के नाम जैसे विवरण वाले डिस्प्ले बोर्ड होंगे। इसके अतिरिक्त, किचन शेड में मध्याह्न भोजन मेन्यू, स्वच्छता संदेश और माता समिति का विवरण दिखाने वाली पेंटिंग होंगी।

- जिम्मेदारियां याद दिलाकर अधिक सकारात्मक बनाएं स्कूल का वातावरण

# भाजपा के आंदोलन और छात्र आक्रोश से बौखलाई झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को कहा कि भाजपा के द्वारा लगातार संताल सहित झारखंड के दूसरे क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाए जाने के मुद्दे पर मुखरता के कारण झामुमो बदहवास हो गई है। दरअसल, यही बांग्लादेशी घुसपैठिए इस गठबंधन के वोट बैंक की राजनीति का एक हिस्सा है। प्रतुल ने कहा कि खुद इसी सरकार के स्पेशल ब्रांच में दो जून, 2023 को सभी उपायुक्त को पत्र लिखा था कि संथाल परगना के मदरसों में इन मुस्लिम बांग्लादेशी घुसपैठियों के सरकारी दस्तावेज को बड़े पैमाने पर संगठित तरीके से तैयार किया जाता है और फिर इन्हें प्रदेश के दूसरे हिस्से में भेजा जाता है। प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने इस बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ



की आवाज को संथाल परगना से लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग तक मुखरता से उठाया है। अब गठबंधन को अपना घुसपैठियों का वोट बैंक खतरे में दिख रहा है, जिसके कारण झामुमो के नेता बदहवास होकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने आज कांग्रेस के विधायक नेहा शिल्पी नेहा तिर्की के उसे बयान से किनारा नहीं किया, जिसमें उन्होंने बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियो की तुलना बिहारियों से कर डाली थी। प्रतुल ने कहा यह बेहद शर्मनाक और शर्मसार करने वाला वाकया है। जब आप देश के नागरिकों की तुलना जबरन देश में घुस आए घुसपैठियों के साथ करेंगे। प्रतुल ने कहा कि पांच वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश में है लेकिन घुसपैठियों के विषय में इन्होंने अभी तक कभी कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। घुसपैठियों को संरक्षण देकर यह सरकार झारखंड के मुसलमान का भी अहित कर रही है। क्योंकि, अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं को ज्यादातर यही मुस्लिम घुसपैठिए डकार जाते हैं। आदिवासियों के हितों पर भी यह लव जिहाद, लैंड जिहाद और पॉलिटिकल जिहाद के जरिए चोट कर रहे हैं। पाकुड़ के केकेएम कॉलेज में आदिवासी छात्रावास में रात में पुलिस ने बर्बरता से मारपीट

### बाहरियों की नियुक्तियों पर बंधु की बोलती बंद क्यों: रमाकांत महतो

**रांची।** भाजपा के प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि स्थानीयता, जल, जंगल, जमीन और आदिवासियत के नाम राजनीति चमकाने वाले और आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में कोर्ट से सजा पा चुके पूर्व विधायक बंधु तिर्की भाजपा पर आरोप लगाने से पहले राज्य में बाहरियों की हो रही नियुक्तियों में बारे में हेमंत सरकार से पूछने की हिम्मत करते। जेपीएससी और जेएसएससी में जिस तरीके से नियमों को ताक पर रखकर पेपर लीक एवं परीक्षा सेंटर सेटिंग्स कराकर खुलेआम नौकरियां बेची जा रही हैं। इसमें 70 प्रतिशत से अधिक राज्य के बाहर के अभ्यर्थी शामिल हैं।

### शिल्पी का बयान व्यक्तिगत, सभी को लेकर चलती है कांग्रेस

**रांची।** झारखंड में मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के बयान पर सियासत तेज हो चुकी है। दरअसल, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हाल में ही सदन में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया था। उसपर पलटवार करते हुए शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा था भाजपा बिहार-यूपी से आकर आदिवासियों की जमीन लूटने वालों पर क्यों नहीं बोलती। इसपर भाजपा ने सवाल उठाया था कि क्या कांग्रेस अवैध घुसपैठियों और देश के अन्य राज्य से आकर कानून रहने वालों को एक मानती है। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह शिल्पी नेहा तिर्की का निजी बयान है, पार्टी का नहीं।

# प्रकृति, संस्कृति के साथ विकास और विरासत का संदेश है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित मन की बात कार्यक्रम का रविवार को 112वां एपिसोड संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुना। अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी के सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला, मंडल, बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ प्रदेश कार्यालय में महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, विधायक विरांची नारायण, नारायण दास ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात सुनकर भारत दर्शन का अनुभव होता है। प्रधानमंत्री का यह संबोधन भारत की प्रकृति, संस्कृति, विकास और विरासत से देश की जनता को परिचित कराता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सभी वर्गों के लिए लाभकारी है। विशेषकर युवाओं को बच्चों को भारत की महान विरासत और प्रगति के नए आयामों से भी परिचित कराता है।



### भारत की एकात्मता का परिचय है मन की बात

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों की प्रेरक गाथाएं ,जन प्रयास की चर्चा ,युवा शक्ति,नारी शक्ति का देश के विकास में योगदान,नए नए तकनीक की खोज जैसे विषय प्रमुखता से समाहित होते हैं। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता कार्यक्रम की प्रतीक्षा करती है।

## एक नजर

### युवा नेता गौतम के पहल पर कोनहराकला में लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनहारा कला में 63 केवी का ट्रांसफार्मर युवा नेता गौतम कुमार की पहल पर लगा है। विदित हो कि बीते दिन वज्रपात की वजह से ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों के सूचना पर जेबीकेएसएस के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार के पहल पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।वहीं उद्घाटन गौतम कुमार ने विधिवत पुजा अर्चना कर ग्रामीणों के साथ किया। इस दौरान गौतम कुमार ने कहा कि हम जनता के बीच पुरा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में 10 वर्षों से उनके उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। मै हर वक्त जनता के बीच निःस्वार्थ रूप से सुख दुःख में खड़ा रहा हूं। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की जनता यदि मुझे इस बार मौका दे तो पुरे विधानसभा क्षेत्र में क्रांति लाने का काम करेंगे

### आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू कार्यालय में हुई बैठक

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को आवश्यक बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष युगेश बेदिया, केन्द्रीय सदस्य लालबिहारी महतो, जिला प्रधान सचिव अनुज तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक साहू उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल एवं संचालन नगर सचिव नीरज मंडल ने किया। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं केंद्रीय कमिटी से मिले विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गइ। सभी को वार्ड में जाकर लोगो की समस्या से रू-ब-रू होकर उनकी समस्या को दूर करने का निर्देश दिया गया। सभी वार्ड में नगर कमेटी के पदाधिकारी और सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी जाकर पुरूष और महिला प्रभारी का चयन करेगें आठ अगस्त संकल्प सभा मोराबादी रांची एवं नौ अगस्त विश्व अदिदिवासी दिवस जिला कार्यालय की तैयारी को लेकर जानकारी दी गई।

### भाकपा माले और सीएमडब्ल्यू ने चारु मजूमदार का मनाया स्मृति दिवस

**गिद्दी।** भाकपा माले और सीएमडब्लूयू ने हेसालौंग और गिद्दी सी में रविवार को अलग-अलग चारु मजूमदार का 52वां स्मृति दिवस मनाया। सर्वप्रथम में भाकपा माले और सीएमडब्लूयू नेताओं कार्यकर्ताओं ने चारु मजूमदार के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर कर श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद पार्टी सह यूनियन नेता बैजनाथ मिस्त्री ने पार्टी का संदेश पढ़कर सुनाया। साथ ही कॉमरेड चारु मजूमदार के पार्टी संगठन के लिए किए गए कार्यो के बारे में बताते हुए पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने चारु मजूमदार के विचारों जल, जंगल, जमीन के साथ आदिवासी, दलित और शोसित के विकास के लिए काम करने की बात कही। इस अवसर पर कृष्णा सिंह, रस्का हेम्ब्रम, जुगल राम, दिनेस गोप, शिकारी मांझी, विनोद किस्कू, फारूक, सुखदेव मांझी, रामदेव राम, गोविंद राम, छोटन राम आदि उपस्थित थे।

---

#### कोबरा-203 के 16वें स्थापना दिवस पर मेला का आयोजन

## वाहिनी ने झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में रचा है इतिहास : उपाशंकर अकेला

*वाहिनी की ओर से 500 पौधरोपण किये गये 100 से अधिक जवानों ने रक्तदान करने का काम किया*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
27 जुलाई को कोबरा 203 वाहिनी के 16वे स्थापना दिवस की शुरूआत हुई. कार्यक्रम के दूसरे दिन वाहिनी परिसर में मेला का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने फीता काटकर किया. मौके पर नक्सलियों से युद्ध करते समय शहीद हुए वाहिनी के 5 जवान और एक स्वान डॉग को श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया. वाहिनी के कमांडेंट पवन सिंह ने विधायक को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि कोबरा 203 बटालियन के होने से बरही क्षेत्र सुरक्षित है. बटालियन के जवानों ने मुश्किल घड़ी में खुद शहीद होकर भी देश और राज्य को सुरक्षित रखने का काम किया है. हम सबों के इनकी कर्तव्य परायणता और अनुशासन से सिख लेने की आवश्यकता है. मुख्य कमांडेंट श्री सिंह ने कहा कि उनके जवान विपरीत परिस्थिति में जंग तो लड़ते ही हैं इसके साथ ही अनुकूल परिस्थितियां में जनहित के कार्य भी बढ़ चढ़ कर करते हैं. उन्होंने बताया की स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी की ओर से बेल, आम, कटहल, महुआ आदि के 500 वृक्ष लगाए गए हैं. इसके साथ ही ब्लड वॉलंट्री आगेर्नाइजेशन के द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में 100 से अधिक जवानों ने रक्तदान करने का काम किया. उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के दूसरे दिन मेला सहित बच्चों के लिए खेल कूद, पेंटिग्स, संगीत इत्यादि कार्यक्रम प्रतियोगिता भी आयोजित किए गए है. जिसमें वाहिनी परिवार के सभी छोटे, बच्चे एक साथ मनोरंजन करेगे. छोटे बच्चों के कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं. कार्यक्रम में विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि 30 जुलाई को रात्रि में सांस्कृतिक सह भोज कार्यक्रम के साथ स्थापना दिवस समारोह की समाप्ति होगी.

## चानो पंचायत में जेबीकेएसएस जेएलकेएम का किया गया कमिटी गठन



**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत चानो पंचायत में जेबीकेएसएस / जेएलकेएम पंचायत कमिटी का विस्तार प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो की उपस्तिथि में की गई। जिसकी अध्यक्षता चुरामन महतो एवं संचालन दीपचंद महतो ने की। उपस्थित जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से अपनी बात रखते हुए संगठन मजबूती के साथ साथ आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर दिया। सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार महतो, उपाध्यक्ष किशुन करमाली, सचिव रामेधर महतो, सह सचिव कामेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष चुरामान महतो,मीडिया प्रभारी धानेश्वर कुमार झारखंडी समेत कई अन्य सदस्यों को मनोनीत किया गया। प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने नव नियुक्त पंचायत प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जितने भी सरकारें आयी सबों ने झारखंडियों को ठगने के साथ साथ यहां के जल, जंगल, जमीन, नौकरी को बेचने का काम किया है। अब झारखंडी जाग चुके हैं, ऐसे सरकार को आगामी विधानसभा में जेबीकेएसएस उखाड़ फेंकने का काम करेगी साथ हीजेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम दादा के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस ने पूरे प्रखंड में बेहतर प्रदर्शन किया, उस मत को दोगुना करने के लिए दिन रात प्रयासरत हैं,सभी साथी बूथ स्तर पर कार्य करे। बैठक में बैजनाथ महतो, पिंटू समेत भारी संख्या में जेबीकेएसएस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चोरों ने निजी विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी करने का किया प्रयास

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों चोरी का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। चोर पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए आए दिन बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इस निमित बीते रात प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो पंचायत अंतर्गत पेसरा गांव में संचालित निजी विद्यालय लिट्ल फ्लावर विद्या मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत विद्यालय के प्राचार्य रामप्रीत प्रसाद पिता छोटेलाल महतो ने एक लिखित आवेदन बरकट्ठा थाना को दिया है। आवेदन में कहा है कि शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय सहित एक कमरा का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देना चाहा और स्टेपलाईजर को विद्युत परिपथ से अलग करके छोड़ दिया । साथ ही चोरों ने कम्प्यूटर कक्ष का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया जहां बैट्री व इन्वाइटर रखी हुई थी लेकिन चोर ताला तोड़ने में नाकाम रहे। इस निमित्त प्राचार्य ने प्रशासन से अज्ञात चोरों की शिनाख्त कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

#### कटकमसांडी थाना प्रभारी से टोनी जैन ने की औपचारिक मुलाकात, कहा

## नशा तस्करों पर पुलिस प्रशासन का नकेल कसना सराहनीय

*नशा का जो भी कारोबार करते हैं उन लोगों पर कानून की कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भारतीय जनता पार्टी नेता टोनी जैन ने कटकमसांडी में अपने जन संपर्क अभियान के तहत कटकमसांडी थाना के प्रभारी देवदत्त सिंह से औपचारिक मुलाकात की। आपसी चर्चा के दौरान टोनी जैन ने मादक पदार्थ के तस्कारों पर नकेल कसने के लिए प्रशासन की तारीफ की और कहा कि एक समय कटकमसांडी में काफी मात्रा में अफीम की खेती होती थी। उन्होंने कहा कि तस्करों पर पुलिस द्वारा नकेल कसने के कार्यों को सराहनीय बताया। नशा के बारे में पहल जो हम लोगों को समाचार पत्रों के माध्यम से मालूम होती थी, लेकिन आज पुलिस प्रशासन की सक्रियता से काफी हद तक उसमें लगाम लगाया गया है। प्रशासन इसके लिए काफी अच्छा कार्य कर रही है। हजारीबाग आरक्षी अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में मादक पदार्थ तस्कारों पर जो कार्रवाई हो रही है वह काफी सकारात्मक है। हजारीबाग जिले के सभी थाना प्रभारियों का भी अहम योगदान हैं। हम लोग प्रशासन से एक ही मांग करते हैं कि हजारीबाग शहर नशा मुक्त हो और वैसे लोग जो थोड़े से धन कमाने के चक्कर में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, नशा का कारोबार करते हैं उन पर कानून की कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। वह सारे लोग जेल के अंदर बंद हों, ताकि हमारा तथा बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे। मौके पर भाजपा नेता दीपक यादव, सोनू गुप्ता, मुकेश कुमार और मुकेश मेहता उपस्थित थे।

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष से विकास कार्यों को करने की मांग

**बरकट्ठा।** प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद शेख एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विकास कार्यों को कराने की मांग किया है. इस बाबत शाहिद शेख ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष मंत्री दर्जा प्राप्त हिदायतुल्ला खान को एक मांग पत्र सौंपा है. जिसमें उन्होंने कोनहराखुर्द स्थित कब्रिस्तान एवं मजार शरीफ की चार दिवारी, रोड़ एवं सुंदरीकरण कार्य, बरकट्ठा में कमेटी हॉल का निर्माण कराने की मांग किया है. कहा है कि कोनहराखुर्द में हाजी अब्दुल हकीम शाह रहमतुल्लाह अलैहे का मजार शरीफ परिसर स्थित कब्रिस्तान काफी जर्जर हालत में है. मजार शरीफ में पिछले 45 वर्षों से उर्स होता आ रहा है. जहां उर्स के समय काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं. जिसको देखते हुए चार दिवारी, रोड़ एवं सुंदरीकरण कार्य कराने की गुजारिश किया है. मांग पत्र में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष साजिद अली खान, मोहम्मद आबिद समेत अन्य लोग के हस्ताक्षर शामिल है.

#### शहीद स्मारक में पसरी गंदगी को यूथ विंग ने की साफ-सफाई

## तस्वीरें खींचना मकसद नहीं, शहीद स्मारक को साफ रखना सच्ची श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
26 जुलाई को पूरा देश कारगिल दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न किया गया। हजारीबाग में भी कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर कोई शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर कारगिल दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हुए अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर उजागर किया, परंतु शहीद स्मारक स्थल पर गंदगी का अंबार लग गया, शनिवार को सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के उपरांत संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देशानुसार रविवार को हजारीबाग यूथ विंग संस्था के द्वारा शहीद स्मारक की साफ-सफाई कर एक सराहनीय कदम समाज के प्रति पेश किया गया है। यह कार्य न केवल शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करता है बल्कि समाज में उनके योगदान को याद रखने और उनकी वीरता को सलाम करने का भी एक तरीका है। साफ-सफाई के माध्यम से स्मारक की सुंदरता और संरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। टीम ने शहीद स्मारक स्थल की समुचित साफ सफाई किया। हजारीबाग यूथ विंग की पूरी टीम रविवार को सुबह 7:00 से 9:00 तक श्रमदान किया। शहीद स्मारक उन वीरों की याद दिलाते हैं जिन्होंने देश की रक्षा और सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

#### चौकीदार बहाली के लिखित परीक्षा केन्द्रों का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण

## पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा पूर्ण कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत रविवार को रामगढ़ शहर के अलग-अलग आठ केन्द्रों पर चल रही लिखित परीक्षा को लेकर रविवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ उच्च विद्यालय कोयरीटोला, छावनी मध्य विद्यालय नईसराय रामगढ़, छावनी मध्य विद्यालय सुभाष चौक एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण कर चल रही लिखित परीक्षा का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे सभी संबंधित दण्डाधिकारियों, अधिकारियों आदि को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार, नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

#### 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' संचालन को लेकर उपायुक्त ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

## ग्राम स्तर पर महिलाओं को जागरूक करने का निर्देश




*30 जुलाई तक आंगनबाड़ी केन्द्रों को कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का रामगढ़ जिले में सफल संचालन सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को योजना की जानकारी देते हुए ग्राम स्तर पर महिलाओं को योजना के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करने तथा अन्य जागरूकता संबंधित कार्य 30 जुलाई तक पूर्ण करते हुए 31 जुलाई से आवेदन पत्र का वितरण पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि से सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने सभी प्रखंड विकास अधिकारियों को योजना की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को योजना का संचालन सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने में गंभीरता पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने योजना का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी कार्यों में सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## बरही के सब रजिस्ट्रार का हुआ स्थानांतरण, डीड राइटर्स की चिंताएं बढ़ी



**बरही ।** अवर निबंधक कार्यालय बरही के सब रजिस्ट्रार बिकास कुमार का स्थानांतरण हो चुका है. परंतु इनके स्थान पर किसी भी पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं हुई है. जिससे बरही के डीड राइटर्स चिंतित है. डीड राइटर्स ने बताया कि बरही अवर निबंधक कार्यालय का क्षेत्र काफी बड़ा है. जहां प्रतिदिन दर्जनों लोग जमीन रजिस्ट्री के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आते है. ऐसे में स्थाई रजिस्ट्रार के अभाव में कार्य बाधित होगा. जैसा कि पूर्व में देखा जा चुका है. प्रभारी रजिस्ट्रार महीना में कुछ दिन बैठते है, जो निश्चित नहीं होता है. ऐसे में जनता तो परेशान होगी ही उनके अथोर्पार्जन पर भी प्रभाव पड़ेगा. उनलोगों ने बताया कि वर्षों बाद बरही को एक तेज तर्रार सब रजिस्ट्रार मिला था. जिन्होंने देर रात तक जनता के कार्य को प्राथमिकता के साथ किया है. इनके प्रयास से रजिस्ट्री ऑफिस के कार्य के साथ व्यवस्था में भी सुधार आई थी. इनलोगो ने उपायुक्त से इनके स्थानांतरण स्थगित करने की मांग किया है. सब रजिस्ट्रार श्री कुमार ने बताया कि स्थानांतरण के आदेश आ गए है, आदेशानुसार कोडरमा में योगदान देना है.

---

## न्यूज | बॉक्स

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैय्यद तनवीर अहमद की अध्यक्षता में पेलावल उत्तरी पंचायत भवन में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कार्य समिति सदस्य कय्यूम अहमद ने किया। इस मौके पर उन्होंने डॉ. कलाम को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस समारोह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री विनीत जैन, जिला कोषाध्यक्ष अबू ताल्हा हाश्मी, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष जैनूल अंसारी, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी, मनीष ठाकुर, और अन्य भाजपा पदाधिकारी जैसे एकराम अंसारी, कुर्बान अंसारी, जैनुल अंसारी आदि उपस्थित रहे। इस शिविर का आयोजन एस4 आई हॉस्पिटल, हजारीबाग के सहयोग से किया गया। शिविर में तीन डॉक्टरों और पांच स्टाफ सदस्यों ने अपनी सेवाएं दीं।

### मोहम्मद अली लाइब्रेरी के सदस्यों ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग।** मोहम्मद अली लाइब्रेरी के सदस्यों ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम व सदस्य बरकत अली से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो 1930 में बनी बिहार सरकार से मान्यताप्राप्त मोहम्मद अली लाइब्रेरी जो हजारीबाग शहरी क्षेत्र के मध्य कालीबाड़ी रोड स्थित एक पुराना पुस्तकालय जो करीब 96 वर्षो से स्थापित है और आम जनता उससे फायदा उठा रही है और ज्ञान के प्रचार-प्रसार में इस पुस्तकालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार में बिहार सरकार के द्वारा कई सार्वजनिक लाइब्रेरी का समान ग्रंथ अनुदान बहुत दिनों से दिया जा रहा है जैसे सिन्हा लाइब्रेरी पटना को हर वर्ष बिहार सरकार द्वारा रखरखाव के लिए उसका सामान्य खर्च देता है । अतः अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार इस विषय पर संज्ञान लेते हुए बिहार सरकार के तर्ज पर भी मोहम्मद अली लाइब्रेरी को भी दी जाए ताकि लाइब्रेरी का संचालन बेहतर ढंग से हो सके।

### कामगारों को मिठाई खिलाकर व अंग वस्त्र देकर किया गया स्वागत



**विष्णुगढ़ ।** प्रखंड अंतर्गत अलपिटो पंचायत के हेठली बोदरा में पुष्पा पाठक के बगीचे में बिरसा कूप निर्माण कार्य पूर्ण होने पर निर्माण में लगे कामगारों को मिठाई खिलाकर तथा शाल ओढा कर मेठ लक्ष्मीकांत पाठक द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि कामगारों की बदौलत ही किसी भी तरह का निर्माण कार्य संभव है। लिहाजा उनका सम्मान निहायत जरूरी है। इसी निमित कूपमें खुदाई से लेकर बंधाई में लगे मिस्त्री और मजदूरों को सम्मानित किया गया। सभी कामगार सम्मानित होकर काफी गदगद दिखे।

### मुखिया ने विकास कार्य का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला में मुखिया रिंकी देवी ने विकास कार्य का शिलान्यास किया। मुखिया ने बेड़ोकला बुढ़वा महादेव के बगल बिशुन ठाकुर घर के पास चबुतरा शेड निर्माण कार्य की आधारशिला रखीं। निर्माण कार्य 15 वीं वित्त आयोग मद से 2,96,200 रुपये की लागत से किया जाएगा। मौके पर मुखिया रिंकी देवी ने कहा कि पंचायत की विकास करना मेरी प्राथमिकता है और मैं चौबीस घंटे सेवा के लिए तत्पर हूं। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य युसूफ अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, अभिकर्ता संजय पंडित, राजेश ठाकुर, रविन्द्र शर्मा, इंद्रजीत यादव, जिबरैल अंसारी, विरेन्द्र शर्मा, भुषण पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### थाना परिसर में किया गया पौधरोपण, पुलिस कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



बरही । इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने थाना परिसर में आधे दर्जन फलदार वृक्ष लगवाया. इस कार्य में थाना के कई सब इंस्पेक्टर, रीडर, ऑपरेटर, हवलदार, चौकीदार आदि ने महत्ती भूमिका निभाई. इंस्पेक्टर ने थाना कर्मियो को लगाए गए वृक्ष की रक्षा की जिम्मेवारी भी सौंपी. उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाना हमारा कर्तव्य है पर इसकी सुरक्षा हमारी नैतिक धर्म भी है. वृक्ष हमारे लिए जीवनदायिनी है. हम सभी को इनकी सेवा और रक्षा का संकल्प लेने की आवश्यकता है. पौधे ही पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में सहायक है. उन्होंने पुलिस कर्मियों सहित आम लोगो से अपने आस पास वृक्ष लगाने और उसकी रक्षा करने का अपील किया है. वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसआई सुरजीत चौधरी, रीडर आशिफ खान, चौकीदार बिनोद पासवान, सकलदेव पासवान, घनश्याम, सत्यानंद दास, दिनेश कुमार यादव आदि मौजूद थे.

## एक नजर

### विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बनी रणनीति

सिमडेगा। रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बुद्धिजीवी वर्ग ( आदिवासी अधिकार महा पंचायत )की बैठक मतियस कुल्लू की अध्यक्षता में हुई।बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को सामुहिक रूप से सभी आदिवासी समुदाय के द्वारा मिलकर मनाया जाएगा।बैठक में सभी आदिवासी समुदाय के लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सूनिश्चित करने की बात कही गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि बीते 24 जुलाई 2024 को समिति का गठन किया गया था। वही समिति को सुचारू रूप से चलाने की बात कही गई। सभी आदिवासी बुद्धिजीवी वर्ग 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस की संरक्षण का कार्य करेंगे। वहीं कहा गया कि सिमडेगा में बहुत तेजी से आदिवासी जमीन की लूट हो

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा रविवार को केरसई प्रखंड के रूसु में नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। विधायक द्वारा उद्घाटन करने के बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली संबंधी समस्या से निजात मिल गयी है। मौके पर विधायक ने कहा कि आज बिजली हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। बिजली के बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की हर समस्या का ताबड़तोड़ समाधान किया जा रहा है। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा,जिला सदस्य मनोहर प्रसाद, संभू प्रसाद,संकर प्रसाद,पंचायत अध्यक्ष अनूप लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### कावंरियों का दल बानो से घोघर के लिए हुआ रवाना



**बानो।** रविवार को बानो से कावंरियो का एक दल उड़िसा के घोघर स्थित शिवमंदिर के लिए रवाना हुआ।कांवरिया द्वारा रवाना होने के पूर्व बानो शिव मंदिर में पुजा अर्चना किया गया।इसके बाद तषस्वनी एक्सप्रेस ट्रेन से उड़िसा घोघर के लिए सभी कांवरिया रवाना हुए।सभी कांवरिया सोमवार को भगवान भोले का दर्शन करने के बाद जलाभिषेक करेंगे।कावंरिया का दल में जसमती देवी, रेणु कुमारी,अनुपमा देवी, देवंती कुमारी,कमला देवी,सावित्री नायक, बंसती कुमारी, सुनिधि कुमारी, परि कुमारी, नेहा कुमारी, मुक्ति निशा रानी, अंशु आदिनाथ बडाइक सहित अन्य लोग शामिल है।

### तेज बारिश से घर हुआ क्षतिग्रस्त

**बानो।** प्रखंड के डुमरिया रायबेडा में लगातार तेज बारिश से सुशीला कुमारी का घर गिर गया। जिससे महिला को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। घटना की जानकारी होने पर मुखिया लुथर भुइंया ने घटनास्थल पहुंच कर सुशील कुमारी से जानकारी ली एवं क्षतिग्रस्त हुए घर का मुआयना किया। मुखिया ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि तेज बारिश से घर गिर गया। घटना में घर का समान भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### ग्रामसभा का आयोजन कल

**बानो।** बानो पंचायत भवन में 30 जुलाई को ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। ग्राम सभा में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जाएगा। साथ में विभिन्न योजनाओं का चयन किया जाएगा। ग्राम ग्राम सभा 30 जुलाई को सुबह 10:00 बजे से आरंभ होगी। उक्त जानकारी देते हुए उप मुखिया मैकलीन लुगुन ने के ग्रामीणों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### मरीजों को सफाईकर्मी दे रहा था दवा, हुई कारवाई

# जिला आयुष पदाधिकारी ने डॉक्टर का वेतन रोका

**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

शुक्रवार को राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, जलडेगा के किनिरकेला में डॉक्टर की अनुपस्थिति में सफाईकर्मी मरीजों को दवा दे रहा था। वहीं ओपीडी रजिस्टर में मरीजों का नाम लिखने का काम कर रहा था। इस खबर को जिला आयुष पदाधिकारी सुभद्रा कुमारी ने गंभीरता से लिया। उन्होंने पत्र जारी कर सामुदायिक चिकत्सा पदाधिकारी डॉ खुर्शीद हसन के जुलाई माह का वेतन और पीएलपी पर रोक लगा दिया है। जिला आयुष पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि मीडिया रिपोर्टिंग के दौरान वहां के सफाईकर्मी मौजूद पाये गये। उनके द्वारा बताया गया कि सारी जिम्मेवारी उन सफाईकर्मी पर ही है। मीडिया के द्वारा दिये गये



**जलडेगा के आयुष चिकित्सालय में झाड़ू मारने वाला स्टाफ करता है डॉक्टर का काम**

**भगवान भरोसे मरीज**



वीडियो में सफाईकर्मी के द्वारा बताया गया है कि ओपीडी रजिस्टर में नाम एवं दवा भी मरीजों को उनके द्वारा ही दी जाती है। इससे पूर्व भी अनेकों बार मौखिक एवं लिखित रूप से स्पष्टीकरण पूछते हुए चेतावनी भी दी गई थी, परन्तु इसके बाद भी आपके कार्य शैली में कोई भी सुधार नहीं देखा गया। अततः मिडिया बंधुओं द्वारा भी आपका यह कृत्य उजागर किया गया जो कि अंत्यत निंदनिय है। इस कृत्य से जलडेगा 2 के पिड़ित मरीजों के उपचार में बाधा उत्पन्न हुई है तथा आयुष की छवि भी आम जन मानस के समक्ष भी खराब हुई है।ज्ञात हो कि राष्ट्रीय नवीन मेल के द्वारा उक्त खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर मामले को प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था जिसके बाद डॉक्टर के ऊपर कारवाई की गई है।

**नमाज पढ़ने गया था : डॉ खुर्शीद**

हालांकि मामले पर अब सामुदायिक चिकत्सा पदाधिकारी डॉ खुर्शीद हसन का बयान सामने आया है। उन्होंने मीडिया को लिखित आवेदन देकर बताया है कि वे शुक्रवार को कोनमेरला पंचायत के कोलोमडेगा स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। इस कारण वे शुक्रवार को अनुपस्थित थे।

## सिमडेगा की माटी में रचा बसा है हॉकी: आईरीन एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा की माटी में हॉकी रचा बसा है। जिले की पहचान पूरे विश्व में हॉकी के कारण है। हॉकी एवं अन्य खेलों के विकास के लिए झापा प्रतिबद्ध है। झापा नेत्री आईरीन एक्का रविवार को गरजा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रही थी। आईरीन एक्का ने फाईनल में पहुंचने वाले दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल हमें अपनी संस्कृति से जोड़ता है। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरुरी है। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि आईरीन एक्का सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद गरजा बनाम कोबांग के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें कोबांग की टीम 1-0 से विजयी रही। विजेता एवं उपविजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आशीष सिंह, अमन खेस, अनूपा मिंज, रवि बड़ाईक, विकास बाड़ा, सलपो खेस, जयसेर सिंह, गिरधारी सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आज के समय में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरीः अब्दुल

**कोडरमा।** झारखंड पब्लिक स्कूल कोडरमा में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चौथे वर्षगांठ पर आयोजित शिक्षा सप्ताह रविवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन स्कूल के प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान, रामलाल दास, इंदरवा पंसस ललिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि क्लास नौवीं की छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया।

## पेनाल्टी शूटआउट में मनोहरपुर चिड़िया माइंस की टीम 4-3 से हुई विजय



**सिमडेगा।** 25वां वीर शहीद अंतरराज्यीय थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन रविवार को चिड़िया माइंस चिड़िया मनोहरपुर बनाम सोलंकी एफसी रांची के बीच हुआ। इस खेल में चिड़िया माइंस चिड़िया मनोहरपुर की टीम पेनाल्टी में 4-3 से गोल मारकर अगले चक्र में प्रवेश की। आज सोमवार 29 जुलाई का खेल संत इग्नासियुस गुमला बनाम टाइगर एफसी सिमडेगा के बिच 3:45 बजे होगी।खेल की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।खेल को सफल बनाने में कमिटी के सदस्य आयोजक राजेश कु. सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग,सचिव मोनू बड़ाईक, सलाहकार मतियस कुल्लू, इसिदोर केरकेट्टा महामंत्री रामजी यादव,उपाध्यक्ष अजीत नवरंगी, शकील अहमद, रिंकु अग्रवाल, आदि की अहम भूमिका रही।वहीं रेफरी की भूमिका राजकुमार पाणिग्रही उड़ीसा, मोहन हांसदा और राकेश किस्कु जमशेदपुर ने निभाई।

### कोडरमा में करंट से मजदूर की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के तीनतारा में चेक डैम निर्माण के दौरान रविवार को करंट से कार्य में लगे मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के सतगावां प्रखंड के बासोडीह निवासी राजेंद्र मुर्मू (35) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र मुर्मू चैक डैम निर्माण के कार्य में लगा हुआ था। वह ढलाई के लिए छड़ की कटिंग कर उसे सीधा कर रहा था। इसी दौरान कार्यस्थल के ऊपर से गुजरे तार से छड़ सट गया और उसे करंट का जोरदार झटका लगा। इसके बाद स्थानीय लोग तुरंत उसे सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया।

### कारगिल विजय दिवस पर रजत जयंती महोत्सव का आयोजन

# वीर सैनिकों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

वेटरन ऑगेनाइजेशन ऑफ झारखंड एवं पूर्व सैनिक आर्मी, नेवी, एयर, फोर्स और पारा मिलिट्री संगठन के द्वारा सिमडेगा जिला शहर के डाक बंगला सभागार में 25 वीं कारगिल विजय दिवस मनाया गया तथा रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कारगिल के शहिदों और योद्धाओं को शत शत नमन किया गया। 25 वीं कारगिल विजय दिवस समारोह का मुख्य अतिथि वेटरन डॉ. चन्द्रशेखर पी सहित अन्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध और अन्य युद्धों में अपनी वीरता से दुश्मन के छक्के छुड़ाने वाले वीरों और उनके परिजनों को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि वेटरन आगेर्नाईजेशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. चन्द्रशेखर ने कहा कि एक सैनिक के लिए राष्ट्र ही सर्वप्रथम होता है।

राष्ट्र के लिए सबकुछ भूलकर एक सैनिक अपनी जान की बाजी लगा देता है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से ही सैनिक बनने का अवसर मिलता है। समारोह में राउरकेला से आई एम एलसी जे दास, शांतिबाला केरकेट्टा, अमरनाथ बामलिया, डीडी सिंह, हिलव्यू स्कूल के निदेशक समुद्रगुप्ता और कई पूर्व सैनिकों ने भी विचार व्यक्त किए। एनसीसी की संतोषी कुमारी ने बहुत प्रेरक कविता सुनाई।वेटरन आगेर्नाईजेशन सिमडेगा के विष्णु महतो ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना की एक बड़ी उपलब्धि रही है और इस जीत से हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर कारगिल युद्ध मे अदम्य वीरता का प्रदर्शन करनेवाले सिमडेगा जिला निवासी रामरतन महतो, बेलस एक्का, विलियम सोरेंग को और शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

### शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60 शिक्षक हुए शामिल

**कोडरमा।** जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में रविवार से समावेशी शिक्षा पर रविवार से दो दिनी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। रिसोर्स पर्सन अनूप कुमार सिंह और चंदन कुमार दुबे ने सरल शब्दों में समावेशी शिक्षा के सिद्धांतों, आवश्यकताओं, इसके लाभ और विशेष तौर पर समावेशी शिक्षा अंतर्गत शिक्षकों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, विभिन्न गतिविधियों के जरिए समझाया। उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा ऐसी शैक्षिक दिशा है, जिसमें हर छात्र को उसकी जरूरतों और संभावनाओं के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

## छात्र राजद की बैठक में विधानसभा में भाजपा को परास्त करने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**

शहर के विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में रविवार को छात्र राजद की बैठक हुई। बैठक में युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि देश में नौजवानों को जाति-धर्म के नाम पर बांट कर छात्र-युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेला जा रहा है। देश में बेरोजगारी विकराल रूप ले चुकी है। लेकिन बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है। उन्होंने छात्र राजद की गतिविधि प्रखंड और पंचायत स्तर तक ले जाने का आह्वान किया। अध्यक्षता छात्र राजद के जिलाध्यक्ष जैकी यादव और संचालन विक्की सिन्हा,मो



मुबारक ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में दर्जनों छात्रों ने पार्टी नेता सुभाष प्रसाद यादव के सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में आस्था व्यक्त कर सदस्यता ली। मौके पर कंचन यादव, घनश्याम तुरी, महेश यादव, राजेश कुमार, दीपक रजक, अंकित सिंह, पंकज रजक, धीरज गुप्ता, मो सिकंदर, गोलू साव, अंकुश कुमार, अरुण गुप्ता, विवेक यादव, गुंजन मिश्रा, अतुल सिन्हा, अहमद रजा, कौशतुब सिंह आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी




**कोडरमा।** भाजपा झुमरी तिलैया मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम रविवार को मंडल अध्यक्ष राजेश सिन्हा, कार्यक्रम के संयोजक इंद्रदेव मोदी, नगर महामंत्री संजय शर्मा,नवीन चौधरी ने अपने- अपने बूथों पर सुनी और देखा। जबकि विभिन्न बूथों, शक्ति केंद्रों पर भी देखा और सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले इस खास कार्यक्रम मन की बात में पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान खादी ग्रामोद्योग के कारोबार, पेरिस ओलंपिक, सरकार के मानस अभियान, प्रोजेक्ट परी और इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड जैसे कई सारे मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि पेरिस में हो रहे ओलिंपिक गेम्स की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। हमें अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने मैथ्स ओलिंपियाड के विजेताओं को बधाई दी। फोन के जरिए प्रतिभागियों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से भारत को नशा मुक्त बनाने की अपील की। मन की बात कार्यक्रम सुनने वालों में बलराम यादव, पिंटू मजूमदार, गंदोरी रजक, राजेश वर्मा, सुधीर सेठ अंकित गुप्ता, नवीन जैन,गौतम सिंह, अर्जुन सिंह, पिंटू भारती, कैलाश सिंह, विनय राणा, राजेश राणा, शिव शंकर पांडेय ,भारत पांडेय, रामबालक चौधरी, राकेश सिन्हा, रोहित शर्मा, परमेश्वर विश्वकर्मा, दिनेश वर्मा, संतोष कुमार, रविकांत तिवारी, पवन कुमार, ज्योति पहाड़ी आदि थे।

## विधायक ने सड़क मरम्मती कार्य का किया शिलान्यास



**नवीनम मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने रविवार को दर्जनों गांवों के लोगों को सड़क का तोहफा दिया है। ये गांव ऐसे हैं जहां की पहुंच पथ काफी जर्जर हो गयी है। कालीकरण होने के बावजूद सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं एवं बोल्डर निकल आये हैं। रविवार को विधायक ने बनाबीरा से कुल्लुकेरा भाया टैंसेरा तक, बेन्दोंजोर से तुरतुरीपानी, महुआटोली से कोचेडेगा रामरेखा पथ बड़ा डुंगरी तक, सिकरियाटांड़ भंजपत्थर से सोगड़ा होते हुए करजीटांड़-ठेठईटांगर पाकर टांड़ तक होने वाले सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में जिले में सड़कों का जाल बिछेगा। कोरोना वायरस ने लगभग दो साल तक कई कार्य को रोक रखा था, जिनकी भरपाई करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि उन्होंने 5 दर्जन सड़क का कालीकरण, पीसीसी पथ बनवाने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावे एक दर्जन सड़कों का कालीकरण पथ निर्माण कराने एवं आधा दर्जन नदियों में पुल बनवाने की अनुशंसा कर भेजी गई है।

जल्द ही सभी कार्य धरातल में उतरेगी। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो वादा की थी उसे पूरा करने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। आज स्थानीय विधायक भूषण बाड़ा एवं विक्सल कोंगाड़ी के प्रयास से एनएच 143 की स्थिति सुधरी, गांवों तक सड़कों का जाल बिछ रहा है।वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सिमडेगा विधायक ने जो किया उसे पूरा कर के दिखाया है।

## डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर महिला एथलीट मीट आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर केटीपीएस के तत्वावधान में रविवार को महिला एथलीट मीट का आयोजन हुआ। महिला एथलीट में कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। केटीपीएस के सीनियर जीएम दिलीप कुमार सिंह की पत्नी नीलम सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। महिलाओं ने विभिन्न स्पधाओं जैसे शॉटपुट, जेवेलिंग थ्रो, रिले रेस आदि में बड़े उत्साह और स्पोर्टी तरीके से भाग लेकर आकर्षक रूप से खेलों में अपनी क्षमता दिखाई। विभिन्न खेलों में विजेता हुई महिलाओं को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नीलम सिंह ने डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दामोदर घाटी निगम, संयुक्त राज्य अमेरिका के टेनेसी वैली अर्थॉरिटी की तर्ज पर बना स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है, जो भारत देश के विकास का आधार बनकर मिल का पत्थर साबित हुई है।

स्थापना दिवस पर आयोजित खेल में महिलाओं की भागीदारी एवं उनकी खेल क्षमता ने काफी रोमांचित किया है।

## न्यूज बॉक्स

### सर्पदंश से युवक घायल, स्थिति गंभीर



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के लबडेरा गाँव में सर्पदंश से एक युवक की स्थिति गंभीर हो गई। युवक की पहचान सुभाष केरकेट्टा 20 वर्ष पिता मीठू केरकेट्टा निवासी लबडेरा के रूप में हुई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मीठू केरकेट्टा दोपहर में शराब का सेवन कर घर के समीप पीपल पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर सो रहा था। इसी बीच जहरीले सांप ने दाहिने हाथ में डंस लिया। जिसके बाद मुंह से झाग निकलता देख परिजन उसे आनन फानन में कुरडेग अस्पताल लेकर आए। जहां डॉ प्रशान्त कुमार बारीक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि पिछले वर्ष भी बरसात के समय युवक को इसी पीपल पेड़ के नीचे बने चबूतरे में सोये हुए अवस्था में जहरीले सांप ने डंसा था।

### पूर्व सांसद साइमन तिग्गा को दी गई श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** पूर्व सांसद साइमन तिग्गा की 19वीं पुण्यतिथि पर रविवार को साइमन तिग्गा उच्च विद्यालय घोचोटोली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य जया किंडो, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष फौजी मिंया, समिति के डीडी सिंह, अनूप केशरी, शफीक खान आदि ने साइमन तिग्गा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर फौजी मियां ने कहा कि साइमन तिग्गा अपने व्यवहार के कारण लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। लोगों ने उन्हें खूंटी लोकसभा क्षेत्र से क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए चुनकर संसद पहुंचाया था। साइमन तिग्गा संघर्ष और मेहनत करने पर भरोसा करते थे।डीडी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को साइमन तिग्गा के जीवन से प्रेरणा लेकर स्कूली जीवन से ही कड़ी मेहनत कर बेहतर शिक्षा ग्रहण करते हुए अच्छा इंसान व सफल व्यक्ति बनने के लिए प्रयास करना चाहिए। वहीं अनूप केशरी ने कहा कि साइमन तिग्गा हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने सिमडेगा जिले को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके द्वारा किये गए योगदान को सिमडेगा वासी हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम को सफीक खान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### राज्य सरकार के संरक्षण में विभागों में मची है लूट : श्रद्धानंद बेसरा



**सिमडेगा।** पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने जमुनाखैर का दौरा कर ग्रामीण जनता की समस्यायों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत सात सालों से विद्युत समस्याओं से जूझ रहे हैं, 100 परिवार की गांव में एक छोटा सा ट्रांसफार्मर पूर्व में लगाया गया था जो क्षमता की दृष्टिकोण से अपर्याप्त है। हमारे गांव में अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने से पर्याप्त विद्युत मिलेगी तभी समस्याओं का समाधान होगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसके कारण निकटवर्ती गांव से बिजली के लिए हमेशा झगड़ा होते रहता है। पेयजल के संबंध में बताया कि एक जलमिनार बनाया गया है परन्तु चापाकल में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं रहने से डांडी कुंआ का पानी पीने के लिए मजबुर है।श्री बेसरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्युत और पेयजल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखी जाएगी एवं जल्द समाधान करने के लिए आग्रह किया जाएगा। साथ ही श्रद्धानन्द बेसरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एवं झामुमो गठबंधन सरकार में झारखंड का विकास ठप हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा हर घर नल योजना के तहत दिए गए पैसा एवं विद्युतीकरण के लिए दिए गए पैसा का बंदरबाट हो रहा है, सरकार के संरक्षण में संबंधित अधिकारियों द्वारा पैसा लूटा जा रहा है, इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जल्द ही झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी और पूर्व की तरह गांव का विकास युद्ध स्तर पर किया जाएगा।ग्रामीणों ने श्री बेसरा को एक आवेदन पत्र भी विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा के नाम से दिया।मौके पर प्रखंड भाजयुमो अध्यक्ष श्रवण गोसाई एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### रूसु केरसई के सैंकड़ों लोग कांग्रेस में हुए शामिल

**केरसई।** रविवार को रूसु केरसई में सैंकड़ों लोगों ने भाजपा और झापा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को विधायक भूषण बाड़ा सहित कई कांग्रेसियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हमारी जनता भाजपा और झापा की गंदी राजनीति से ऊब चुकी है। लोगों का भाजपा और झापा से मोह भंग हो चुका है और लोग भाजपा, झापा पार्टी को छोड़कर बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और अधिक तेजी से लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में नेहाल कुमार, आदित्य कुमार, गोपाल प्रसाद, ललन कुमार, धीरज प्रसाद, सुनील प्रसाद,गंगा प्रसाद,दीपक प्रसाद, सतनारायण प्रसाद केशरी, प्रशांत कुमार, अभिमन्यु कुमार, उमेश प्रसाद, विकास कुमार, आदि ने शामिल हैं। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

### पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सिमडेगा।** रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एफ.एस.एल रांची से आये वैज्ञानिक जया सिंह (सहायक संचालक डीएनए), फोरेंसिक विज्ञान एवं प्रयोगशाला निदेशालय रांची के द्वारा आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि, किसी काण्ड के अनुसंधान के क्रम में किस प्रकार साक्ष्य एकत्र करना है और किस प्रकार संरक्षित करते हुए फोरेंसिक जांच हेतु एफएसएल भेजना है।कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक, एफएसएल राँची से आये वैज्ञानिक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा, परि० पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाकपा माले ने चारु मजूमदार को किया नमन



**गिरिडीह।** भाकपा माले संस्थापक महासचिव चारु मजूमदार का 52वं शहादत दिवस मनाया गया। गांव-टोलों में सदस्यों के बीच पार्टी का झंडोतोलन के बाद चारु मजूमदार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। केंद्रीय कमिटी के संकल्प पत्र का पाठ पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने पढ़ाया। पार्टी को मजबूत करने के लिए 28-31 जुलाई तक गांव-गांव में पार्टी सदस्यों और आमलोगों के बीच बैठक आयोजित की जाएगी। हक दो वादा निभाओ जन अभियान को शुरू किया जाएगा। आगामी महीनों में सभी गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रुपया देने की मांग के साथ प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन किए जाएंगे। सदस्यों से सहयोग राशि, पार्टी पत्रिका का वार्षिक ग्राहक बनाने, पार्टी में नए सदस्य भर्ती करने के कार्यभार को पूरा करने का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रदीप यादव, जीप सदस्य पवन कुमार चौधरी, अखलेश यादव, नागेश्वर यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अनाथ बच्चों को कराया गया भोजन



**रांची ।** डोरंडा के निवारणपुर स्थित आदिम जाति सेवा मंडल राजेन्द्र आश्रम में नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल कौंसिल संस्था के सदस्यों ने आरव सिंह के प्रथम जन्मदिन पर अनाथ बच्चों को भोजन कराया। और बच्चों के बीच कपड़ा के वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अथिति गुरु कुमार आनन्द रंजन, संस्था के डायरेक्टर सिद्धार्थ,अर्णव, अर्पण, अभिषेक सिंह, राजेश सिंह, मनीष सिंह, मुक्ति पाठक, पवन वर्मा, रविश रोशन, मंगल सिंह, विशाल, नमन भारतीय, अलोक सिन्हा का मुख्य रूप से योगदान रहा।

### दस युवाओं को माहवारी स्वच्छता की जानकारी दें : डॉ कनीनिका

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आरयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभागार में विगत एक माह से चलाए जा रहे माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान का समापन हुआ। मौके पर निदेशक डॉ बीपी सिन्हा की अध्यक्षता में सम्मान कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ कनीनिका मित्र ने अपने संबोधन में कहा कि माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन, सभी लड़कियों और महिलाओं के लिए उपलब्ध होना चाहिए। यह विशेषकर किशोरियों को स्वस्थ एवं सशक्त महिला के रूप में विकसित होने में मदद करता है। माहवारी स्वच्छता की सुविधा मिलने से लड़कियों एवं महिलाओ के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को सुनिश्चित करने के साथ-साथ लैंगिक असमानता को दूर करने में भी मदद मिलती है। इसके लिए आवश्यक है कि समाज में भी इसको लेकर एक सकारात्मक वातावरण पैदा किया जाए, ताकि माहवारी स्वास्थ्य से जुड़े सभी मिथकों को समाप्त करके हम सामाजिक समर्थन, जागरूकता और कौशल विकास को बढ़ावा देकर सशक्तिकरण को सुनिश्चित करें ताकि महिलाएं एवं लड़कियां अपनी पूरी क्षमता को प्राप्त कर सकें तथा स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन जी सकें। माहवारी स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### सड़क पर जलजमाव बना लोगों के लिए मुसीबत का सबब

# जर्जर हो चुकी सड़क पर बीच में गड्ढा होने से हो रही है दुर्घटना

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

बरसात के मौसम में होने वाली बारिश ने खेत- खलिहान, नदी, कुएं, तालाब आदि को भर दिया है। भीषण गर्मी से झूलस रहे लोगों को भी इससे राहत मिल गई है लेकिन इसी बारिश ने कई लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है।



तिसरी प्रखंड के पलमरुआ गांव के लोग इन दिनों सड़क पर होने वाले जल जमाव से खासे परेशान नजर आ रहें हैं. दरअसल चंदौरी से पलमरुआ जाने वाली मुख्य सड़क बहुत सी जगहों पर जर्जर हो चुकी है। सड़क कहीं पक्की है तो कहीं मिट्टी की, वहीं पलमरुआ गांव स्थित मुख्य सड़क पर गड्ढा बन चूका है जहाँ पिछले दिनों हुई बारिश से जल जमाव हो गया है। जिसके कारण वहां रहने वाले और आस - पास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां पैदल चलना तक दुर्लभ हो गया है।

तिसरी प्रखंड को बिहार के जमुई जिले से सीधा जोड़ती है सड़क चुकि यह सड़क गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड को पलमरुआ, लोकाय, थानसिंहडीह होते हुए सीधा बिहार के जमुई जिले से जोड़ती है जिसके कारण इस पथ पर रोजाना कई वाहनों का आवागमन होता है। चार पहिया वाहनों को तो ज्यादा परेशानी नहीं होती लेकिन दो पहिया वाली वाहने कई मर्तबा इसमें फंस जाती है।स्थानीय लोग बताते हैं कि बीच सड़क पर हुए इस जलजमाव के कारण कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। आयदिन पानी से भरे इस गड्ढे में कोई न कोई गिरता ही है। वहीं इस गड्ढे में पिछले दिनों एक व्यक्ति का एप्पल का आई फोन भी गिरने की बात कही जा रही है।

इस संबंध में बीस सूत्री अध्यक्ष मो। मुनीबुद्दीन ने बताया कि यह समस्या पिछले बरसात से ही है। ठीक इसके आगे ही एक बड़ा सा गड्ढा बना हुआ था,पिछले वर्ष डीसी के काफिले को रुकवाकर उन्हें अवगत कराया था तो उतने दूर रोड बन गया। उसके बाद यह समस्या आया यह रास्ता इतना खराब हो गया है कि प्रतिदिन कोई न कोई व्यक्ति गिर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री डॉ। इरफान अंसारी से मुलाकात कर लिखित आवेदन देते हुए सड़क मरम्मति का आग्रह किया है साथ ही उपायुक्त महोदय से भी मांग है कि इस सड़क को जल्द से जल्द बनवाने की कृपा करें। पंचायत समिति मो. कादिर ने कहा कि इस पंचायत में चार जगहों पर ऐसी स्थिति बनी हुई है अगर जल्द मरम्मत ना हुई तो परेशानी और भी बढ़ सकती है। ग्रामीण मो। साहेब ने कहा कि स्कूल के बच्चों को, यहां रहने वाले लोगों को और राहगीरों को इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से गुजरते वक़्त बाइक बीच रास्ते में ही फंस जा रही है। यहां दुर्घटना की संभावना बनी रहती है इसलिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और डीसी साहब से निवेदन है कि इस ओर ध्यान दें।

### अधिवक्ता परिषद झारखंड उच्च न्यायालय इकाई का पुनर्गठन

**रांची ।** अधिवक्ता परिषद झारखंड उच्च न्यायालय इकाई का पुनर्गठन किया गया है। रविवार को वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप की अध्यक्षता में स्थानीय होटल में हुई बैठक में परिषद का पुनर्गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेंद्र कुमार मिश्रा ने सत्र 2024 27 की पुनर्गठित समिति की घोषणा की। संरक्षक मंडल में वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा राजनंदन सहाय और मनोज टंडन को रखा गया है। अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप उपाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह साधना कुमार संजीव कुमार ठाकुर और डॉक्टर बजेश कुमार हैं। महामंत्री पवन कुमार पाठक मंत्री प्रवीण कुमार पांडे निक्की सिन्हा, सुनील कुमार रमित सत्येंद्र और कोषाध्यक्ष रंजन मुखर्जी मनोनीत की गई है। कार्यकारिणी सदस्यों में लाल ज्ञाननाथ सहदेव, बक्शी विभाग के अलावा पंकज कुमार मां वेंकटेश गोपाल सुमित्रा बरूई विजय कुमार राय बीबी सिंह अजय कुमार पाठक अंजनी सहाय खुशबू हेंब्रम रागिनी कुमार को रखा गया है विशेष आमंत्रित सदस्यों में उच्च न्यायालय में वकालत करने वाले प्रांतीय क्षेत्र और राष्ट्रीय पदाधिकारी को शामिल किया गया है।

## अग्रवाल सभा चुनाव : सज्जन कुमार पाड़िया को सबसे ज्यादा 862 वोट मिले



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा की 31 सदस्य कार्यकारिणी के लिए रविवार को हुए चुनाव में सज्जन कुमार पाड़िया सर्वाधिक 862 मत पाकर पहले स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर रहे कमल खेतावत को 857, मनोज कुमार चौधरी को 855, अनिल अग्रवाल को 853, मुकेश जाजोदिया को 848 रमाशंकर बगड़िया को 845, निर्मल कुमार बुढ़िया को 844, प्रमोद कुमार बगड़िया को 839, अजय कुमार डीडवानिया को 834, विजय कुमार खोवाल को 834, अजय कुमार खेड़ल्ल को 830, कौशल कुमार राजगढ़िया को 829, सुनील कुमार पोद्दार को 811, सुरेश कुमार पोद्दार को 808, नरेश कुमार बांका को 807, विशाल पहाड़ि,या को 803, मनीष टाटिया को 790, सुनील कुमार केडिया को 789, विनोद टिबरेवाल को 785, जितेश अग्रवाल को 781,किशन कुमार पोद्दार को 778, सुरेश कुमार चौधरी को 765, राजकुमार मित्तल को 764, प्रमोद कुमार अग्रवाल को 761, अशोक कुमार लत को 753, विकास अग्रवाल को 747, अमर अग्रवाल को 740, शिवकुमार अग्रवाल को 733 संजय सराफ को 728 आनंद जलन को 724 और मनोज कुमार डांडिया को 710 मत मिले। हारने वाले उम्मीदवारों में मनीष कुमार लोधा को 532, आकाश अग्रवाल को 503, कन्हैयालाल धर्तिया को 488, संजय बजाज को 458, कृष्ण अग्रवाल को 432, नंदकिशोर आर्य को 357 और आलोक कुमार अग्रवाल को 299 मत मिले।

## भूमिगत कोयला गैसीकरण का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल इंडिया ने झारखंड के कस्ता कोल ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण की पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पहली परियोजना शुरू कर दी है। कोयला गैसीकरण एक ताप रासायनिक प्रक्रिया है, जो कोयले को संश्लेषण गैस या सिनगैस में परिवर्तित करती है।



इसमें मुख्य रूप से कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन होती है। भारत अपने तेल का लगभग 83%, मेथनॉल का 90% से अधिक और अमोनिया का 13-15% आयात करता है। इसलिए कोयला गैसीकरण विशेष रूप से तेल, गैस, उर्वरक और पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा की बचत का प्रयास है। गैसीकरण परियोजनाओं से विविध उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे तेल और गैस का आंशिक आयात प्रतिस्थापन और भारत के प्रचुर कोयला भंडार का स्वच्छ उपयोग होना सुनिश्चित हो सकेगा। भारत के पास विशाल कोयला भंडार 378 बिलियन टन है और जिसमें से 199 बिलियन टन को प्रमाणित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ऊर्जा उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। वर्तमान में 80% कोयले का उपयोग ताप विद्युत संयंत्रों में किया जाता है।

जैसे-जैसे देश स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपना रहा है और नवीकरणीय स्त्रोतों को बढ़ावा मिल रहा है। कोयला मंत्रालय भी सक्रिय रूप से कोयले के सतत उपयोग को सुनिश्चित कर रहा है। 2020 में कोयला गैसीकरण मिशन की शुरूआत की गई थी, जिसका लक्ष्य 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले को गैसीकृत करना है। इससे महत्वपूर्ण संसाधन के मूल्य और उपयोगिता अधिकतम हो सकेगी। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने कोल इंडिया द्वारा बीएचईएल और जीएआईएल के साथ संयुक्त उद्यम कंपनियां बनाने के लिए इक्विटी निवेश को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य गैसीकरण परियोजनाओं की वित्तीय और तकनीकी व्यवहार्यता को प्रदर्शित करना, डाउनस्ट्रीम उत्पादों के लिए बाजारों को प्रोत्साहित करना और नई आर्थिक मूल्य श्रृंखलाएँ स्थापित करना है। इसके अलावा कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय गैसीकरण कोयले के लिए वाणिज्यिक नीलामी नीतियों में राजस्व हिस्सेदारी में 50% छूट प्रदान करता है, सिंथेटिक गैस उत्पादन के लिए एक नया उप-क्षेत्र तैयार हुआ है और गैसीकरण संयंत्रों को दीर्घकालिक कोयला आवंटन प्रदान करता है।

## ओबीसी का विधानसभा के समक्ष एकदिवसीय धरना कल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय कार्यालय हरमू में 11 सूत्री मांग को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड राज्य में ओबीसी की आबादी कुल आबादी का लगभग 55% प्रतिशत है। जिसका झारखंड के विकास में अहम भूमिका है परंतु यह वर्ग सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है , संयुक्त बिहार में हमारा आरक्षण 27% प्रतिशत था परंतु झारखंड में यह घटाकर 14% प्रतिशत कर दिया गया है एवं 11 जिलों में स्थानीय नियोजन में आरक्षण शून्य कर दिया गया है झारखंड के गठन का 24 वर्षों तक जिनकी भी सरकार बनी चाहे एन.डी.ए. हो यू.पी.ए. दोनों ने ओ.बी.सी. परिवार का हक अधिकार लूटने का काम किया है तथा छलने का काम किया है और सभी सरकारे हमारी संवैधानिक अधिकारों का हनन कर ओ.बी.सी. परिवार को पीछे धकेल कर हाशिए पर खड़ा कर दिया है इसी निमित्त ओ.बी.सी. को दर्द एवं पिछड़ापन को अंतिम परिवार तक पहुंचकर ओ.बी.सी. एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश द्वारा 11 सूत्री संवैधानिक अधिकारों को लेकर विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन आगामी 30 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया है।

वर्तमान राज्य सरकार से मांग करती है कि विधानसभा चुनाव के पूर्व जाति आधारित जनगणना कराकर जनसंख्या के अनुपात में सभी क्षेत्रों में सामाजिक , राजनैतिक , शैक्षणिक एवं सरकारी व गैर सरकारी नौकरियां सभी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। मौके पर संतोष कुमार सोनी, संजय ठाकुर, पंकज साहू, दिनेश ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, अनुज साहू, बालमुकुंद, हिमालय, रघु कुमार, विष्णु यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शिवाजी राय पुरुष व महिला में अर्चिता डे को खिताब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024 के अंतिम दिन गुरुनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, के ऑडिटोरियम में चल रहे प्रतियोगिता मे पुरूष एकल में बोकारो के शिवाजी राय ने अपने प्रतिद्वंदी रांची के सत्रुंजय चक्रवर्ती को 4-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं महिला एकल में पूर्वी सिंहभूम के अर्चिता डे ने अपने ही जिला के सानिया बनर्जी को हराकर विजेता बनी। अंडर 19 बालिका वर्ग में अर्चिता डे ने धनबाद की सृजनी चक्रवर्ती को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर 19 बालक वर्ग में गढ़वा जिला के नीतीश मेहता ने हजारीबाग के प्रतीक अग्रवाल को हराया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के जोनल अधिकारी असीम कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार बांटा और कहा की खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए और विजेता बनने से बेहतर है खिलाड़ी बनना और खेल से जुड़े रहना, विशिष्ठ अतिथि झारखंड राज्य टीटी संघ के मुख्य संरक्षक जय कुमार सिन्हा , स्कूल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष कुलतार सिंह , हरमीत सिंह, परमजीत सिंह, डॉ पवन चौधरी, राज्य संघ के महासचिव समरजीत सिंह, राज्य टी टी संघ के उपाध्यक्ष सैबाल गुप्ता, सहसचिव राकेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सुदीप्तो मुखर्जी, पार्थ सारथी, कमलेश दुबे ने भी पुरस्कार बांटे, मंच का संचालन मुख्य रेफरी संदीप साहा ने किया।

## रांची में इक्का-दुक्का जगह पर ही है बेसमेंट में दुकान







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार की शाम एक कोचिंग में पानी भर जाने के कारण दो छात्रा और एक छात्र की मौत हो गई। घटना को देखते हुए जब राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रांची के विभिन्न जगहों पर बेसमेंट में दुकान और कोचिंग संस्थान का पड़ताल किया, तो इक्का-दुक्का जगह ही बेसमेंट में दुकान देखने को मिला। अधिकतर जगहों पर बेसमेंट पर कोई दुकान नहीं है। रांची शहर में कोचिंग संस्थान भी बेसमेंट में नहीं चलते हैं। बेसमेंट में दुकान और कोचिंग खोलने से हाई कोर्ट ने भी सख्त मना किया है और देखा जाए तो रांची शहर में इस बात का पालन भी हो रहा है। जब राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने अल्बर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक तक का जायजा लिया, तो दो भवनों में ही बेसमेंट में दुकान और एटीएम देखने को मिले। इसके अलावा और कहीं भी बेसमेंट में दुकान देखने को नहीं मिला।

### किस इलाके में क्या स्थिति है

- आरबीआई से लाइन तालाब तक एक भी बेसमेट में दुकान नहीं मिली।
- लाइन तालाब से पुलिस मेंस एसोशिएशन तक एक भी दुकान नहीं मिली।
- फिरायालाल चौक से प्लाजा चौक तक में एक भवन में बेसमेंट में दुकान मिली।
- प्लाजा चौक से लेकर न्यूक्लियस मॉल तक एक भी बेसमेट में दुकान नहीं मिली।
- न्यूक्लियस मॉल से लालपुर चौक तक एक भी बेसमेंट में दुकान नहीं मिली।
- फिरायालाल से सुजाता चौक तक में दो बेसमेंट में दुकान मिली।

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा चुनाव में 10 यादव विधायक को जीताना है : कैलाश



**रांची ।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झारखंड के तत्वाधान में श्रीकृष्ण संदेश यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन स्थान पुराना विधानसभा हॉल सेक्टर धुर्वा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने भगवान श्रीकृष्ण के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि हम सभी को सामाजिक और आर्थिक मजबूती के लिए घर घर में शिक्षित होना अति आवश्यक है। खेल कूद, व्यवसाय, नौकरी पेशा तथा मौलिक अधिकारों के लिए राजनीतिक रूप से अधिक संख्या में भागेदारी निभानी होगी तभी सामाजिक विकास का लक्ष्य पूरा होगा। महासम्मेलन के माध्यम से संकल्प लेने की जरूरत है की झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में यादव समाज को 81 में कम से कम 10 विधायक जिताकर सदन में लाना है। जिसमे हटिया रांची राजधानी को प्राथमिकता के साथ हुसैनाबाद, कोडरमा, राजधनवार, बरही, बरकट्ठा, मधुपुर, गोड्डा, झरिया, भवनाथपुर, जरमुंडी व बोकारो सहित अन्य क्षेत्रों में राजनीतिक दलों को प्रतिनिधि बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। महासम्मेलन में बिहार, यूपी, उड़ीसा सहित राज्यभर से यादव समाज के प्रतिनिधिगण शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश राजद महासचिव सह परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव, अध्यक्ष सुरेश राय, सचिव रामकुमार यादव, बिहार से आए प्रो.राम मोहन राय, रियाडा के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह यादव, राजद नेता राजेश यादव, बबन यादव, रंजन यादव, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजनी यादव, उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, पत्रकार इंदुभूषण यादव, रामजी यादव, जयप्रकाश यादव, केएन भगत, सुरेश गोप सहित कई लोगो ने संबोधन किया।

### झारखंड एकता समाज का स्थापना दिवस मना



**गिरिडीह (तिसरी)।** झारखंड एकता समाज के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर हैदराबाद में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड युवा एकता संगठन के प्रधान संरक्षक उमेश प्रसाद राणा को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। श्री राणा हैदराबाद पहुंचकर उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड एकता समाज के उत्थान के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। सभी लोगों को हर मुसीबत में साथ देने के लिए वे तैयार हैं। कहा कि इस तरह के संगठन का विस्तार हर राज्य में होना चाहिए ताकि अपने राज्य से कमाने के लिए प्रदेश में आने वाले हर वर्ग के लोगों को सहयोग और संरक्षण प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि आज रोजगार की तलाश में कई लोग अपना राज्य छोड़कर बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। जहाँ उन्हें सहयोग व संरक्षण की जरूरत होती है। ऐसे में किसी भी मुसीबत में संगठन उनका सहयोग करेगी।

### पीएफ के अंशधारकों को क्लेम करने की जरूरत नहीं

**रांची।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन(पीएफ) के अंशधारकों को अब क्लेम करनेवालों को जरूरत नहीं पड़ेगी। संगठन ने अंशधारकों के लिए क्लेम प्रोसेस आसान कर दिया है। संगठन द्वारा हाल ही में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में सर्कुलर भेजकर कर जानकारी दी है। अब क्लेम के लिए बैंक पासबुक और चेकबुक की जरूरत नहीं होगी। संगठन के इस फैसले से हजारो अंशधारकों को राहत मिली है। गठन ने मई माह में नियमों में बदलाव किया है। जानकारी मिली है कि अब क्लेम करते समय अंशधारकों को बैंक पासबुक या चेक लीफ की कॉपी अपलोड नहीं करनी पड़ेगी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त के अनुसार इससे ऑनलाइन क्लेम सेटलमेंट करने में तेजी आएगी। इसके साथ ही अंशधारको को क्लेम रिक्वेस्ट करने में आसानी होगी। पहले चेक बुक लीफ या बैंक पासबुक की कॉपी अपलोड न करने पर कई क्लेम रिजेक्ट हो रहे थे। उन्होंने बताया सर्कुलर के अनुसार क्लेम रिजेक्शन मे कमी लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। चेक बुक लीफ या बैंक पासबुक की कॉपी अपलोड न करने की रियायत कुछ मामलों में दी गई है। सर्कुलर के अनुसार केवल उन अंशधारकों को ही चेकबुक लीफ या बैंक पासबुक की कॉपी अपलोड नहीं करनी है जिन्होंने बाकी वैलिडेशन प्रोसेस पूरा किया है। अंशधारक बैंक का केवाईसी का ऑनलाइन वेरिफिकेशन कर सकते हैं। इसी तरह सदस्य को नियोक्ता द्वारा बैंक केवाईसी वेरिफिकेशन पूरा करने के लिए डीएससी करवाना होगा। आधार के माध्यम से बैंक के डिटेल्स को वेरीफाई करवाना होगा।

### 72 मानवतावादियों को किया गया सम्मानित




**रांची।** मानवता की सेवा में लगे और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 72 मानवता वीडियो को गुरु नानक सेवक जत्थे द्वारा रविवार को शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को इस कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन अपरिहार्य कारण शामिल नहीं हो सके। विशिष्ट अतिथि जाने-माने मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अजय छाबड़ा और श्री गुरु नानक सत्संग सभा के पदाधिकारी द्वारा मानवतावादियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले 72 मानवतावादियों को शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया और उन्हें सम्मान स्वरूप शहीद भगत सिंह का चित्र, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर अजय छाबड़ा ने कहा कि इस तरह के समान से समाज के वैसे लोग भी प्रेरित होते हैं जो कभी इस क्षेत्र में उतरे भी नहीं है और ना ही कभी उनका ध्यान मानव सेवा की तरफ गया है। गुरु नानक सेवक जत्थे के सूरज झंडाई ने बताया कि पहले सम्मान समारोह कोविद कल में आयोजित किया गया था। हर 2 वर्ष बाद यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गुरु नानक सेवक जत्थे द्वारा रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसमें पांच महिलाओं समय 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर गुरु नानक ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अजय छाबड़ा, श्री गुरु नानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिड्ढा, मनीष मिड्ढा, श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के चंद्रभान तलेजा और सचिब केसर पपनेजा द्वारा किया गया। इससे पहले कनिष्क गाबा ने शहीद भगत सिंह की याद में कविता पाठ किया। गुरु नानक सेवक जत्थे के करण अरोड़ा ने पिछले 24 वर्षों से किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया की आयोजन में सूरज झंडाई, रौनक ग्रोवर, करण अरोड़ा, कनिष्क गाबा, कुणाल धमीजा, ईनिश काठपाल, जयंत मुंजाल, हिमानी मिड्ढा , मितला तेहरी ने अहम भूमिका निभाई।

संपादकीय

# नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार की नीति

नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल (शासी परिषद) बैठक नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया को नीति आयोग के नाम से जाना जाता है। यह भारत सरकार का एक नीति थिंक टैंक है, जो सरकार के कामों और नीतियों की जानकारी देता है। इसका उद्देश्य देश के विकास के लिए नीतियां बनाना और राज्यों को सलाह देना है। इस संस्थान की गवर्निंग काउंसिल मीटिंग हर साल होती है, जिसमें देश के प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री हिस्सा लेते हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने 2015 में 65 साल पुराने योजना आयोग की जगह नीति आयोग का गठन किया था। नीति आयोग सरकार के लॉन्ग टर्म पॉलिसी और कार्यक्रमों के लिए रणनीति तैयार करने में अहम रोल निभाता है। आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। अध्यक्ष के अलावा एक उपाध्यक्ष और एक कार्यकारी अधिकारी होता है। इनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 8 फरवरी 2015 को नीति आयोग की पहली बैठक की अध्यक्षता की थी।नीति आयोग की बैठक में शामिल होने वाले सीएम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, अरुणाचल के उपमुख्यमंत्री चौना मीन, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा का नाम शामिल है। नीति आयोग की बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चार पदेन सदस्य हैं। इनके अलावा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी और एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी नीति आयोग में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं। इनके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्यों में पंचायती राज मंत्री लल्लन सिंह, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राव इंद्रजीत सिंह शामिल हैं। तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल और झारखंड के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से इनकार किया है। बहिष्कार करने वाले मुख्यमंत्रियों का यह कहना है कि बजट में उनकी उपेक्षा हुई है। सवाल तो यह उठता है कि ये बातें बैठक में भाग लेकर भी की जा सकती थीं। साथ ही, भेदभाव यदि सचमुच हुआ है तो इसे बाद में भी जनता के समक्ष रखा जा सकता है।

> नीति आयोग सरकार के लॉन्ग टर्म पॉलिसी और कार्यक्रमों के लिए रणनीति तैयार करने में अहम रोल निभाता है। आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। अध्यक्ष के अलावा एक उपाध्यक्ष और एक कार्यकारी अधिकारी होता है।

# राहुल की मेहनत पर पानी फेरती गुटबाजी



आज की बात



तनवीर जाफरी
लेखक वेब मीडिया में अतिसक्रिय और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

देश के सबसे प्राचीन राजनैतिक संगठन कांग्रेस ने जितनी बार विभाजन व विघटन सामना किया है उतना किसी दूसरे राजनैतिक दल को नहीं करना पड़ा। केवल विभाजन ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के जितने अवसरवादी, सत्ता लोलुप व विचार विहीन नेताओं ने दल बदल किया है और पार्टी छोड़ कर इधर उधर गए हैं उतने दल बदलू नेता भी किसी अन्य पार्टी में नहीं मिलेंगे। और विगत एक दशक से तो सत्ता ने कांग्रेस विरोध का जो तरीका निकाला है उसे देखकर तो लगता ही नहीं कि कांग्रेस का 'राजनैतिक विरोध' किया जा रहा है। बल्कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस विरोध को व्यक्तिगत रंजिश व दुश्मनी के रूप में पेश किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर 'कांग्रेस मुक्त भारत ' का नारा देना, कई कांग्रेस शासित सरकारों को डरा धमकाकर या लालच देकर गिराना व अपनी सरकार बनाना,कांग्रेस के अनेक नेताओं को किसी न किसी आरोप में उलझाकर उन्हें हतोत्साहित करने की कोशिश करना, राहुल गांधी की लोकसभा सदस्ता रद्द करना उनसे बांग्ला खाली करवा लेना, उनपर कई जगहों से मुकद्मे कायम कराना, चुनाव पूर्व कांग्रेस के खाते फ़्रीज करवाना, ईडी, सीबीआई आदि का भय दिखाकर अनेक कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में लाना, नेहरू गांधी परिवार पर तरह तरह के झूठे लांछन लगाना, स्वयं दस वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद देश की अनेक समस्याओं के लिये नेहरू को जिम्मेदार ठहरना, राहुल गाँधी को 'पप्पू' साबित करने के लिये करोड़ों खर्च करना व भाजपा आई टी सेल द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी, हिन्दू विरोधी बताना कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण व पाक परस्त होने का दुष्प्रचार करना जैसी तमाम बातें हैं जो इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि भाजपा के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व ने कांग्रेस को समाप्त करने में अपनी तरफ़ से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी।

सत्तारूढ़ भाजपा के इसी कांग्रेस विरोधी दुष्प्रचार का परिणाम था कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भारतीय इतिहास में अब तक सबसे कम यानी मात्र 52 सीटें ही जीत सकी। और इसी बहाने भाजपा ने कांग्रेस का विपक्ष के नेता के पद का दावा भी स्वीकार नहीं किया। कारण बताया गया कि विपक्ष के नेता के पद का दावा करने के लिए कांग्रेस आवश्यक 10% सीटें पाने में विफल रही है। उसके बाद राहुल गाँधी ने सत्ता से डटकर मुकाबला किया। कई ज्वलंत मुद्दे उठाये। पूरे देश में दक्षिण से उत्तर यानी कन्याकुमारी से श्रीनगर व पूरब से पश्चिम अर्थात मणिपुर से मुंबई तक की 10,000 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तय की। राहुल ने इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात की। इन यात्राओं में राहुल के साथ देश की अनेकानेक प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं। उन्हें यह पद यात्रा खासतौर पर इसलिये करनी पड़ी क्योंकि देश का मीडिया सत्ता के आगे दंडवत हो चुका है। मीडिया विपक्ष की आवाज बनना या जनता की आवाज उठाना तो दूर उल्टे विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहता है। मुख्य धारा का कहा जाने वाला यही मीडिया है जिसने राहुल को पप्पू साबित करने में भाजपा व उसके आई टी सेल का पूरा साथ दिया। इसीलिये राहुल ने देश की जनता से स्वयं मिलने, व उनकी समस्याओं को सुनने का प्रयास किया। राहुल के अनुसार 2024 का न्याय पत्र / चुनाव घोषणापत्र भी उसी पदयात्रा के दौरान निकाले गये निष्कर्षों व जनता से मिले सुझावों पर ही आधारित है।

राहुल गांधी ने अपने इन्हीं अथक प्रयासों की बदौलत 2024 के लोकसभा चुनाव में न केवल कांग्रेस को 52 से बढ़ाकर लगभग 100 तक पहुँचाया है बल्कि यू पी ए की जगह नया इंडिया गठबंधन बनाकर भी सत्तारूढ़ भाजपा व राजग को कड़ी चुनौती दी है। पिछले 5 वर्षों में जितने नेताओं ने कांग्रेस छोड़ी है उतने नेता किसी अन्य पार्टी से पलायन करते तो उस दल का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। परन्तु राहुल गांधी व प्रियंका ने सोनिया गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में अपने कौशल का लोहा मनवाकर स्वयं को अजेय समझने की गलतफ़हमी पालने वाले नेताओं को बैकफुट पर धकेल कर उन्हें रक्षात्मक मुद्रा में ला खड़ा किया। कांग्रेस के इस पुनरुत्थान से पूरे देश के कांग्रेस कार्यकताओं में तो जरूर जोश व उत्साह का संचार हुआ है परन्तु नेताओं की गुटबाजी है कि अभी भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर राज्य में कई कई मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। हर नेता मुख्यमंत्री बनने के चक्कर में अपने अधिक से अधिक समर्थकों को टिकट दिलाना चाहता है भले ही वह विजयी होने की स्थिति में हो या न हो। कोई स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका है तो वह अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहा है। जिसे पार्टी टिकट नहीं देती वह दूसरे दल में यहाँ तक कि विचारधारा के मामले में धुर विरोधी दलों तक में जाने से गुरेज नहीं करता। इस तरह के दलबदल से एक बात तो साफ़ हो ही जाती है कि ऐसे नेताओं का न तो कोई जमीर है न वैचारिक प्रतिबद्धता, न पार्टी के प्रति वफ़ादारी का जज़्बा और न ही इस बात की फ़िक्र कि वर्तमान दौर में गांधीवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली कांग्रेस को समाप्त करने की साम्प्रदायिकतावादियों की साजिशों का मुकाबला करने के लिये राहुल व प्रियंका गाँधी द्वारा कितनीमेहनत की जा रही है। देश का कौन नेता है जो मोचियों से चप्पल सिलना सीखेऔर उनके दुःख दर्द पता करे? फौजी, छात्र, लोको पायलट, कुली, मजदूर, किसान, सब्जी फरोश, ट्रक ड्राइवर, राज मिस्त्री, चाय वाला, टैम्पू चालक, खेतिहर मजदूर, स्कूटर मिस्त्री किस वर्ग से राहुल नहीं मिले? उनकी इसी मेहनत का ही नतीजा है कि आज कांग्रेस पुनः वापसी की राह पर है। परन्तु उन नेताओं को जिनकी पहचान ही कांग्रेस नेता के रूप में बनी है जब वही लोग कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता व कार्यकर्त्ता बनाने के बजाये केवल अपने स्वार्थवश अपने अपने गुट के नेताओं को ही तरजीह देने लगेंगे तो कहना गलत नहीं होगा कि पार्टी की यह भीतरी गुटबाजी राहुल की मेहनत पर पानी फेरने का काम करेगी।

आपकी बात

# प्रकृति, शिव और समाज से जोड़ती है कांवड़ यात्रा



डॉ. आशीष वशिष्ठ

कांवड़ का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार। अर्थात ब्रह्म यानी परात्पर शिव, जो उनमें रमण करे वह कांवड़िया। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवड़िए दूर-दराज से आते हैं और अपने आसपास के स्थानों से गंगा जल भरते हैं, तत्पश्चात पदयात्रा कर अपने-अपने स्थानों को वापस लौट जाते हैं। इसी यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। फिर चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है और शिव जी से अपनी और अपनों की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। कहने के लिए तो ये बस एक धार्मिक आयोजन मात्र है, लेकिन इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व बहुत है। इसका सामाजिक सरोकार भी है।

कांवड़ के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ-साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारों-लाखों तरह के कीड़े-मकोड़ों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक तत्व है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है। कांवड़िए जलस्रोत से एक बार जल भरकर उसे अभीष्ट कर्म के पूर्व अर्थात शिवजी को अर्पण करने के पहले भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके मूल में भावना यह है कि जलस्रोत से प्रभु को सीधे जोड़ा है जिससे धारा प्राकृतिक रूप से उन पर बनी रहे एवं उनकी कृपा हमारे ऊपर भी सतत धारा के अनुसार बहती रहे जिससे संसार सागर को सुगमता से पार किया जा सके। भोलेनाथ के भक्त यूं तो साल भर कांवड़ चढ़ाते रहते हैं, लेकिन सावन में इसकी धूम कुछ ज्यादा ही रहती है क्योंकि यह मास भगवान शिव को समर्पित है। अब तो उत्तर भारत में खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में कांवड़ यात्रा एक पर्व कुंभ मेले के समान एक महाआयोजन का रूप ले चुकी है। काशी और देवघर में भी कांवड़ यात्रा का खासा महत्व है। पिछले डेढ़ दशक में कांवड़ यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव पर सबसे पहले कांवड़ किसने चढ़ाया और इसकी शुरूआत कैसे हुई। कुछ कथाओं के भगवान परशुराम ने अपने आराध्य देव शिव के नियमित पूजन के लिए पुरा महादेव में मंदिर की स्थापना कर कांवड़ में गंगाजल से पूजन कर कांवड़ परंपरा की शुरूआत की, जो आज भी देशभर में काफी प्रचलित है। कांवड़ की परंपरा चलाने वाले भगवान परशुराम की पूजा भी श्रावण मास में की जानी चाहिए। पौराणिकता मान्यता है कि कांवड़ यात्रा एवं शिवपूजन का आदिकाल से ही अन्योन्याश्रित संबंध है। महाकवि कालिदास ने हिमालय को शिव का प्रतिरूप बताते हुए इसके सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया है। यों भी कह सकते हैं कि कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को तीव्र रूप में प्रतिध्वनित करती है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

देश की बात

# भारत को चीन के साथ-साथ अमेरिका से भी खतरा



डॉ. अनिल कु. निगम

आज भारत को चीन से ज्यादा अमेरिका से खतरा है। अमेरिका ने पीएम मोदी की रूस यात्रा पर जिस तरह से प्रतिक्रिया दी और भारत ने उसका प्रतिकार किया, वह विचारणीय है। संप्रति, अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव चल रहा है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी से प्रत्याशी हैं तो डेमोक्रैटिक पार्टी से उम्मीदवार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के नाम वापस लेने के बाद वहां की उप राष्ट्रपति एवं भारतवंशी कमला हैरिस राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रही हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि चुनाव में कौन चुनाव लड़ रहा है और कौन राष्ट्रपति बनेगा? महत्वपूर्ण यह है कि ट्रम्प और कमला हैरिस में कौन-सा ऐसा नेता है जो भारत के साथ बेहतर तालमेल रख सकेगा? एक ओर जहां अमेरिका भारत के बल पर एशिया में चीन की शक्ति को संतुलित करना चाहता है, वहीं दूसरी ओर वह भारत के कंधे पर रख कर बंदूक भी चलाना चाहता है। रूस के साथ भारत के संबंध उसे कभी रास नहीं आते हैं। वह अपनी समस्या को भारत की समस्या बनाना चाहता है। हैरान करने वाली बात यह है कि आखिर नाटो के यूक्रेन तक विस्तार से भारत क्या सरोकार है? वास्तविकता तो यह है कि चीन को रोकने के प्रमुख लक्ष्य पर ध्यान देने की जगह शीत युद्ध वाली मानसिकता के साथ अमेरिकी रणनीतिक रूस से अप्रत्यक्ष युद्ध में उलझे हुए हैं। इस परिस्थिति का लाभ चीन बढ़-चढ़ कर उठा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की हाल ही में रूस यात्रा से पहले अमेरिकी राजदूत ने यहां तक कह दिया कि प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी कार्रवाई हो सकती है। अमेरिका भारत की सुरक्षा मामलों की भी अनदेखी कर रहा है। अमेरिका और उसके कनाडा जैसे मित्र देश खालिस्तानी आतंकवादियों को खुलकर संरक्षण दे रहे हैं। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका की रणनीतिक नजदीकी चीन के खतरे के कारण हैं लेकिन दोनों के बीच कई मसले सुलग रहे हैं। कुछ समय पूर्व भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में कतिपय मुद्दों पर तनाव भी देखने को मिला है।

फेसबुक वॉल से

**Shashi Singh**
17 h ·

#जापान एक ऐसा देश है, जहां पर जब भी कोई खाने वाली वस्तु महंगी हो जाती है तो वहां के लोग उसे खाना ही छोड़ देते हैं, और फिर वह अपने आप सस्ती हो जाती है क्योंकि कोई पूछता ही नहीं उसको और हमारा देश में! यह ऐसा देश है जहां पर जो सामान ज्यादा महंगा होता है लोग उसे खरीद कर अपने आपको बड़ा महसूस करते हैं।

#इस_समय टमाटर पर बहुत चर्चा हो रही है कि टमाटर बहुत महंगा हो गया। टमाटर बहुत महंगा हो गया रे। मैं कहता हूं टमाटर खाना ही छोड़ दो अपने आप सस्ता हो जाएगा! आपको क्या लगता है कि दो-चार या दस दिन टमाटर खाना छोड़ देंगे तो विटामिन की कमी हो जाएगी या फिर आप दुबले हो जाएंगे या फिर आपकी शारीरिक बनावट बदल जाएगी! एक महीना टमाटर खाना छोड़ दीजिए! और हां जापान दुनियां का सबसे विकसित देश और औद्योगिकी के मामले में सबसे बड़ा देश ऐसे ही नहीं बना है उसकी सोच बहुत बड़ी है।
🌸🌺🌼💖🙏💖🌼🌺🌸



X से

**Prof. Sudhanshu Trivedi** @Sud... · 18h

प्रभु "राम" की तुलना "अकबर" से 😡😡😡

यह हैं "सुभ्रा रंजन" ये एक UPSC कोच हैं।

ये मोहतरमा प्रभु राम की तुलना उस अकबर से कर रहीं है। जिसने भारत और भारत के संसाधनों को लूटा,

किस तरह हमारे समाज में नफ़रत फैलाई जा रही है ll




432 2K 2.8K 119K

अलग बात

# पत्रकारिता के औघड़ बाबा दिनेश चंद्र वर्मा



दिनेश वर्मा

देश के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद्र वर्मा अपने ही अंदाज के सुघड़-औघड़ पत्रकार थे। उन्हें पत्रकारिता का बाबा कह सकते हैं। बातों-बातों में खबर बनाना और आलेख लिखना उनके लिए खेल-तमाशे की तरह था। बौद्ध भिक्षुओं की अस्थियों की तस्करी की सनसनीखेज स्टोरी से रातोंरात चर्चा में आने वाले वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद्र वर्मा की पहचान सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं थी। पत्रकारिता के अपने अब तक के सफर में दिनेश चंद्र वर्मा ने कई ऐसे मामले उठाए, जो न सिर्फ चर्चा में रहे, बल्कि सरकार के लिए दिक्कत का सबब भी बने। बौद्ध भिक्षुओं की अस्थियों की तस्करी वाली स्टोरी से तो भारत और श्रीलंका दोनों सरकारें हिल गई थीं। श्रीलंका सरकार ने इसको आधार बनाते हुए अपने भारतीय राजदूत को श्रीलंका बुला लिया था। इस स्टोरी को आधार बनाते हुए तब लाडली मोहन निगम ने इस मामले को संसद में पुरजोर ढंग से उठाया था। दिनेश वर्मा के पिता जगन्नाथ प्रसाद मिडिल स्कूल में हेड मास्टर थे। दिनेश वर्मा पत्रकारिता जीवन में एक संकल्प से आए थे। उनका सपना था कि खबरों के इतर भी समाज को देने के लिए काफी कुछ है,इसीलिए परंपरागत पत्रकारिता को छोड़ वे हमेशा कुछ स्पेशल करने के लिए सजग रहे। 29 जुलाई 1944 को जन्में दिनेश वर्मा ने क्रिश्चियन कॉलेज इंदौर से राजनीति विज्ञान में एमए की डिग्री ली। उनके भीतर पढ? और लिखने का जुनून बचपन से ही रहा। उनकी पहली रचना 1958 में ग्वालियर से प्रकाशित दैनिक नवप्रभात में छपी थी, जब वे आठवीं कक्षा में पढ़ते थे। यहीं से उनमें पत्रकारिता के बीज अंकुरित होने शुरू हुए। शिक्षा पूरी करने के बाद विदिशा में चिंगारी अखबार से वर्ष 1960 से पत्रकारिता की शुरूआत की। इसके बाद 1961 में दैनिक भास्कर में श्यामसुंदर ब्यौहार और राजेन्द्र नूतन के साथ पत्रकारिता के गुर सीखे। उन्होंने कई जगह काम किए। उनका कहना था कि पत्रकारिता में समय के साथ चलना और हर वक्त अपडेट रहना बड़ी चुनौती है।



बोधि वृक्ष

इस मंदिर के पीछे की पौराणिक कथा के अनुसार त्रेता युग में रावण ने कैलाश पर्वत पर शिवजी की तपस्या की थी। कोई फल न मिलने पर घोर तपस्या प्रारंभ की और अपना एक-एक सिर काट कर हवन कुंड में आहुति देने लगा। अंतिम सिर कटने पर शिव जी प्रसन्न हो गए।

# वास्तुकला का उत्कृष्ट धाम है बैजनाथ



झा धौलाधार पर्वत श्रृंखला के बीचों-बीच स्थित प्राचीन शिव मंदिर बैजनाथ वास्तुकला का उत्कृष्ट धाम है। देश एवं विदेश में जिसे बैजनाथ (वैद्यनाथ) के नाम से जाना जाता है, मंदिर निर्माण में वास्तुकला को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। यह प्राचीन मंदिर अपनी वास्तु शैली का उत्कृष्ट नमूना है। पांडवों द्वारा निर्मित यह मंदिर अपनी सुंदरता की मिसाल है। इस मंदिर के पीछे की पौराणिक कथा के अनुसार त्रेता युग में रावण ने कैलाश पर्वत पर शिवजी की तपस्या की थी। कोई फल न मिलने पर उसने घोर तपस्या प्रारंभ की और उसने अपना एक-एक सिर काट कर हवन कुंड में आहुति देकर शिव को अर्पित करना शुरू कर दिया। दसवां और अंतिम सिर काट कर हवन कुंड में आहुति देकर शिव को अर्पित करना शुरू किया तो शिवजी ने प्रसन्न होकर रावण का हाथ पकड़ लिया। उसके सभी सिरों को पुनः स्थापित कर शिव जी ने रावण से वर मांगने को कहा। रावण ने कहा कि मैं आपके शिवलिंग स्वरूप को लंका में स्थापित करना चाहता हूं। आप दो भागों में अपना स्वरूप दें और मुझे बलशाली बना दें। शिवजी ने तथास्तु कहा और लुप्त हो गए। इससे पहले शिवजी ने अपने शिवलिंग स्वरूप दो चिन्ह रावण को देते हुए कहा कि इन्हें जमीन पर न रखना। रावण लंका की ओर चला। रास्ते में गौकर्ण क्षेत्र (बैजनाथ क्षेत्र) में पहुंचा तो उसे लघुशंका लगी। यहां उसे बैजु ग्वाला दिखाई दिया। रावण ने बैजु ग्वाले को शिवलिंग पकड़ा दिए और शंका निवारण के लिए चला गया।

हेल्थ टिप्स

# समय पर खाना फायदेमंद

अधिकतर लोग यह जानने उत्सुक रहते हैं कि कितनी बार खाना खाने से सेहत ठीक रहती है। हम में ज्यादातर लोग दिन में केवल 3 बार खाना खाने पर जोर देते हैं। वो 3 समय हैं ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दिनभर में 4-5 बार थोड़े-थोड़े समय पर कुछ ना कुछ खाना पसंद करते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि दिन में तीन बार खाने से सेहत अच्छी रहती है क्योंकि इस तरह खाने से खाना सही तरीके से हजम हो जाता है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि दिन में 5 से 6 बार थोड़े- थोड़े समय पर खाने शरीर हेल्दी रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार दिनभर में समय-समय पर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है क्योंकि इस तरह खाने से हमारे शरीर में फैट बर्न होने की क्षमता तेज हो जाती है। साथ ही इस तरह से खाने से हमारी मेटाबॉलिज्म पॉवर मजबूत होती है। समय-समय पर थोड़ा-थोड़ा खाने से ब्लड शुगर लेवल सही बना रहता है। शरीर में एनर्जी बनी रहती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो दिन में तीन बार हेवी खाने के बजाए गेप करके थोड़ा-थोड़ा खाएं। खाना खाने का यह तरीका सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है क्योंकि इस तरह खाने से शरीर में मेटाबॉलिज्म स्थिर रहता है जिस कारण आसानी से वजन कम किया जा सकता है। डायबिटीज के मरीजों को दिन में कम से कम 5 बार थोड़े-थोड़े समय पर खाना चाहिए क्योंकि इससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रण में रहता है। साथ ही इससे केलोरीज बर्न होती हैं और शरीर को भरपूर मात्रा में प्रोटीन मिलता है। हालांकि, हर व्यक्ति का शरीर अलग तरह से काम करता है। इसलिए अपने शरीर के ध्यान में रखकर ही हमें खाना चाहिए।

काव्य कोना

## वक्त कहां है

पल, पल की कहानी सुना रहा
क्षण, क्षण की कहानी सुना रहा।
समय, समय से चलेगा
न आगे - न पीछे
न बढ़ेगा - न घटेगा
ना ही कभी वो हटेगा
न जाने फिर भी क्यों कहते हैं
बहुतेरे ये जपते हैं
वक्त कहाँ है, समय नहीं है।
अवसर की कहानी अजब है
यह तो और भी गजब है
अवसर भी आया
सबने अपने को तैयार पाया
समय मुस्कुराया, धीरे से
फुसफुसाया
अनचाहे ही कहते हो वक्त कहाँ है
वक्त भी उल्टा, वहीं पर पलटा
एक ठहाके के साथ कहा
अभी वक्त कहाँ है
किनारे के झरोखे से दूसरा ठहाका
ठहाके,ठहाके में मौत ने कहा
हमने कब कहा वक्त कहाँ है।
पल, पल की कहानी सुना रहा
क्षण, क्षण की कहानी सुना रहा।

-नाग मणि

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्रावण के हर सोमवार को बाबा के अलग-अलग स्वरूपों का दर्शन

एजेंसी

**वाराणसी।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरी शंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। भक्त शंकर और पार्वती स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के हर सोमवार को विशेश्वर के अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। बाबा के भक्त श्री विश्वेश्वर के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंच कर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए योगी सरकार लगातार व्यवस्थाओं में बढ़ोतरी और सुधार कर रही है। इसके लिए सावन के दूसरे सोमवार से दर्शनार्थियों को भीड़ से बचाने के लिए एक लाइन लगाई जाएगी और धाम की क्षमता के अनुसार ही बैरिकेडिंग कर भक्तों को धाम में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं, श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बाबा विश्वनाथ के स्वरूप का श्रृंगार हुआ था। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देवाधिदेव महादेव के गौरी शंकर (शंकर पार्वती) स्वरूप का श्रृंगार होगा। श्री विश्वेश्वर के भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त (तीसरा सोमवार) को अर्धनारीश्वर श्रृंगार, 12 अगस्त (चौथा सोमवार) को रुद्राक्ष श्रृंगार और 19 अगस्त (पांचवा सोमवार) को शंकर पार्वती गणेश श्रृंगार एवं श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार होगा।



## इस साल 8702 भक्तों ने की सबसे कठिनतम श्रीखंड महादेव यात्रा

**कुल्लू।** श्रीखंड महादेव के दर्शन करने के लिए शनिवार को 151 लोगों का अंतिम जत्था रवाना हुआ। इस 8702 लोगों ने सबसे कठिनतम श्रीखंड महादेव यात्रा की जो कि एक रिकॉर्ड है। बताया जा रहा है इससे ज्यादा लोग बिना पंजीकरण के भी श्रीखंड यात्रा कर चुके हैं, जिनका प्रशासन के पास कोई आंकड़ा नहीं है। यह संख्या प्रशासनिक यात्रा के शुरू होने के बाद सबसे ज्यादा है। 11 साल में इस बार सबसे जयादा श्रद्धालु श्रीखंड गए हैं। इस बार दो सप्ताह की श्रीखंड यात्रा में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के दो पर्यटक पहुंचे। इन्होंने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो देखा था। 14 जुलाई से शुरू हुई यह यात्रा शनिवार को संपन्न हो गई। इस बार यात्रा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई है। श्रद्धालुओं ने श्रीखंड महादेव यात्रा में करीब 32 किलोमीटर पैदल सफर कर महादेव के दर्शन किए हैं।



## न्यूज बॉक्स

### पीएम के समर्थक हों या विरोधी, हर कोई 'मन की बात' सुनता है : मिथिलेश तिवारी



**पटना।** बिहार से भाजपा के प्रदेश महासचिव मिथिलेश तिवारी ने पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के बारे में कहा कि यह कार्यक्रम अद्भुत और असाधारण है। जब भी पीएम मोदी हर महीने के आखिरी रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम लेकर आते हैं, तो पीएम मोदी के समर्थक हों या विरोधी, हर कोई उस कार्यक्रम को सुनता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ज्ञानवर्धक है, चाहे दुनिया को समझना हो या भारत को देखना हो, इसके लिए यह बहुत बड़ा मंच है। साथ ही, हमारा देश किस तरह आगे बढ़ रहा है, इसकी भी झलक मिलती है। छात्रों, किसानों और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए देश में चल रहे हर तरह के प्रयास 'मन की बात' कार्यक्रम में सुनने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आज (रविवार को) पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि देश में खादी का व्यापार 400 गुना बढ़ गया है। आज महात्मा गांधी की आत्मा स्वर्ग से पीएम मोदी को आशीर्वाद दे रही होगी, जिन्होंने स्वदेशी अपनाने और खादी वस्त्रों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया था। मिथिलेश तिवारी ने कहा कि कुल मिलाकर मन की बात एक प्रेरणादायक, गौरवशाली और कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम से पूरे देश के लोग लाभान्वित होते हैं और पूरी दुनिया के लोग इसे सुनते हैं।

### किन्नौर के ग्याबुंग नाले में आई बाढ़, प्रशासन ने जारी की चेतावनी



**किन्नौर।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। इस बीच हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में खराब मौसम और बारिश के कारण ग्याबुंग नाले में अचानक बाढ़ आ गई है। दरअसल, किन्नौर जिले में लगातार बारिश हो रही है। इसका असर यहां मौजूद ग्याबुंग नाले पर भी देखने को मिला। अचानक जलस्तर बढ़ने से नाले में बाढ़ आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने ग्याबुंग नाले में आई बाढ़ का वीडियो बना लिया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि नाले में आई बाढ़ तेज गति के साथ मलबे को बहाकर ले जा रही है। इस बीच अधिकारियों ने चेतावनी जारी कर दी है। उन्होंने लोगों को उफनते नाले से दूर रहने की हिदायत दी है। साथ ही नाले से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। बता दें कि ग्याबुंग नाले में आई बाढ़ के बाद जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### नवादा से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 11 साइबर अपराधी गिरफ्तार




**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह का पदार्फाश हुआ है। इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बिहार के नवादा में साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 11 अपराधियों को पकड़ा है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लैपटॉप, 34 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड और 168 पन्नों का कस्टमर डाटा बरामद किया गया है। साइबर डीवाईएसपी प्रिया ज्योति ने बताया, वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के बगीचे में बैठे करीब 20-25 साइबर अपराधी धनी फाइनेंस प्राइवेट कंपनी से सस्ते दर पर लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। मामले की सूचना मिलने पर एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर साइबर पुलिस उपाधीक्षक प्रिया ज्योति के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने बताया, बताया कि पुलिस ने मौके से 11 आरोपियों को धर दबोचा। लेकिन कुछ पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश किया। यहां से इन्हें जेल भेज दिया गया।

### चिराग ने ममता के आरोपों को बताया बेतुका, कहा- उनका आचरण गलत



**पटना।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शनिवार को दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में उनका माइक बंद करने के आरोप को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सफेद झूठ करार दिया है। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को कहा, नीति आयोग की बैठक में मैं भी मौजूद था। यह पूरी तरह से झूठा आरोप है कि बैठक के दौरान किसी का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि माइक का नियंत्रण वहां बैठे किसी व्यक्ति के हाथ में नहीं है। यह नियंत्रण व्यक्ति के खुद की हाथ में है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुनना चाहते थे कि ममता बनर्जी बजट के बारे में क्या कहना चाहती हैं। लेकिन ममता बनर्जी का आचरण गलत था क्योंकि वह भड़क गईं और बैठक बीच में ही छोड़कर चली गईं। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों के बैठक में शामिल न होने को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि अगर किसी राज्य को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है तो नीति आयोग की बैठक उनके लिए सही मंच है जहां वे प्रधानमंत्री के सामने अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा, जो लोग कहते हैं कि भेदभाव हुआ है, उन्हें बता दें कि लंबे समय में पहली बार ऐसा बजट आया है जो 10 साल में देश को विकास की ओर बढ़ता दिखाता है। महाराष्ट्र के भाजपा नेता प्रवीण दरकेकर ने बजट को लेकर कहा कि कुछ लोगों की ऐसी मंशा है कि अगर सरकार की ओर से कोई अच्छी और लाभकारी बात की जाती है तो उसमें भी वे नकारात्मक कोण खोज लेते हैं। मोदी सरकार का विरोध करना भी इसका एक हिस्सा है।

### राम मंदिर का निर्माण 31 दिसंबर तक हो जाएगा पूरा : नृपेंद्र मिश्रा



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि राम मंदिर का निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को अयोध्या पहुंचे नृपेंद्र मिश्रा ने सर्किट हाउस में मीडियाकर्मियों से कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर जो भी व्यवस्थाएं हैं उसको सुनिश्चित करना है। प्रथम तल पर इस तरह की रेलिंग लगाई जाए ताकि कोई बालक पहुंचता है तो उसके गिरने की संभावना न हो। वहां पर वर्टिकल बाड़ लगाया जाए या फिर जाली लगाई जाए, इसका निर्णय होना है। आज की बैठक में सारे निर्णय लिये जाएंगे। मिश्रा ने कहा कि शेषावतार मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है। शेषावतार मंदिर की नई ड्राइंग के अनुसार उसका निर्माण कार्य हो रहा है। शेषावतार लक्ष्मण जी के अवतार से जुड़ा है। मंदिर के लए मूर्तियां बनाने के आदेश दिए गए हैं। सभी मूर्तियां सफेद मार्बल की होंगी।

## एक नजर

### सिसोदिया की बेल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कथित शराब नीति मामले में वरिष्ठ आप नेता और पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ 29 जुलाई को मामले में सुनवाई फिर से शुरू करेगी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर सीबीआई और ईडी को सिसोदिया की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

### हंगामा : तेलंगाना के खम्मम में शिक्षिका ने 8 बच्चों के काटे बाल

**खम्मम।** तेलंगाना के खम्मम जिले के कल्लुरु मंडल में जिला परिषद हाई स्कूल की अंग्रेजी की शिक्षिका सिरिशा ने लंबे बाल रखकर स्कूल आने पर आठ छात्रों के बाल काट दिए। बच्चों को कई दिन पहले से ही बाल काटकर स्कूल आने की चेतावनी दी गई थी लेकिन बच्चे इसे अनसुना कर दे रहे थे। जब बच्चे घर लौटे तो उनके माता-पिता उनके कटे बाल देखकर चौंक गए। इससे नाराज अभिभावक आनन-फानन में स्कूल पहुंचे। उन्होंने इसका विरोध करते हुए शिक्षिका से बहस शुरू कर दी।

## राजेंद्र नगर कोचिंग हादसा

# कोचिंग सेंटर और बिल्डिंग मैनेजमेंट पर मामला दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजेन्द्र नगर इलाके में कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोचिंग सेंटर, बिल्डिंग के मैनेजमेंट और ड्रेनेज सिस्टम की देखभाल करने वाले और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। हादसे में मृत एक छात्र और दो छात्राओं की पहचान हो गई है। इनकी पहचान श्रेया यादव (अंबेडकर नगर, यू.पी.), तान्या सोनी (तेलंगाना) और नवीन डालविन (केरल, एनार्कुलम) के रूप में की गई है। मामले में पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया की कोचिंग सेंटर हादसे मामले में राजेंद्र नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 106(1), 152, 290 और 35 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर कोचिंग सेंटर, बिल्डिंग के मैनेजमेंट और ड्रेनेज सिस्टम की देखभाल करने वाले और ऐसे लोग जो इन्वेस्टिगेशन में आएंगे, उन सभी के खिलाफ की गई है। दिल्ली पुलिस ने फिलहाल दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें बिल्डिंग के ऑनर और कोऑर्डिनेटर शामिल हैं। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार शाम को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में करीब 12 फीट तक पानी भर गया था। बारिश और ड्रेन के पानी के भर जाने की वजह से कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी में तीन छात्र फंस गये थे, जिनके शवों को देर रात तक चले संयुक्त बचाव अभियान के बाद निकाला गया।



मृतकों की पहचान: श्रेया यादव (अंबेडकर नगर, यूपी), तान्या सोनी (तेलंगाना) और नवीन डालविन (केरल, एनार्कुलम) के रूप में की गई

### जिम्मेदारी तय होगी, सजा दी जाएगी : उपराज्यपाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजेन्द्र नगर के एक कोचिंग संस्थान में हुए हादसे पर दुख जताते हुए भरोसा दिलाया है कि जिनके कारण तीन कीमती जाने गईं हैं, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों को सजा दी जाएगी। वहीं पुलिस ने कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त से मंगलवार तक दुखद घटना के हर पहलू को कवर करते हुए एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। उपराज्यपाल ने कल हुई तीन मौतों के अलावा पिछले दिनों में एक छात्र की करंट लगने से पटेल नगर में हुई मौत का भी जिक्र किया।

### श्रेया को मदर डेयरी कंपनी में था नौकरी का ऑफर



**अंबेडकर नगर।** हादसे में जान गंवाने वाली एक छात्रा श्रेया यादव उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी। श्रेया की मौत से उनके घर और गांव बरसावां हाशिमपुर में शोक का माहौल है। श्रेया के भाई अभिषेक यादव ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी शनिवार रात करीब 12 बजे दी गई। उन्होंने बताया कि श्रेया ने बीएससी एग्रीकल्चर में ग्रेजुएशन किया था। उसे मदर डेयरी कंपनी से नौकरी का ऑफर भी आया था। लेकिन हमने उसे पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और यूपीएससी की तैयारी करने की सलाह दी। इसके बाद श्रेया को यूपीएससी की तैयारी के लिए मार्च में दिल्ली भेज दिया गया था। उसने अप्रैल में कोचिंग में दाखिला कराया था।

### बंगाल में शराब की कीमत बढ़ाने जा रही है सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य उत्पाद शुल्क संग्रह में लक्षित वृद्धि को पार करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक विभिन्न शराब और बियर ब्रांडों की कीमतों में वृद्धि करने की संभावना पर विचार किया है। राज्य उत्पाद शुल्क निदेशालय के सूत्रों के अनुसार, नए मूल्यांकन के बाद मौजूदा शराब और बियर ब्रांडों के उत्पादन लागत का मूल्यांकन करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्तियों का मूल्यांकन किया जाएगा। पिछली बार जब राज्य सरकार ने फरवरी 2023 में शराब और बियर की कीमतों में वृद्धि की थी, तब भी उत्पादन लागत का मूल्यांकन करने के लिए शराब निमार्ताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्तियां मांगी गई थीं। एक सूत्र मे कहा कि अभिरुचि की अभिव्यक्तियों के मूल्यांकन के आधार पर, अंतिम प्रति-बोतल मूल्य और उस पर लगाए जाने वाले राज्य उत्पाद शुल्क का निर्धारण किया जाता है। इस साल शराब निमार्ताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्तियां मांगने और उनके मूल्यांकन की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और उस मूल्यांकन रिपोर्ट का अंतिम प्रभाव शराब और बियर ब्रांडों की कीमतों पर जल्द ही देखा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्मित विदेशी शराब के मामले में, प्रति-बोतल मूल्य 750 मिलीलीटर बोतलों के लिए पांच रुपये से 100 रुपये तक बढ़ सकता है। देशी शराब के मामले में, 600 मिलीलीटर बोतल के लिए प्रति-बोतल मूल्य पांच रुपये तक बढ़ सकता है। बियर की कीमत प्रति बोतल 20 रुपये से 30 रुपये तक बढ़ सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृषभ:** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क:** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें, व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह:** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कन्या:** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु:** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कुम्भ:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

## विश्व हेपेटाइटिस डे : हर तीस सेकेंड में लोग तोड़ रहे दम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व हेपेटाइटिस डे रविवार को मनाया गया। नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बारूक ब्लमबर्ग की जयंती पर उनके सम्मान में मनाया जाता है। डॉ. ब्लमबर्ग ने ही हेपेटाइटिस वायरस की खोज की थी। उन्होंने इस गंभीर वायरस के इलाज के लिए कौन-कौन से मेडिकल टेस्ट किए जाने चाहिए इसकी जानकारी दुनिया से साझा की। तब से अब तक इस पर कई खोज हुए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हेपेटाइटिस एक वायरस है जिसके 5 स्ट्रेन्स हैं। ए,बी,सी,डी और ई। इनमें से भी विश्व में सबसे ज्यादा संक्रमण बी और सी से होता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक हर 30 सेकेंड में



हेपेटाइटिस से 1 शख्स दम तोड़ रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 25.4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से जबकि 5 करोड़ लोग हेपेटाइटिस सी से ग्रसित हैं। हर साल इन बीमारियों के 20 लाख से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, हेपेटाइटिस ई हर साल दुनिया में 2 करोड़ लोगों को संक्रमित कर रहा है। भारत की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक आंकड़ा बेहद भयावह है।

## ममता के साथ जो हुआ उसका आभास नीतीश को था : राजद

एजेंसी

**पटना।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को दिल्ली में नीति आयोग की बैठक बीच में छोड़कर निकल गई थीं। उन्होंने केंद्र सरकार पर उनका माइक बंद करने और कम समय दिए जाने का आरोप लगाया है। राजद ने रविवार को बंगाल सीएम का समर्थन किया है। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, ममता दीदी के साथ जो व्यवहार नीति आयोग की बैठक में हुआ उसका आभास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पहले से था। इसलिए वह बैठक में शामिल नहीं हुए। यह बैठक सिर्फ भाजपा की नीति बनाने के लिए आयोजित की गई। अगर देश की नीति बनाई जाती तो सब की अहमियत को समझा जाता। बैठक में तो विपक्ष को बोलने ही नहीं



दिया जा रहा है। जब विपक्ष को सुनने वाला कोई नहीं है तो फिर नीति आयोग की बैठक का क्या मतलब है?

उन्होंने आगे कहा कि ममता बनर्जी ने बैठक बीच में छोड़कर यह दिखा दिया कि लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत को कम नहीं समझा जाए। लोकतंत्र और संविधान में विपक्ष भी सरकार का अंग है। अगर ऐसी ही नीति वे लोग बनाते रहे तो देश का बंटाधार कर देंगे।

## नई पहल / भारत इस वर्ष अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन शुरू करेगा

# हाइड्रोजन होगा भारतीय रेलवे का भविष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से भारतीय रेलवे के कायाकल्प के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। इसमें सुरक्षा बढ़ाने के लिए कवच सिस्टम लगाने से लेकर नई टेक्नोलॉजी जैसे हाइड्रोजन भी शामिल है। रेलवे बोर्ड के सदस्य अनिल कुमार खंडेलवाल ने कहा कि भारत इस साल अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन शुरू कर देगा और 2047 तक ऐसी ट्रेनों की संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि रेलवे लगातार सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है। 16 जुलाई को कवच के चौथे वर्जन का अंतिम विनिर्देश कर लिया गया है। अब हम इसे पूरे देश में लागू करने जा रहे हैं।

1,400 किलोमीटर के ट्रैक पर काम पूरा हो चुका है। दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा के 3,000 किलोमीटर के लिए बोलियां स्वीकार की जा रही हैं। बजट 2024-25 में रेलवे को 2,62,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से करीब 1.08 लाख करोड़ रुपये केवल सुरक्षा बढ़ाने के लिए उपयोग किए जाएंगे। खंडेलवाल ने आगे कहा कि गति शक्ति के आने से काम की रफ्तार में इजाफा हुआ है।

### रेलवे प्रतिदिन 14.50 किलोमीटर ट्रैक का निर्माण कर रहा है



अब सालाना 70 से 80 प्रोजेक्ट अप्रूव किए जा रहे हैं, जिनकी संख्या पहले 7 से 8 थी। साथ ही बताया कि रेलवे प्रतिदिन 14.50 किलोमीटर ट्रैक का निर्माण कर रहा है। पिछले वर्ष 5,000 किलोमीटर के ट्रैक का निर्माण किया गया। उन्होंने बुलेट ट्रेन को लेकर कहा कि 2027 तक देश में पहली बुलेट ट्रेन देखने को मिल सकती है।

# मुक्केबाज निखत जरीन पहुंचीं प्री क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन ने रविवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्जर पर 5-0 की जीत दर्ज करते हुए महिलाओं के 50 किग्रा स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राउंड ऑफ 32 में मुकाबले की शुरूआत में जर्मनी की मुक्केबाज निखत पर हमलावर रही। हालांकि इस दौरान भारतीय मुक्केबाज ने भी कुछ जोरदार पंच लगाए लेकिन पहले राउंड के बाद जजों का फैसला 3:2 से क्लोएट्जर के पक्ष में रहा। निखत ने दूसरे राउंड के शुरूआती सेकेंड से ही हमलावर रुख अख्तियार किया। नियमों को न मानने के लिए दोनों मुक्केबाजों के एक-एक अंक काटे गए, लेकिन निखत ने मैच को अपने पक्ष में कर लिया और दूसरे राउंड में सर्वसम्मत जीत हासिल कर की। दो बार की विश्व चैंपियन तीसरे राउंड में भी हावी रही शुरूआती दो मिनट के बाद वापसी करते हुए निखत ने जीत दर्ज की। निखत का मुकाबला अब एक अगस्त को प्री क्वार्टर फाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू से होगा। उल्लेखनीय है कि वू यू 52 किग्रा में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं और एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल का मुकाबला (51 किग्रा) में 30 जुलाई को जाम्बिया के पैट्रिक चिनेम्बा से होगा वही महिला मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया 57 किग्रा वर्ग में टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता फिलीपींस की नेस्टी पेटेसियो से मुकाबला करेगी।

## निशानेबाजी में एक और पदक की उम्मीद, फाइनल में पहुंचीं रमिता



**एजेंसी। शेटराउ (फ्रांस)**

भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल ने पेरिस ओलंपिक की महिला 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। इसी स्पर्धा में इलावेनिल वलारिवान 10वें स्थान पर रहते हुए क्वालीफिकेशन से बाहर हो गई। हांगझोऊ एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रमिता ने कुल 631.5 अंक के साथ फाइनल में जगह पक्की की। वह इस ओलंपिक में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के बाद फाइनल में जगह पक्की करने वाली भारत की दूसरी निशानेबाज है। इलावेनिल शुरूआती चरण में शीर्ष निशानेबाजों में शामिल थी लेकिन आखिरी कुछ निशाने सटीक नहीं लगने के कारण वह 630.7 अंक के साथ फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। रमिता की शुरूआत धीमी रही और छठी और अंतिम सीरीज तक वह शीर्ष आठ में शामिल नहीं थी, लेकिन उन्होंने आखिरी में कुछ शानदार निशाने लगाकर फाइनल में जगह पक्की की। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में 16वें स्थान पर रहने वाली अनुभवी इलावेनिल क्वालिफिकेशन में अधिकांश समय पांचवें स्थान पर थी।

### ओलंपिक में टॉप 5 देशों के साथ भारत की मेडल टैली

| क्रम | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 0 | 5 |
| 2. | चीन | 3 | 0 | 1 | 4 |
| 3. | साउथ कोरिया | 2 | 2 | 1 | 5 |
| 4. | अमरीका | 1 | 2 | 2 | 5 |
| 5. | फ्रांस | 1 | 2 | 1 | 4 |
| 17. | भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

## भारत को मिला पहला पदक

# मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में जीता कांस्य



**10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में पदक अपने नाम किया**

**पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं**

**221.7 के कुल स्कोर के साथ पदक अपने नाम किया**

**नई दिल्ली।** मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक दिलाते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गई है। उन्होंने 221.7 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पदकों के मामले में भारत अभी 17वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 5 पदकों के साथ पहले स्थान पर है जबकि चीन (4 पदक) और साउथ कोरिया (5 पदक) क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर है। अमरीका 5 पदक के साथ चौथे और फ्रांस 4 पदक के साथ पांचवें स्थान पर है।

**मनु भाकर के पिता बोले**

मनु की जीत पर पूरे देशवासियों को धन्यवाद कहूंगा, क्योंकि उन्होंने आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी और कठिन समय में भी साथ दिया। फेडरेशन ने भी बहुत साथ दिया। उसकी मां को विशेष तौर पर धन्यवाद कहूंगा, वह हमेशा मनोबल बढ़ाने का काम करती रही हैं।

**मनु की मां ने कहा**

मेरी सोसाइटी में सभी लोगों ने इकट्ठे होकर मनु के मैच को देखा है। आज बहुत बड़ा दिन है, बेटी ने बहुत अच्छा खेल दिखाया, सभी की मेहनत रंग लाई। अभी वह शूटिंग में और भी इवेंट में हिस्सा लेगी, इसके बाद जब वह देश आएगी, तो मैंने उसके स्वागत का खास प्लान बना रखा है।

**चिरंजीवी और राम चरण ने देखा सिंधु का मैच**



## बलराज पंवार नौकायन के पुरुष एकल स्कल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**एजेंसी। पेरिस**

भारत के बलराज पंवार रविवार को पेरिस ओलंपिक में रेपेचेज दो में दूसरे स्थान पर रहते हुए नौकायन (रोइंग) की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बलराज ने सात मिनट 12.41 सेकेंड का समय लिया और वह मंगोलिया के क्वेंटिन एंटोगनेली से पीछे रहे जो सात मिनट 10:00 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहे। प्रत्येक रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। पंवार पूरी रेस के दौरान दूसरे स्थान पर बने रहे। उन्होंने 500 मीटर की दूरी को एक मिनट 44:13 सेकेंड, 1000 मीटर की दूरी को तीन मिनट 33:94 सेकेंड और फिर 1500 मीटर की दूरी को पांच मिनट 23:22 सेकेंड में पार किया। इसके बाद उन्होंने 2000 मीटर की दूरी की रेस सात मिनट 12.41 सेकेंड में पूरी की। शनिवार को बलराज इसी स्पर्धा में सात मिनट 07:11 सेकेंड के समय से चौथे स्थान पर रहे थे और रेपेचेज दौर में पहुंचे थे।

## नडाल टेनिस शेड्यूल से नाखुश, छोड़ सकते हैं एकल स्पर्धा

**पेरिस।** राफेल नडाल ने पेरिस खेलों के शेड्यूल पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है, जिससे कार्लोस अल्काराज के साथ पुरुष युगल ओपनर में जीत के बाद शुरूआती एकल मैच में उनकी भागीदारी पर संदेह हो गया है। अल्काराज के साथ स्पैनियार्ड का युगल मैच, जहां स्पेनिश जोड़ी ने छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी को 7-6(4), 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, शनिवार रात करीब 10 बजे समाप्त हुआ, जबकि उनका एकल मुकाबला (पहले राउंड का मैच) रविवार दोपहर 2 बजे खेला जाना है। नडाल ने शनिवार शाम पेरिस में मीडिया से कहा, दोपहर 2:00 बजे का मैच मुझे शेड्यूल समझ में नहीं आता। जब मैं दो बजे खेल रहा होता हूं तो यह मेरे लिए अपमानजनक लगता है।

## अर्जुन बबूता 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे

**एजेंसी। शेटराउ (फ्रांस)**

भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता ने रविवार को यहां क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। 25 साल के बबूता ने 105.7, 104.9, 105.5, 105.4, 104.0 और 104.6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630.1 अंक जुटाए। बबूता सोमवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। वह शनिवार को रमिता जिंदल के साथ मिश्रित टीम फाइनल में जगह बनाने से चूक गए थे। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही थी।

वर्ष 2016 से राष्ट्रीय टीम में शामिल चंडीगढ़ के बबूता ने पिछले साल चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के जरिए ओलंपिक कोटा हासिल किया था। सेना के संदीप सिंह इसी स्पर्धा में 629.3 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

संदीप का इसके साथ ही पेरिस खेलों में अभियान खत्म हो गया। उन्होंने अप्रैल-मई में हुए चयन ट्रायल में विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल को पछाड़कर पहली बार ओलंपिक में खेलने का हक पाया था। चीन के शेंग लिहाओ 631.7 अंक के साथ क्वालीफाइंग दौर में शीर्ष पर रहे।



## महिला एशिया कप

# श्रीलंका ने पहली बार जीता फाइनल

**एजेंसी। दांबुला**



श्रीलंका ने चमारि अथापत्थु और हर्षिता समरविक्रमा की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करते हुए पहली बार महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। स्मृति मंधाना (60) और ऋचा घोष (30) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने रविवार को महिला एशिया कप के फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में श्रीलंका ने 18.4 ओवर में 167/2 के स्कोर के साथ खिताबी जीत अपने नाम की। अथापत्थु ने 43 गेंदों पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 61 और समरविक्रमा ने 51 गेंदों पर 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 69 रन की पारी खेली। इसके अलावा कविशा दिलहारी ने 16 गेंदों पर 1 चौके और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर जीत में अपना योगदान दिया।

आज यहां भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। सातवें ओवर में कविशा दिलहारी ने शेफाली वर्मा (16) को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नौवें ओवर में उमा छेत्री (9) रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

कप्तान हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (29) रन बनाकर आउट हुई। स्मृति मंधाना ने 47 गेंदों में 10 चौके लगाते हुये (60) रनों की पारी खेली। ऋचा घोष ने 14 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुये (30) रन बनाये। पूजा वस्त्रकर (5) और राधा यादव (1) रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी ने दो विकेट लिये। उदेशिका प्रबोधनी, सचिनी निसांसला और चमारी अट्टापटू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**भारत :** स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, उमा छेत्री, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, तनुजा कंवर, रेणुका ठाकुर सिंह

**श्रीलंका :** विशमी गुणरत्ने, चमारी अथापथु (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), हासिनी परेरा, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, उदेशिका प्रबोधनी, सचिनी निसानसाला

## मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर डोपिंग के लिए अस्थायी रूप से निलंबित

**पेरिस।** अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने कहा कि नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर को पेरिस ओलंपिक में अपनी शुरूआती लड़ाई से पहले डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इराकी जुडोका सज्जाद सेहेन और डोमिनिकन वॉलीबॉल खिलाड़ी लिसवेल ईव मेजिया के बाद ओलंपिक खेलों की शुरूआत के बाद से डोपिंग का यह तीसरा मामला है। आईटीए ने कहा, मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर से लिए गए एक नमूने में एक निर्दिष्ट प्रतिबंधित पदार्थ, फ़्यूरोसेमाइड के लिए एक प्रतिकूल विश्लेषणात्मक परिणाम सामने आया। 22 वर्षीय ओगुनसेमिलोर को सोमवार को -60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक टूनार्मेंट में पदार्पण करना था। ओगुनसेमिलोर को मामले की जानकारी दे दी गई है और विश्व डोपिंग रोधी संहिता और ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 पर लागू आईओसी डोपिंग रोधी नियमों के अनुरूप मामले का समाधान होने तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# सूर्यकुमार यादव ने की विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी

**सूर्यकुमार यादव ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के टी20आई कप्तान सूर्यकुमार यादव ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। टी20आई क्रिकेट में गौतम गंभीर और सूर्यकुमार युग की शुरूआत जीत के साथ हुई, जब भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में 43 रन से जीत दर्ज की।

कप्तानी का भार सूर्यकुमार के लिए अपने खेलने के गतिशील अंदाज को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं था। अपने हमेशा की तरह शानदार अंदाज और बेहतरीन शॉट चयन के साथ, भारतीय कप्तान ने शानदार पारी खेली और 223.08 की शानदार स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों पर 58 रन बनाए। श्रृंखला में 1-0 की बढ़त लेने के बाद भारत रविवार को मेजबान टीम के खिलाफ दूसरा टी20 मैच खेलेगा।

भारत के सीरीज में एक अंक से आगे निकलने के बाद 33 वर्षीय बल्लेबाज को 69 मैचों में टी20आई प्रारूप में 16वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 125 मैचों में 16 ढडळट पुरस्कार जीते हैं। सूर्यकुमार श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों में उनसे आगे निकलने की कोशिश करेंगे।

जिम्बाब्वे के अनुभवी ऑलराउंडर और टी20आई कप्तान सिकंदर रजा 91 मैचों में 15 पुरस्कारों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में टी20 विश्व कप के फाइनल में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की।

## एक नजर

### फरार आरोपी के घर चिपका इश्तेहार

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के पंसा पंचायत के रघुनाथपुर गांव में मेदिनीनगर न्यायालय के निर्देश पर हैदरनगर की पुलिस ने एक फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि रघुनाथपुर गांव निवासी अशोक सिंह का पुत्र रामलखन सिंह के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। उक्त आरोपी कांड संख्या 72 / 2021 में पोक्सो एक्ट का नामजद आरोपी है। जो लंबे समय से फरार रहने के साथ ही न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सका है। न्यायालय के निर्देशानुसार उक्त आरोपी के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपका दिया है। इसके बाद भी न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

### कांडी में ट्रेलर चालक की मौत

**गढ़वा।** कांडी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घोड़दाग निवासी अलियार यादव के 27 वर्षीय पुत्र ललन यादव, ट्रेलर चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक महीने पहले ललन को छत्तीसगढ़ के औरंगाबाद में टायर बनवाने के क्रम में टायर फट जाने से सिर में गम्भीर चोट लगी थी। तब ललन को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उसके बाद ठीक हो गया। एक महीने बाद पुनः दर्द बढ़ने लगा। इसके बाद 24 जुलाई को रांची रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान ललन ललन की मौत हो गयी। 26 जुलाई को ललन यादव का शव निवास स्थान घोड़दाग लाया गया। जानकारी मिलने पर समाजसेवी सह राजद प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह घोड़दाग पहुंचे और शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### सतबरवा में बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

मेदिनीनगर। अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर को सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने शनिवार को सदर अनुमंडल क्षेत्र के सतबरवा के सलैया व हलुमाड़ गांव में अवैध बालू के परिवहन व भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए पकडी। एसडीओ ने सलैया गांव में अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही 10 ट्रैक्टर अवैध बालू जो डंप कर एक स्थान पर भंडारित कर रखा गया था। उसे भी जब्त किया। इसके बाद हलुमाड़ गांव के औरंगा नदी से चार ट्रैक्टर जिसमें अवैध रूप से बालू लोड था। उसे भी जब्त किया। इस कार्रवाई में मौके पर सतबरवा सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की एवं सतबरवा थाना की पुलिस मौजूद थी। सभी के विरुद्ध सतबरवा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया। इस संबंध में एसडीओ श्री तिवारी ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है।उन्होंने कहा कि पूरे सदर अनुमंडल क्षेत्र में औचक रूप से निरीक्षण कर इसी तरह की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव के लिए तैयार : रंजन यादव

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटल द विलिस में राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राजद युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव विशिष्ट अतिथि राजद रांची नगर अध्यक्ष कमलेश यादव ,प्रदेश प्रवक्ता सह लातेहार युवा जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा के साथ-साथ राजद प्रदेश महासचिव रवि जायसवाल के अलावे लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी सुरेश राम ,रघुनंदन सिंह चेरो ,रघुपाल सिंह, संजय कुमार रवि मौजूद रहे जिन्हें युवा कार्यकताओं ने फूलमाला पहना अंग वस्त्र ओढा कर भव्य स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री रंजन यादव ने संबोधन कर कहा



कि झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल 24 सों सीट से पूरे मजबूती के साथ चुनाव के लिए तैयार है। कहा लातेहार जिला राजद का गढ़ रहा है राजद ने लातेहार चतरा लोकसभा सीट से सांसद और लातेहार से विधायक कई बार दे चुकी है। अगर पार्टी के आला कमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव श्री तेजस्वी यादव निर्णय देगी तो पार्टी लातेहार में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और सीट जीत कर देगी। मौके पर नए युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव को फूलमाला पहनकर शुभकामना दी ।साथ ही साथ नव मनोनीत बालूमाथ युवा प्रखंड अध्यक्ष संदीप उरांव, मनिका से युवा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव, बरवाडीह से युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहित कुमार, हेरहंझ युवा प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, चंदवा युवा प्रखंड अध्यक्ष देव सुंदर यादव, जिला कोषाध्यक्ष लातेहार मो.अतीक अंसारी ,लातेहार जिला सचिव मो एजाज अहमद ,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राम ,जिला महासचिव लातेहार दिलीप कुमार यादव जिला सचिव लातेहार हरदयाल यादव , तिवारी यादव

## पाटन में भाजपा की बैठक में पहुंचे पूर्व सांसद मनोज कुमार

**पाटन।** पाटन के किशुनपुर काली मंदिर परिसर के समीप रविवार को जन संघर्ष मोर्चा की एकदिवसीय बैठक हुई। बैठक मे 2019 की विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक पुष्पा देवी व



पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार को जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा समर्थन दिया गया था। कार्यकताओं के साथ उसकी समीक्षा की गई जिसकी अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने किया। कार्यक्रम की संचालन शैलेश मेहता ने किया। समीक्षा बैठक में वर्तमान विधायक पुष्पा देवी तथा पूर्व सांसद सभा भाजपा नेता मनोज कुमार का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहता था यह अपने कार्यकाल में बिजली पानी सिंचाई शिक्षा स्वास्थ्य सड़क इत्यादि के मुद्दे पर काफी विकास की धारा बहाते रहे। इन्होंने हमेशा क्षेत्र एवं जनता के बीच अपना भरपूर समय दिया है। इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए इस बार फिर जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा। फिर से 2024 विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर की माननीय विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार को सर्वसम्मति से समर्थन देने का निर्णय लिया है।

## न्यूज बॉक्स

### एक युवक पिछले दो दिन से लापता, परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई दर्ज

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड से एक उन्नीस वर्षीय युवक शुक्रवार शाम लगभग तीन बजे से लापता बताया जा रहा है।परिजनों से द्वारा काफी खोज बिन की गई लेकिन उसका अब तक कोई सुराग पता नही चल पाया है।वही लापता युवक के पिता विजय साव ने आज विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का आवेदन देकर पुलिस से उसे तलाशने में मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार,विजय साव मूल रूप से पलामू के पड़वा थाना अंतर्गत शखुई गांव का रहने वाले बताए जा रहे है। जो की अपने लापता हुए छोटे पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य दो बेटों के साथ पिछले दो सालों से विश्रामपुर के ब्लाक रोड के एक घर में किराए के मकान में रह कर दैनिक मजदूरी का काम किया करते थे।जिसमे छोटा बेटा थाना चौक पर भूंजा बेचने का काम तथा बड़ा बेटा व बाप मजदूरी का काम किया करता था।शुक्रवार शाम तीन बजे ओम प्रकाश अपने पिता को अपने घर सखुई जाने को कहा,जिसके बाद पिता अपने घर चला गया।वही रात को ओम प्रकाश विश्रामपुर के ब्लाक रोड में स्थित डेरा पर देर रात नही लौटा तो उसका भाई इसकी सूचना अपने पिता विजय साव को दी।



### मृतक के परिवार से मिले भाजपा नेता

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड के डाढ़ा पंचायत के डुमरी टोला निवासी लाल सहाय उरांव के पुत्र रविन्द्र उरांव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। मौत के बाद भाजपा नेता अमित कुमार ने शोक संतप्त परिवार से शनिवार को मुलाकात की। मृतक के घर जा कर मृतक की पत्नी रीता देवी, पिता लालसहाया उरांव एवं बच्चे और घर के अन्य परिवारों से मिल सांत्वना व्यक्त किया। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें कि मंगलवार को बालूमाथ के शेरेगड़ा के सवासार के समीप हुए हाइवा एवं टेलर के टक्कर में हाइवा चालक रविन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गये थे। गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़ गया है। भाजपा नेता अमित कुमार ने कहा कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उन्होंने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी लाभ देने की मांग की।

## पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने चार पंचायत के गांवों का किया दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** मेदिनीनगर के पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने रविवार को मेदिनीनगर भंडरीया विधानसभा के चार पंचायत बारी, पोंची , सतबरवा एवं दुलसुलमा के कई गांवों का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात कर हाल-चाल लेते हुए यहां की जन समस्याओं से रूबरू होते हुए।कई जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर की लोगों को सम्मानित किए। पोलपोल में सचिन कुमार, संतोष पांडे बारी में महेश्वर सिंह, निर्मल सिंह, पृथ्वीराम उमाकांत सिंह पोंची में पसस डा0 अशोक राम, केश्वर राम, सतीश सिंह चेरो, नामदेव मिस्त्री, सेजल लाल, डीलर अजय राम सतबरवा में जिप सदस्या सुधा कुमारी,पसस मधुलता देवी, सुरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद आर्य दुलसुलमा में राजदेव सिंह रंगबहादुर सिंह राजाराम सिंह प्रमोद सिंह तथा खाम्डीह में उदयनाथ चौधरी सभी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किए। तथा कंचन ढाबा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार सिर्फ अपनी पॉकेट भरने में लगी है। हर तरफ लूट मची हुई है। कहीं भी पब्लिक का कोई काम नहीं हो रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार निकम्मी हो गई है। इसका जवाब विधानसभा में ग्रामीण जनता देंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जलसहिया प्रीति गुप्ता, संदीप कुमार, संजय गुप्ता, सतीश साहू, अनिल गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं का भविष्य दूसरे राज्यों को बेच दिया : रितेश चौबे

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने हेमंत सरकार का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के युवाओं के भविष्य को दूसरे राज्यों के हाथों बेचने का काम किया है। नगर विकास एवं आवास विभाग में सहायक नगर निवेशक की बहाली में 28 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें 17 लोग दूसरे राज्यों से आने वाले हैं। आखिर किस नियमावली के तहत इतने बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों के लोगों को नौकरी दिया गया। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड के युवा पढ़ लिखकर नौकरी के लिए ठोकर खाने को विवश हैं, लेकिन झामुमो सरकार ने असम, हरियाणा, बिहार, तेलंगाना, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों के साथ बंदरबांट हुआ है। रितेश ने कहा कि झारखंड



में युवाओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले पीजीटी भर्ती परीक्षा में खुलेआम धांधली सामने आया लेकिन कोई जांच नहीं हुआ। कहा कि झामुमो सरकार में सिर्फ झारखंड से बाहर के लोग लाभ ले रहे हैं। हेमंत सरकार ने झारखंड के नियोजन नीति को ध्वस्त करते हुए दूसरे राज्यों के लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। कहा कि झामुमो ने खतियानी जोहार यात्रा का शुरूआत गढ़वा से किया और पूरे झारखंड में घुमाया। झामुमो 1932 खतियान का बात करता था, लेकिन धीरे-धीरे झामुमो का चाल चरित्र झारखंड के युवाओं के सामने स्पष्ट हो गया। झारखंड के युवाओं के प्रति हेमंत सरकार का सोच बेहद शर्मनाक है। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक को जनता के सामने स्पष्ट करना होगा। अन्यथा गढ़वा सहित पूरे झारखंड के युवा भ्रष्ट हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार बैठा है। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, महामंत्री विकास तिवारी, जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मोहम्मदगंज : इलाके में चोरी की घटनाएं बढीं, लोगों की नींद उड़ी

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। इससे लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। 3 को डाली के दो और 7 जुलाई को गजरही के एक घरों में चोरी की घटी घटना के बाद लोगों में भय व्याप्त है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि भी थाना क्षेत्र के रमजीता गांव में तीन अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाएं घटी हैं। जिनमें चोरों ने सुनसान घरों के ताले तोड़कर उनमें रखे सामानों को बिखेर दिया था। सुबह जब ग्रामीणों ने घरों के मुख्य गेट के ताले टूटे हुए देखे, तो उनके मालिकों को इसकी सूचना दी। तीनों घरों के मालिकों ने बाहर रहते ही दूरभाष के माध्यम से थाना को चोरी की घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार रमजीता गांव में जिनके घरों में चोरी हुई हैं, उनमें बड़े लाल सिंह, अरविंद सिंह और अरुण सिंह के नाम बताए गए हैं।

**रमजीता में एक ही रात 3 घरों से लाखों की संपत्ति की चोरी**

सूचना मिलते ही शुक्रवार सुबह एसआई हरेराम सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने छानबीन की। बाद में घटना के संबंध में भुक्तभोगी रणविजय सिंह उर्फ छोटे लाल ने शनिवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रणविजय सिंह जो, परिवार के साथ रांची में रहते हैं, घटना स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि घर के मुख्य गेट सहित तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने अंदर रखी अलमारियों और बक्सों के ताले भी तोड़ दिए थे। इस चोरी में कीमती गहने, दो एलईडी टीवी और अन्य सामानों सहित लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये के सामान चोरी होने की रिपोर्ट उन्होंने दर्ज कराई है। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## बिहारियों को घुसपैठिया बताने वाले बयान पर माफी मांगे कांग्रेस : कर्नल संजय सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने कांग्रेस विधायिका शिल्पी नेहा तिर्की के उस बयान को झारखण्ड को खंडित करने वाला तथा तुष्टिकरण से प्रेरित बताया है। जिसमें विधायिका ने बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों की तुलना बिहारियों से किया और उन्हें बाहर से आकर झारखण्ड में बसने वाला बताया। कर्नल संजय ने कहा कि माननीय विधायिका नेहा तिर्की को संविधान की पूर्ण जानकारी नहीं है, क्योंकि भारत देश में अभी तक दोहरी नागरिकता का कोई प्रावधान नहीं बनाया गया है।विधायका को समझना चाहिए कि बांग्लादेश के रोहंगिया तथा अन्य घुसपैठिया दूसरे देश से अवैध तरीके से संथाल एवं झारखंड के अन्य क्षेत्र में आकर बसे हैं ।जिनका आर्थिक बोझ सरकार को उठाना पड़ रहा



हैं। जिससे हमारे मूल निवासियों का हक मारा जा रहा है। कर्नल संजय ने आगे कहा कि पहले झारखण्ड भी बिहार का ही हिस्सा था और सीमाओं के बांटने से झारखण्ड के हुसैनाबाद सहित बिहार के बहुत क्षेत्रों के बेटी रोटी का संबंध नहीं टूटने वाला है। बिहारियों को बाहरी तथा घुसपैठिया बताकर उन्होंने झारखंड में रह रहे सभी झारखंडियों को बांटने की अपनी अज्ञानता को पूरे देश को बताया है ।साथ ही साथ एक ओछी राजनीति का परिचय भी दिया है। कर्नल संजय ने कहा कि संथाल में आदिवासियों के बदलते हुए डेमोग्राफी पर तमाम कांग्रेसी चुप है।लेकिन घुसपैठ पर प्रश्न उठते ही उनकी प्रतिक्रिया तुरंत आती है, जो एक ओछी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने इन घुसपैठियों को वोटर आई कार्ड और सरकारी दस्तावेज दिलाने का कार्य किया है, जो देश हित में नहीं है। जिसके लिये उच्च न्यायालय समय समय पर फटकार लगाते रहता है।आगे उन्होंने कहा कि यह मुस्लिम घुसपैठिए आदिवासियों के हक पर सीधा अतिक्रमण कर रहे हैं, जिसका विरोध भारतीय जनता पार्टी हमेशा करती रही है। लेकिन आज कांग्रेस ने अपनी सच्चाई दिखा दी कि उसकी नजर में बिहार और बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठिए एक समान है।उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस गैरज़िम्मेदाराना और झारखण्डियों को विभाजित करने वाला बयान पर अविलंब माफी मांगने को कहा है।

## महिला ने एसपी से की पुलिस पर मोबाइल छीनने और दुर्व्यवहार करने की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत के टोला कोठी पर निवासी तबसुन आरा पति मो. मसकूर अंसारी ने पलामू के पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर स्थानीय पुलिस पर मोबाइल छीनने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाई है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि मेरे घर पर गत शुक्रवार की शाम हैदरनगर थाना से करीब छह - सात की संख्या में पुलिस के आने पर उनकी बड़ी गोतनी मजलूम बीबी बाहर निकलकर पूछी तो उनलोगों ने बताया कि थाना से बड़ा बाबू उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि एकराम अंसारी पिता स्व. सकूर अंसारी के घर तरफ तार जाली से घेरावा कर दी है। जिसे तार का घेरावा व पांच फीट लकड़ी का खूंटा नहीं हटाने पर जेल में डालने की धमकी दी गई। उन्होंने पुलिस को अंचल पदाधिकारी के आदेश व अमीन से नापी कराकर खूंटागड़ी किए जाने की जानकारी भी दी गई है। बावजूद उन्हें कहा



गया कि सीओ, अमीन को नहीं मानते है, जो पुलिस कह रही है करना होगा। जिस पर सरकारी अमीन का खूंटा नहीं हटाने पर बल प्रयोग के साथ दुर्व्यवहार भी स्थानीय पुलिस ने किया। पुलिस बल द्वारा जबरन खूंटा उखाड़ने का अपने मोबाईल से फोटो व वीडीयो लेने के क्रम में उनके हाथ मरोड़ कर पुलिस पर मोबाइल छीनने का भी आरोप लगाई है। इसी बीच मंझीला ससूर के लड़का इस्तेयाक अहमद के आने और पूछे जाने पर पुलिस बल उनसे भी उलझ गई। आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक से स्वयं या अपने स्तर से जांच कराकर जानमाल की सुरक्षा देने व दोषी आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह की है।

## पोकलेन से दबकर आंध्र प्रदेश में युवक की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** पूर्वी पंचायत के आंध्र प्रदेश में कमाने गए युवक का काम करने के दौरान पोकलेन से दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गया। मौत के खबर सुनते ही परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है जानकारी के अनुसार गौरी महतो के पुत्र जग्गू महतो उम्र लगभग 35 वर्ष कुछ दिन पहले आंध्र प्रदेश के पिन्नापुरम कलाबोगा में एएमआर कंपनी में रोलर के ड्राइवर का काम करता थो। रोलर खराब होने पर मिस्त्री बुलाकर काम करवा रहा था। उसी ओर से पोकलेन मशीन गुजर रहा था जो उसके सिर पर चढ़ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना 25 जुलाई की है। मृतक जग्गू महतो का डेड बॉडी एंबुलेंस से साथी हबीब अख्तर, शमशाद अंसारी, सनोज कुमार ने रविवार के सुबह जैसे ही शव को लेकर घर पहुंचे बड़ी संख्या में लोग देखने के लिए उपस्थित हो गए। पंचायत के मुखिया रामसागर महतो ने उपस्थित होकर परिवार के लोगों को सांत्वना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद करने आश्वासन दिया। मृतक जग्गू महतो अपने पत्नी के अलावा दो बच्चे लड़की 12 वर्ष और लड़का 10 वर्ष पत्नी के सहारे छोड़ गए।

## पलामू में पत्नी की पत्थर से कूचकर हत्या, बेटी को भी मारने की कोशिश



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत उल्मान घाटी जंगल में एक अधेड़ ने पत्नी की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। बेटी की भी जान लेने की कोशिश की। उसे भी पत्थर से मारा औ? मृत समझ कर जंगल में फेंक दिया। हालांकि, दिन और रातभर जंगल में पड़े रहने के बाद सुबह होश आने पर बेटी जख्मी हालत में नानी के घर पहुंची। इसके बाद इस घटना की जानकारी परिजन एवं ग्रामीणों को हुई। सूचना मिलने के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी राजेश रंजन और हुटार पिकेट प्रभारी रविकांत उरांव मौके पर पहुंचे। कई घंटों की मशक्कत के बाद रविवार दोपहर आरागड़ा जंगल से महिला का शव मिला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेजने की तैयारी की जा रही है। किशोरी को एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। महिला की पहचान 45 वर्षीय मरियम देवी के रूप में हुई है जबकि हत्या की कोशिश करने वाला अधेड़ उसका पति 50 वर्षीय देवानाथ कोरवा है। घटना के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# झारखंड खुला विश्वविद्यालय रांची के अध्यन केंद्र का पलामू में हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड अंतर्गत खुला झारखंड राज मुक्त विश्वविद्यालय रांची का अध्यन केंद्र सरईडीह, नौडीहा बाजार, पलामू में दिनांक 28 जुलाई 2024 को समय पूर्वाहन 11:00 बजे उद्घाटन किया गया झारखंड के पूर्व डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस डीआईजी आदरणीय श्री संजय रंजन के कर कमलों द्वारा किया गया झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची का अध्ययन केंद्र आरएमएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (रामचंद्र सरस्वती मानव कल्याण फाउंडेशन के अधीन) के समन्वयक दीपक कुमार ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया। अध्ययन केंद्र का उद्घाटन करते हुए श्री संजय रंजन पूर्व डीआईजी ने कहा कि इससे



पलामू और आसपास के विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलेगा उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री संजय रंजन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र खुलने से विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों की अभिरुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर विभिन्न तरह की शिक्षा घर बैठ कर सकते हैं रेगुलर कोर्स के साथ-साथ अपने अभिरुचि के अनुसार अपने पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने का अवसर इस अध्ययन केंद्र से प्राप्त होगा कुछ लोगों ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बिना नियमित रूप से संस्थान में जाए बिना इस अध्ययन केंद्र से घर बैठे या कोई भी काम करते हुए डिग्री प्राप्त कर सकते हैं अध्ययन केंद्र खोलने से इस क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में उच्च शिक्षा का स्तर और बढ़ेगा वही नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार दिवेदी ने कहा कि यह पलामू क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा इस अध्ययन केंद्र में प्रारंभिक समय में खुला विश्वविद्यालय के अंतर्गत छात्रों को वर्तमान में तीन तरह के पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे पहला 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, दूसरा 12 महीने का डिप्लोमा कोर्स और तीसरा 18 महीने का पीजी डिप्लोमा कोर्स है तथा सामान्य स्नातक वह स्नातकोत्तर के कोर्स यूजीसी से स्वीकृति मिलते ही शुरू होंगे। इसके साथझसाथ इस शिक्षण संस्थान में ग्रामीणों के हित के लिए कंप्यूटर सेंटर का भी शुभारंभ किया गया।इससे ग्रामीण स्तर में रह रहे बच्चो को डिजिटल सुविधा प्राप्त होगी। वही कॉर्डिनेटर दीपक कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में यहां इस संस्थान में वोकेशनल कोर्स भी कराए जायेंगे।जिसे बच्चे अपने अनुकूल विषय का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

## पेज एक का शेष

### पकरी-बरवाडीह खदान...

एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव और फैज तैयब को पुरस्कार प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अलावा, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) प्रदर्शनी स्टॉल को कोयला क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल घोषित किया गया, जो खनन कार्यों में सुरक्षा और उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण को उजागर करता है। इस कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, सीआईएल सहायक कंपनियों के सीएमडी और निदेशक, एनएमडीसी, एमओआईएल, एचसीएल, सेल, यूसीआईएल के सीएमडी और निदेशक और टाटा स्टील और हिंडाल्को जैसी प्रमुख निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया।]

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस आज, होंगे कई कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाघों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर झारखंड में भी कई आयोजन हो रहे हैं। खासकर के पलामू टाइगर रिजर्व में बाध संरक्षण पर कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में बाघों के संरक्षण पर बात की और कहा कि सोमवार को दुनिया भर में टाइगर डे मनाया जाएगा। भारत में तो बाघ हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। हम सब बाघों से जुड़े किस्से-कहानियां सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरूआत साल 2010 में हुई थी। रूस में एक टाइगर समिट में बाघ रेंज के देशों ने बाघ संरक्षण पर चर्चा की थी। उसी सम्मेलन में हर साल 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाने का फैसला किया गया था। भारत सरकार ने 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य देश में बाघों की संख्या को बढ़ावा देना और उनके आवासों की सुरक्षा करना है। इस परियोजना के तहत कई टाइगर रिजर्व भी स्थापित किए गए हैं। साथ ही बाघ संरक्षण के लिए विशेष नीतियां भी बनाई गई हैं। भारत में अभी कुल 54 टाइगर रिजर्व हैं। झारखंड में भी पलामू टाइगर रिजर्व है।

**खाल, हड्डियों और अन्य अंगों के लिए होता है अवैध शिकार :** बाघों की घटती संख्या के कारणों की बात करें तो उनकी खाल, हड्डियों और अन्य अंगों की मांग की वजह से उनका अवैध शिकार किया जाता है। जंगल भी लगातार कम हो रहे हैं, यही वजह है कि बाघ पास की बस्तियों और इलाकों पर हमले करते हैं। अनुकूल वातावरण न होने के कारण इसका असर बाघों के जीवन पर पड़ रहा है।



**2010** में रूस के एक टाइगर समिट के बाद हुई थी अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरुआत

**1973** में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी भारत ने बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए

## त्रिपुरा में घुसपैठ के आरोप में 23 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**अगरतला।** त्रिपुरा में घुसपैठ के आरोप में कम से कम 23 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार नागरिकों में एक दलाल भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शनिवार रात अगरतला रेलवे स्टेशन पर बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। वे एक ट्रेन से गुवाहाटी जाने की कोशिश में थे, जहां से उनकी दूसरे भारतीय राज्यों में जाने की योजना थी। बांग्लादेश के राजशाही डिवीजन में चपईनवाबगंज जिले से आए नागरिकों की उम्र 19 से 40 साल के बीच है। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। इन बांग्लादेशी नागरिकों ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि वे नौकरी की तलाश में भारत आए हैं।

# 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी मिलकर करें काम : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भाजपा मुख्यमंत्री परिषद' की बैठक में केंद्र और सभी राज्यों के मिलकर लोक कल्याण के लिए काम करने का आह्वान करते हुए कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य निश्चित तौर पर हासिल हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पार्टी मुख्यालय में 'भाजपा मुख्यमंत्री परिषद' की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हो गया। भाजपा सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्त्रबुद्धे ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य हम निश्चित हासिल कर पाएंगे। 'विरासत का विकास' और 'विकास की विरासत' का निर्माण, इन दोनों का हमारी 'विकसित भारत' की संकल्पना में विशेष महत्व है। इसका भी ध्यान हम सभी को निरंतर रखना चाहिए।




विनय सहस्त्रबुद्धे ने आगे बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में हुई 'मुख्यमंत्री परिषद' की बैठक में भाजपा शासित सभी राज्यों के 13 मुख्यमंत्री और पार्टी के 15 उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन के एजेंडे के तहत इस तरह की 'मुख्यमंत्री परिषद' का आयोजन समय-समय पर होता आया है। वर्तमान वर्ष 2024 का यह दूसरा आयोजन था। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'नई शिक्षा नीति' के क्रियान्वयन में राज्य सरकारों की भूमिका की चर्चा करते हुए यह भी विस्तार से बताया कि इसके क्रियान्वयन में राज्य सरकारों से क्या-क्या कदम उठाने की उम्मीद है। कुछ भाजपा शासित राज्यों द्वारा अपनाए गए नवाचार प्रेरित और सुशासन केंद्रित प्रयासों के संदर्भ में कुछ चयनित प्रयासों की चर्चा करने वाले प्रजेंटेशन भी हुए।

## गोलन हाइट्स में रॉकेट हमले में 10 की मौत, हिजबुल्लाह का हमले से इनकार

**यरूशलेम।** इजरायल नियंत्रित गोलन हाइट्स के मजदल शम्स के ड्रूज शहर में एक फुटबॉल मैदान में रॉकेट हमले में बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गई है। इजरायली मीडिया की ओर से ये जानकारी दी गई है। हेलीकॉप्टर और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया, घायलों को जिव मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने इजरायली सरकारी ब्रॉडकास्ट कान टीवी का हवाला देते हुए बताया। देश की आपातकालीन चिकित्सा सेवा मैगन डेविड एडोम के एक वरिष्ठ डॉक्टर इदान अवशालोम ने कहा, "हम मैदान पर पहुंचे।

## तेहरान, बर्लिन ने जर्मनी में इस्लामिक केंद्रों को बंद करने पर विचार-विमर्श किया

**तेहरान।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बाघेरी कानी और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने फोन पर यूरोपीय देश जर्मनी में इस्लामिक केंद्रों को बंद करने पर अपने विचारों पर चर्चा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के एक बयान के हवाले से बताया, अली बाघेरी कानी ने शनिवार को जर्मनी सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जर्मन सरकार का यह फैसला पूरी तरह से राजनीतिक है और इससे दोनों देशों के संबंध खराब होंगे। उन्होंने विशेष रूप से इस्लामिक सेंटर हैम्बर्ग (आईजेडएच) को बंद करने की निंदा की।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** पर्यावरण विज्ञान, विज्ञान की वह ब्रांच है, जिसमें वैज्ञानिक विषयों की एक विस्तृत सीरीज शामिल है। इन विषयों को प्राकृतिक पर्यावरण के आधार पर एक साथ ग्रुप में लाया जाता है, जिसमें वह शामिल होते हैं। इनमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो केमिकल शामिल हैं। भूगर्भ, भूजल, मिट्टी विज्ञान, पेड़-पौधे, रासायनिक और जैविक घटकों का अध्ययन पर्यावरण विज्ञान में शामिल है। पर्यावरण विज्ञान का अध्ययन करने का सबसे आसान तरीका दुनियाभर में ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियर के पिघलने और बहुत कुछ के रूप में पर्यावरण के लिए काम करने का है। पर्यावरण विज्ञान के तहत स्टूडेंट्स को पर्यावरण से संबंधित जानकारी का विश्लेषण और रिसर्च करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। रिसर्च प्रोजेक्ट्स, रिसर्च और फील्डवर्क भी इसमें मुख्यता शामिल हैं।

# पर्यावरण विज्ञान में बना सकते हैं अपना करियर

### पर्यावरण विज्ञान के विषय क्षेत्र
- पर्यावरण, विकास और समाज
- धरती और वायुमंडलीय विज्ञान
- इंट्रोडक्शन टू एग्रीकल्चर एंड फूड सिस्टम
- इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट
- पर्यावरण जीव विज्ञान
- प्रैक्टिसिंग आर्कियोलॉजी: मेथड्स एंड एप्रोचेज
- सस्टेनेबल डेवलपमेंट
- इवोल्यूशनरी बायलॉजी
- एनवायरनमेंट: साइंस ऐंड सोसाइटी
- सस्टेनेबल रिसोर्स मैनेजमेंट
- इंट्रोडक्शन टू ग्लोबल डेवलपमेंट

### पर्यावरण विज्ञान कोर्स क्यों करें
- स्टूडेंट्स प्रकृति को संतुलित रखने के बारे में सीखेंगे।
- स्टूडेंट्स वातावरण, हवा और पानी को शुद्ध रखने और रिसर्च कर लोगों को सही प्रयोग के बारे में बताएंगे।
- ग्लोबल वार्मिंग और भूजल दोहन की रोकथाम और उसे समाधान निकालेंगे।
- स्टूडेंट्स के लिए जॉब्स की अपार संभावनाएं हैं, प्राइवेट और सरकारी संस्थाओं के साथ ही एनजीओ के साथ जुड़ सकते हैं।
- पर्यावरण जीवविज्ञानी, पर्यावरण इंजीनियर, पर्यावरविद् और पर्यावरण जर्नलिस्ट के रूप में काम करने के अवसर मिलेंगे।

### पर्यावरण विज्ञान के कोर्सेज
- सर्टिफिकेट एंड डिप्लोमा कोर्सेज इस प्रकार हैं-
- सर्टिफिकेट इन एनवायरोमेंटल स्टडीज
- सर्टिफिकेट कोर्स इन एनवायरोमेंटल साइंस
- डिप्लोमा इन एनवायरोमेंटल साइंस
- ग्लोबल एनवायरोमेंट मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एनवायरोमेंटल प्रोटेक्शन
- डिप्लोमा इन एनवायरोमेंटल लॉ

### पर्यावरण विज्ञान के लिए प्रवेश परीक्षाएं
- जवाहर नेहरू यूनिवर्सिटी एंट्रेस एग्जाम
- फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट एंट्रेस एग्जाम
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी एंट्रेस एग्जाम
- यूपीएसईई
- गेट
- पीजीईसीईटी



### बैचलर और मास्टर्स कोर्सेज इस प्रकार हैं-
- बैचलर ऑफ एनवायरोमेंटल मैनेजमेंट
- बीएससी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- एमए एनवायरोमेंट एंड डेवलपमेंट
- एमएससी एनवायरोमेंटल साइंस
- एमएससी एनवायरोमेंटल स्टडीज
- पोस्ट ग्रेजुएशन इन एनवायरोमेंट
- मास्टर ऑफ फिलॉसफी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- एमएससी इन एनवायरोमेंटल मैनेजमेंट

### भारतीय यूनिवर्सिटीज
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी
- दिल्ली यूनिवर्सिटी
- जवाहर नेहरू यूनिवर्सिटी (जेनएनयू)
- चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी
- बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी
- अन्ना यूनिवर्सिटी
- मद्रास यूनिवर्सिटी
- राजस्थान यूनिवर्सिटी
- निम्स यूनिवर्सिटी, जयपुर
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
- आईआईटी बॉम्बे
- हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू)
- दिल्ली पीईएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- इगनू दिल्ली
- एलपीयू, जालंधर

### विदेशी यूनिवर्सिटीज
- जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी, अमेरिका
- टोरंटो यूनिवर्सिटी, कनाडा
- कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, अमेरिका
- नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर
- मेलबर्न यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया
- हांगकांग यूनिवर्सिटी
- मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा
- उप्साला यूनिवर्सिटी, स्वीडन

## पर्यावरण विज्ञान के बाद करियर स्कोप

पर्यावरण अध्ययन सबसे अधिक प्रासंगिक विषयों में से एक है, जिसमें सस्टनेबेल डेवलपमेंट पर जोर दिया जा रहा है। इसमें करियर के कई अवसर हैं। पर्यावरण विज्ञान के कोर्सेज या पढ़ाई के बाद संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूएचओ जैसे बड़े संगठन विभिन्न परियोजनाओं के लिए पर्यावरणविदों की भर्ती, पर्यावरण इंजीनियर, इनवायरोमेंट जर्नलिस्ट, पर्यावरण कंसल्टेंट आदि पोस्टों पर जॉब्स रहती हैं। पर्यावरण अध्ययन ग्रेजुएट्स की मदद, नेशनल और ग्लोबल मंचों पर ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, वायु गुणवत्ता और ओजोन रिक्तीकरण आदि से लड़ने और नीतियां बनाने में ली जाती है। रिसर्च सेंटर्स, वॉटर मैनेजमेंट रिसोर्सेज, एनजीओ, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड्स, इंजीनियरिंग फर्म्स, मीडिया इंडस्ट्री में जॉब्स की अपार संभावनाएं हैं। पर्यावरण विज्ञान के कोर्सेज के बाद आपको गवर्नमेंट जॉब्स के भी कई अवसर मिलते हैं।

## पर्यावरण विज्ञान कोर्स करने के बाद जॉब प्रोफाइल्स

- एनवायरोमेंट जर्नलिस्ट
- एनवायरोमेंट कंसल्टेंट
- एनवायरोमेंट फोटोग्रॉफर
- लेक्चरर
- पॉल्यूशन कंट्रोल ऑफिशर
- डायरेक्टर ऑफ बेस्ट मैनेजमेंट
- कमर्शियल हार्टिकल्चरिस्ट
- एनवायरोमेंटल केमिस्ट
- हॉर्टिकल्चर थेरेपिस्ट
- मरीन बायोलॉजिस्ट
- लैंडस्केप आर्किटेक्ट
- एनवायरोमेंटल मैनेजर
- नेचर कंजर्वेशन ऑफिसर
- वेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएट
- रीसाइक्लिंग ऑफिसर

